

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 128 | शनिवार, 20 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण पंचम विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## 15 दिन इंतजार करें, दूध का दूध-पानी का पानी हो जाएगा: योगी

**राम मंदिर चंदा विवाद पर बोले मुख्यमंत्री, एसआईटी जांच पूरी होने तक बयानबाजी से बचने की अपील**


- » राम मंदिर चंदा विवाद की जांच के लिए एसआईटी का गठन
- » सीएम योगी ने 15 दिन इंतजार करने और बयानबाजी से बचने की अपील की
- » कांग्रेस और सपा पर अयोध्या को बदनाम करने का आरोप

■ अयोध्या

अयोध्या में एक बड़े विकास कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा चोरी विवाद पर सख्त रुख अपनाते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन कर दिया है और बहुत जल्द सच्चाई जनता के सामने आ जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे जांच पूरी होने तक किसी भी तरह की अफवाह या राजनीतिक बयानबाजी से दूर रहें और 15 दिन का इंतजार करें, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में 291 करोड़ रुपये की लागत वाली 245 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या अब केवल धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि आधुनिक विकास का एक बड़ा केंद्र बनती जा रही है। सीएम ने कहा कि यह वही अयोध्या है जिसे वर्षों तक विकास से वंचित रखा गया, लेकिन अब यहां सड़क, बुनियादी ढांचा, पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में अयोध्या विश्व स्तर पर एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राम मंदिर से जुड़े कथित चंदा चोरी विवाद पर विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया। सीएम योगी ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी व्यक्ति या संगठन के पास कोई भी दस्तावेज या सबूत है, तो उसे जांच एजेंसी को सौंपा जाना चाहिए, ताकि पूरी पारदर्शिता के साथ मामले का खुलासा हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार इस पूरे मामले में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतेगी और सच को सामने लाकर रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण में लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस समय किसी भी तरह की राजनीतिक बयानबाजी या अफवाहें जांच को प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने कहा, हमने राम मंदिर के लिए 500 साल तक संघर्ष किया है। अब अगर 15 दिन और इंतजार करना पड़े तो यह कोई बड़ी बात नहीं है। सरकार पूरी तरह पारदर्शिता के साथ काम कर रही है और जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी। सीएम ने यह भी कहा कि भगवान राम ने हमें मयार्दा का संदेश दिया है, इसलिए सभी को भी उसी मयार्दा का पालन करना चाहिए और किसी भी तरह की भड़काऊ राजनीति से बचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जिन दलों ने पहले राम मंदिर के मुद्दे को नकारा और विरोध किया, वही आज अयोध्या और राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने एक समय अदालत में भगवान राम के अस्तित्व को ही नकारने की कोशिश की थी। वहीं समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि उनके शासनकाल में राम भक्तों पर गोलियां चलाई गई थीं। सीएम योगी ने कहा कि यह वही दल हैं जो आज अयोध्या को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जानती है और सच्चाई को समझती है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि राम मंदिर चंदा विवाद की जांच पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है। सभी जरूरी अधिकार दिए गए हैं ताकि वह बिना किसी दबाव के जांच कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मामला संवेदनशील है, इसलिए सभी पक्षों को संयम रखना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरी सच्चाई सामने आएगी और तब तक किसी भी तरह की अटकलों से बचना चाहिए। अयोध्या में हुए इस बड़े कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ओर विकास परियोजनाओं की सौगात दी, वहीं दूसरी ओर राम मंदिर चंदा विवाद को लेकर विपक्ष पर तीखा राजनीतिक हमला भी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार जांच में पूरी गंभीरता और पारदर्शिता बरत रही है और जल्द ही सभी सवालों के जवाब सामने आ जाएंगे।



### अयोध्या को बदनाम करने की साजिश

सीएम योगी ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल अयोध्या की छवि को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि वर्षों से इस तरह की मानसिकता देखने को मिलती रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विकास और सम्मान के रास्ते पर आगे बढ़ने से रोकने के लिए कई प्रकार की कोशिशें की गईं, लेकिन अब यह शहर एक नए युग में प्रवेश कर चुका है।

### पिछली सरकारों पर निशाना

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की सरकारों पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने अयोध्या और प्रदेश के विकास की अनदेखी की और केवल सीमित कार्यों में उलझी रहीं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछली सरकारें कब्रिस्तान की बाउंड्री जैसे मुद्दों में उलझी रहीं, जबकि वीरांगना झलकारी बाई जैसी महान विभूतियों के सम्मान की उपेक्षा की गई। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने वीरों और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के सम्मान के लिए कई कार्य किए हैं और अयोध्या के सांस्कृतिक गौरव को पुनः स्थापित किया है।

**पैदल चलना लोगों का मौलिक अधिकार**

## फुटपाथ पर राहगीरों का हक सबसे पहले: एससी

- » सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ उपलब्ध कराना सरकार और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी
- » स्थानीय निकायों को सुरक्षित, स्पष्ट और अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ सुनिश्चित करने के निर्देश



### सरकार और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी तय

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों, नगर पालिकाओं और पंचायतों की जिम्मेदारी भी तय की है। अदालत ने कहा कि जहां सड़क है, वहां सुरक्षित और स्पष्ट रूप से चिन्हित फुटपाथ होना अनिवार्य है। न्यायालय के अनुसार संबंधित स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी केवल फुटपाथ का निर्माण करना ही नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखरेख, मरम्मत और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करना है।

### फुटपाथ पर पहला अधिकार पैदल यात्रियों का

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़कों पर पैदल यात्रियों का अधिकार सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि फुटपाथ विशेष रूप से राहगीरों के लिए बनाए जाते हैं और उन पर किसी अन्य गतिविधि को प्राथमिकता नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने टिप्पणी की कि देश के अधिकांश शहरों में फुटपाथों पर अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, अस्थायी दुकानें और अन्य बाधाएं आम हो चुकी हैं। इसके कारण पैदल यात्रियों को मजबूर होकर सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। अदालत ने कहा कि यह स्थिति न केवल प्रशासनिक विफलता को दर्शाती है बल्कि नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन करती है।

■ नई दिल्ली

देशभर के करोड़ों पैदल यात्रियों के अधिकारों को मजबूती प्रदान करने वाले एक महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि निर्धारित फुटपाथों पर चलना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सड़कों और फुटपाथों का प्राथमिक उपयोग पैदल चलने वालों की सुरक्षा और सुविधा के लिए होना चाहिए तथा इस अधिकार को मोटर वाहनों की आवाजाही पर प्राथमिकता दी जानी चाहिए।


शीर्ष अदालत का यह फैसला एक सड़क दुर्घटना मामले की सुनवाई के दौरान आया, जिसमें स्कूल जा रहे एक पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी। फैसले में अदालत ने न केवल पैदल यात्रियों के अधिकारों की व्याख्या की, बल्कि सरकारों, नगर निकायों और विकास प्राधिकरणों की जिम्मेदारियों को भी स्पष्ट किया। कानूनी विशेषज्ञ इस फैसले को शहरी विकास और नागरिक अधिकारों के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय मान रहे हैं।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदूरकर की पीठ ने कहा कि पैदल चलना केवल एक सामान्य गतिविधि नहीं, बल्कि संविधान द्वारा संरक्षित एक मौलिक अधिकार है। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(f) के तहत प्रत्येक नागरिक को देश में स्वतंत्र रूप से घूमने-फिरने का अधिकार प्राप्त है और पैदल चलना इसी अधिकार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पीठ ने यह भी कहा कि पैदल यात्रियों का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से भी जुड़ा हुआ है। यदि किसी व्यक्ति को सुरक्षित रूप से चलने का अवसर नहीं मिलता, तो उसके जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी आधुनिक और लोकतांत्रिक समाज में पैदल चलने वालों को सड़कों पर सबसे अधिक संरक्षण मिलना चाहिए, क्योंकि वे यातायात व्यवस्था का सबसे कमजोर और असुरक्षित वर्ग होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में नागरिकों को एक महत्वपूर्ण कानूनी अधिकार भी प्रदान किया है। अदालत ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के सुरक्षित रूप से पैदल चलने के अधिकार का उल्लंघन होता है तो वह संवैधानिक और कानूनी उपायों का सहारा ले सकता है। नागरिक संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सकते हैं, अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं और आवश्यक होने पर मुआवजे की मांग भी कर सकते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह अधिकार मोटर वाहन अधिनियम के तहत उपलब्ध अधिकारों से अलग और स्वतंत्र होगा।

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ा ब्रह्मोस का रुतबा**

## अब रूस भी खरीदेगा भारत की मिसाइल

■ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर में शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रह्मोस मिसाइल ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है, जिसके चलते इसकी वैश्विक मांग कई गुना बढ़ गई है। यही कारण हैं कि अब रूस भी सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस को अपनी सशस्त्र सेनाओं में शामिल करने का इच्छुक है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जयतीर्थ जोशी ने गुरुवार को नागपुर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, रूस के साथ इस संबंध में बातचीत जारी है और मौजूदा वैश्विक सुरक्षा परिस्थितियों को देखते हुए ब्रह्मोस मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने पर भी चर्चा हो रही है। नागपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा, रूस ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि वह ब्रह्मोस मिसाइलों की संख्या बढ़ाना चाहता है। रूस के पास पहले से ही ब्रह्मोस कार्यक्रम से जुड़े अपने औद्योगिक साझेदार मौजूद हैं, लेकिन वर्तमान सुरक्षा हालात को देखते हुए उसकी आवश्यकता पहले से अधिक हो गई है।

## अगरतला जा रही इंडिगो की फ्लाइट पर गिरी बिजली

कोलकाता



भारतीय विमानन प्राधिकरण (एएआई) के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को आंधी-तूफान के दौरान कोलकाता हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो के एक विमान पर बिजली गिर गई। यह घटना जब आंधी-तूफान और बारिश की स्थिति के बीच हुई, जिसके लिए हवाई अड्डा संचालन नियंत्रण केंद्र (एओसीसी) ने मौसम संबंधी चेतावनी जारी की थी।

उन्होंने आगे बताया कि इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। इंडिगो की फ्लाइट का विमान एयरोब्रिज 56L पर खड़ा था, तभी बिजली गिरी। अधिकारी ने बताया कि एहतियात के तौर पर एयरलाइन ने यात्रियों को विमान से उतार दिया, जो बाद में दूसरे विमान (वीटी-आईसीडी) से रवाना हो गए। जब विमान पर बिजली गिरी, तो उसमें 141 यात्री और छह क्रू सदस्य

### दो ग्राउंड स्टाफ को मामूली चोट लगी

इंडिगो के अनुसार, दो ग्राउंड स्टाफ मामूली रूप से प्रभावित हुए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अधिकारी ने बताया कि बाद में उनकी हालत सामान्य हो गई। कोलकाता और आसपास के जिलों में शुक्रवार सुबह से ही आंधी-तूफान और बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में जलभराव हो गया है और यातायात बाधित हो गया है।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों की कार्रवाई एक उग्रवादी ढेर, 7 गिरफ्तार

■ इंफाल

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें तीन विभिन्न उग्रवादी संगठनों से जुड़े हुए हैं। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में गोला और बारूद बरामद किया है। इसके अलावा, सुरक्षाबलों ने विभिन्न जिलों में बनाए गए 39 बंकरों को भी ध्वस्त किया। साथ ही, यूकेएनए उग्रवादी भी इस संयुक्त कार्रवाई में मारा गया है। रक्षा प्रवक्ता के मुताबिक, यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) का एक कैडर मारा गया। इसके अलावा, भारतीय सेना और असम राइफल्स ने चुराचांदपुर जिला में संयुक्त कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा गोला और बारूद बरामद किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) और कांगलेइपाक की समाजवादी क्रांतिकारी पार्टी (सोरेपा) के संगठन से तीन उग्रवादियों को इंफाल के बिष्णुपुर जिले से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार हुए सभी उग्रवादी कई प्रकार की हिंसक और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। अधिकारियों के मुताबिक, कांगपोकपी जिले में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है।

## छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष बने संजय अग्रवाल

■ रायपुर

बिलासपुर निवासी संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। वे इससे पहले भी छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित अन्य कई राज्यों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी जीवनशैली के प्रचार-प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने उनके अनुभव और कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग द्वारा यह आदेश जारी किया गया। यह नियुक्ति अधिसूचना दिनांक 25 अप्रैल 2017 तथा योग आयोग नियम-2017 के प्रावधानों के तहत की गई है। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग द्वारा राज्यपाल के नाम से जारी किया गया है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने योग आयोग के अध्यक्ष बनने पर संजय अग्रवाल को बधाई दी है। मालूम हो कि मई में रूपनारायण सिन्हा के निधन के बाद से योग आयोग में अध्यक्ष का पद खाली पड़ा था।

## संयुक्त अरब अमीरात में 15 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंधित

■ नई दिल्ली



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सरकार ने गुरुवार को एक नया नियम पास किया है। इस नियम के तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चे अब अपने खुद के सोशल मीडिया अकाउंट नहीं बना सकेंगे और न ही उसे चला सकेंगे। यानी ये बच्चे सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट नहीं डाल सकेंगे, किसी पोस्ट पर कमेंट नहीं कर सकेंगे, कुछ शेयर नहीं कर सकेंगे। जो बच्चे 15 और 16 साल की उम्र के हैं, उन्हें सोशल मीडिया चलाने की इजाजत होगी, लेकिन इसके लिए कुछ खास सुरक्षा फीचर्स लगाए जाएंगे।

**उम्र चेक करने के मजबूत तरीके अपनाने होंगे:** सभी कंपनियों को अब उम्र चेक करने के मजबूत तरीके अपनाने होंगे। इसके लिए डिजिटल आईडी चेक और एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाली टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। उम्र का सही सबूत देना जरूरी होगा। प्लेटफॉर्म्स को यह भी करना होगा कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों के बनाए गए अकाउंट बंद किए जाएं। इसके अलावा कंपनियां बच्चों का पर्सनल डेटा टारगेटेड एडवरटाइजिंग या उनके व्यवहार को प्रोफाइल करने के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकेंगी।

## कांग्रेस को लगा बड़ा झटका: झारखंड में राजग समर्थित परिमल नाथवानी जीते

■ रांची



झारखंड राज्यसभा चुनाव में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव में राजग समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि देर शाम तक निर्वाचन आयोग की ओर से आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी, लेकिन मतगणना से जुड़े सूत्रों ने दोनों उम्मीदवारों की जीत की पुष्टि कर दी। राज्यसभा चुनाव की मतगणना में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। मतगणना के दौरान तीन वोट रद्द कर दिए गए, जबकि तीन वोटों को होल्ड पर रखा गया है।

मतगणना से मिली जानकारी के अनुसार, एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी को 30 वोट प्राप्त हुए, जिससे उनकी जीत सुनिश्चित हो गई। वहीं झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम भी राज्यसभा पहुंचने में सफल रहे। इस तरह राज्यसभा की दो सीटों में एक सीट झामुमो और दूसरी सीट एनडीए के खाते में गई।

### महागठबंधन के भीतर गड़बड़ी की चर्चा

सूत्रों के अनुसार महागठबंधन के भीतर ही मतदान को लेकर गड़बड़ी हुई। चर्चा है कि राजद और भाकपा-माले के विधायक पूरी तरह एकजुट नहीं रह पाए। राजनीतिक गलियारों में इसे महागठबंधन के भीतर हुआ 'खेला' बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि इसी वजह से कांग्रेस उम्मीदवार को नुकसान हुआ और परिमल नाथवानी को फायदा मिला।

**ऑनलाइन ठगी : देश में नहीं थम रहीं ठगी की वारदातें**

## पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे के साथ 7.80 करोड़ की ठगी

■ नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन ठगी की वारदातें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सायबर ठगों ने अब पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के बेटे और पूर्व सांसद नरेश कुमार गुजराल को ही अपने जाल में फंसा लिया। धोखाधड़ी में कुल 7.80 करोड़ की ठगी हुई। हालांकि, त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीब 4 करोड़ रुपए की रकम विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज करा दिए। पुलिस के अनुसार, ठगों ने नरेश गुजराल की तस्वीर का इस्तेमाल कर उनके एक कर्मचारी को व्हाट्सएप पर संदेश भेजा और बातचीत की। ठग ने कर्मचारी से कहा कि वे एक महत्वपूर्ण बैठक में व्यस्त हैं और तत्काल एक बैंक खाते में आरटीजीएस के जरिए रकम ट्रांसफर करनी है। भरोसा होने पर कर्मचारी ने रुपए ट्रांसफर कर दिए।



### ऐसे हुआ ठगी का खुलासा

घटना का खुलासा तब हुआ जब गुजराल के एक कर्मचारी ने संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जानकारी उनकी बेटी दीक्षा गुजराल को दी। संदेह होने पर दीक्षा ने अपने पिता से संपर्क कर भुगतान संबंधी निर्देशों की पुष्टि की। नरेश गुजराल ने स्पष्ट किया कि उन्होंने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया था। इसके बाद परिवार को साइबर ठगी का एहसास हुआ। दीक्षा गुजराल ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और ई-एफआईआर कराई। शिकायत मिलते ही साइबर अपराध अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की और ठगी गई रकम का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा फ्रीज कराने में सफलता हासिल की। दिल्ली पुलिस अब धनराशि के ट्रांजेक्शन ट्रेल की जांच कर रही है और इस पहचान-आधारित साइबर धोखाधड़ी में शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### सर्वोच्च न्यायालय ने सायबर अपराधियों को बताया था परजीवी

एक दिन पूर्व ही सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सायबर अपराधियों को परजीवी की संज्ञा दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने साइबर अपराधियों को 'परजीवी' बताते हुए लोगों से पैसे ठगने के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरुरत बताई थी और कहा कि ऐसे अपराधियों को जेल में रखना ही समाज के हित में है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंडीगढ़ में ओला कैब, बाइक टैक्सी सेवा पर रोक

**चंडीगढ़।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में ओला का एग्रीगेटर लाइसेंस छह महीने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रशासन के सूत्रों के अनुसार कंपनी ने स्थानीय कार्यालय बंद कर दिया था, ड्राइवर नियमों का पालन नहीं किया और जारी नोटिसों का संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया। इन कारणों को लेकर प्रशासन ने यह कार्रवाई की है।

### दिल्ली में अग्निवीरों को 20 फीसदी आरक्षण की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अग्निवीरों को ग्रुप'सी' की नौकरियों में 20 फीसदी आरक्षण देने का निर्देश दिया है। यह जानकारी दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने गुरुवार को एक बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि इस फैसले के तहत पुलिस कॉन्स्टेबल, फायरमैन, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर और वाइल्डलाइफ गार्ड जैसे पदों पर पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण का फायदा मिलेगा।

### नमो भारत ट्रेन जल्द ऋषिकेश तक दौड़ेगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से मेरठ के बीच दौड़ रही नमो भारत ट्रेन अब जल्द ही उत्तराखंड के प्रमुख धार्मिक शहरों में से एक ऋषिकेश तक पहुंच सकती है। केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, उत्तराखंड सरकार और नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) के बीच सहमति बनने के बाद मेरठ से ऋषिकेश तक नमो भारत कॉरिडोर के विस्तार की प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रस्तावित परियोजना के तहत मौजूदा दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर को करीब 150 किलोमीटर आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे दिल्ली से ऋषिकेश तक का सफर महज तीन घंटे में पूरा किया जा सकेगा।

### शिवसेना यूबीटी की बैठक में पहुंचे सिर्फ तीन सांसद

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के गृह मंत्रालय ने गुरुवार को शिवसेना यूबीटी के छह बागी सांसदों को वाई प्लस सुरक्षा दिए जाने की घोषणा की है। साथ ही इन सभी सांसदों के घर पर 24 घंटे पुलिस रखने की भी व्यवस्था की गई है। हालांकि गुरुवार को प्रदेश के कई जिलों में इन सभी छह सांसदों के खिलाफ शिवसेना यूबीटी के कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन किया। शिवसेना यूबीटी की ओर से इन सभी छह सांसदों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

### संघ के वरिष्ठ प्रचारक पनालकर का देहावसान

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मंगेश पनालकर का गुरुवार को देहावसान हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार भोपाल स्थित छोला विश्राम घाट पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में संघ के अधिकारी, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### केरलम् में अंगदान रैकेट मामले में ईडी का छापा

**त्रिवेंद्रम।** केरलम में अंगदान रैकेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गुरुवार को छापेमारी की। कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कोट्टायम में अस्पतालों और आरोपियों के ठिकानों समेत 5 जगहों पर तलाशी ली गई। आरोपी अंगदान कराने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। वे डोनर, मरीज और अस्पतालों के बीच बिचौलिये का काम करते थे और इसके बदले बड़ी रकम लेते थे। जांच में अस्पतालों के लेटरहेड, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, सांसदों-विधायकों और डॉक्टरों के नाम से फर्जी दस्तावेज इस्तेमाल करने के आरोप सामने आए हैं। मामले का मुख्य आरोपी नजीब है, जिसे पुलिस ने पिछले महीने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था।



## नई एप व्यवस्था और किराया वृद्धि के विरोध में व्यापारियों का ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल आदर्श मंडी स्थल स्थित उपमंडी निदेशक के कार्यालय पहुंचा, जहां प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में एक साथ मंडी निदेशकों को ज्ञापन दिए गए हैं। ज्ञापन में मंडी समिति द्वारा लागू की गई नई एप व्यवस्था पर विरोध जताया गया है। उनका कहना था कि इस व्यवस्था से कार्यप्रणाली सरल होने के बजाय और अधिक जटिल हो गई है। व्यापारियों ने दुकानों के किराए में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि को अनुचित बताते हुए इसे प्रदेशभर के व्यापारियों पर असहनीय आर्थिक बोझ करार दिया और मांग की कि सभी प्रकार की दुकानों पर की गई किराया वृद्धि तत्काल प्रभाव से वापस ली जाए। ऑनलाइन पोर्टल की खामियों पर भी नाराजगी जताई गई। व्यापारियों ने बताया कि टैक्स जमा करने के बाद भी पोर्टल पर भुगतान अपडेट नहीं होता, सर्वर बार-बार डाउन रहता है और हैंग होने से प्रवेश पर्ची, तौल पर्ची व भुगतान में देरी होती है। मंडी लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने तथा गारंटर और शपथ पत्र की व्यवस्था समाप्त करने की मांग रखी गई। उपमंडी निदेशक ने मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## नारी स्किल सेंटर उद्घाटन व योग दिवस कार्यक्रमों को लेकर डॉ तनु जैन ने की प्रेसवार्ता

- महिला सशक्तिकरण और स्वस्थ भारत के संकल्प पर केंद्रित रहेंगी दोनों दिन की गतिविधियां

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली छावनी परिषद द्वारा 20 और 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार डॉ तनु जैन मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

प्रेसवार्ता में 'नारी स्किल सेंटर' के उद्घाटन और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के तहत होने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस को संबोधित करते हुए डॉ. तनु जैन, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि 20 जून को छावनी बालिका विद्यालय परिसर में 'नारी स्किल सेंटर' का उद्घाटन किया जाएगा। इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प सहित विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

उद्घाटन कार्यक्रम में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की जोनल वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती राजबीर गिल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। डॉ. तनु जैन ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "Yoga for Healthy Ageing" विषय पर आधारित तीन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें प्रातः 108 सूर्य नमस्कार चैलेंज, दोपहर में ओम् ध्वनि एवं आध्यात्मिक प्रवचन तथा सायंकाल चन्द्र नमस्कार सत्र शामिल हैं। प्रेसवार्ता में अधिकारियों ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और "स्वस्थ भारत–विकसित भारत" के संकल्प को मजबूत करना है।

## सार संक्षेप

### 21 जून को होने वाली नीट-यूजी को लेकर डीएम ने की बैठक

**रामपुर।** 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट–यूजी) के सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, निगरानी एवं अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री सोमेंद्र मीणा की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान सिटी कोऑर्डिनेटर अजय गुप्ता ने बताया कि परीक्षा से संबंधित जारी गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से आधा घण्टे पूर्व पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश 11:00 बजे से 1:30 बजे तक दिया जायेगा और परीक्षा 2 बजे से 5:15 बजे तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र, दवा व पानी की बोतल के अतिरिक्त कोई भी वस्तु परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की गहन जांच की जाएगी। उनके उपस्थित बायोमेट्रिक होगी तथा सभी गतिविधियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के दौरान सभी परीक्षा केद्रों पर जैमर संचालित रहेंगे।जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया है। परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए सभी मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ–साथ विद्युत, पेयजल, स्वच्छ शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि परीक्षा से संबंधित दिशा–निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

### अंतर्जनपदीय 7 बदमाशों पर कार्रवाई, गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज

**शाहबाद।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहबाद पुलिस ने अंतर्जनपदीय 7 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह संगठित रूप से चोरी, लूटपाट और लोगों को डराने–धमकाने जैसी वारदातों को अंजाम देकर अवैध लाभ अर्जित करता था। कोतवाल प्रदीप कुमार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार गिरोह का नेतृत्व शिवांग उर्फ नन्हे पुत्र जगपाल शर्मा निवासी अहलादपुर थाना बिलारी, जनपद मुरादाबाद करता है। गिरोह में वारिश पुत्र ताहिर पठान, अनस पुत्र तस्लीम पठान, परवेज पुत्र मकबूल पठान, शाहिस्त उर्फ मोहम्मद, निजाम पुत्र इस्लाम तथा उस्मान पुत्र अय्यूब सहित कुल सात सदस्य शामिल हैं। गिरोह के सदस्य संगठित रूप से घरों में घुसकर लोगों को डरा–धमकाकर सोने–चांदी के जेवरात एवं नकदी लूटने तथा चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरोह की गतिविधियों से आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त था, जिसके चलते लोग इनके खिलाफ शिकायत या गवाही देने से भी कतराते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह के विरुद्ध पूर्व में दर्ज मामलों और गैंग चार्ट के आधार पर कार्रवाई की गई है।

### 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर बर्खास्त सिपाही सुरकेश शर्मा गिरफ्तार

**बरेली।** लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी और हिस्ट्रीशीटर बर्खास्त सिपाही सुरकेश कुमार शर्मा को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। भमोरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसकी पत्नी कृतिका शर्मा और उसके साथी ओमवीर को भी हिरासत में ले लिया है। इस गिरफ्तारी को बरेली पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। एसएसपी अनुराग आर्य ने हाल ही में सुरकेश की हिस्ट्रीशीट खोलते हुए उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद पुलिस की कई टीमें उसकी तलाश में जुट गई थीं। लगातार ठिकाने बदलने के कारण वह काफी समय तक गिरफ्तारी से बचता रहा। पुलिस के अनुसार, भमोरा थाना क्षेत्र के ग्राम चाढ़पुर निवासी अंकुर मिश्रा उर्फ प्रभात मिश्रा ने 18 जून को तहरीर दी थी। आरोप लगाया गया कि सुरकेश अपने साथियों के साथ संगठित गिरोह बनाकर लोगों को फर्जी मुकदमों में फंसाने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता है। शिकायत में तीन लाख रुपये की रंगदारी मांगने, गाली–गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। इस मामले में सुरकेश समेत 11 लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया था।

# अर्जुन हत्याकांड में परिजन बोले हाफ एनकाउंटर से संतुष्ट नहीं

## एनकाउंटर व बुलडोजर की हो कार्यवाही

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** थाना बारादरी क्षेत्र के संजयनगर में हुए चर्चित अर्जुन हत्या कांड के पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को एक बार फिर न्याय की मांग को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे व अपनी आवाज बुलंद की। पीड़ित परिजनों ने सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए फरार आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, उनके फुल एनकाउंटर तथा उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि 15 जून 2026 को उनके 21 वर्षीय पुत्र अर्जुन मौर्य की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन अब तक केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है, जबकि अन्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि फरार आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं और कार्रवाई करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए ज्ञापन में पीड़ित परिवार ने कहा कि फरार आरोपी शातिर एवं आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है। परिवार ने मांग की कि सभी आरोपियों का जल्द से जल्द फुल एनकाउंटर किया जाए तथा उनके अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाकर सख्त संदेश दिया जाए, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और क्षेत्र में कानून का भय स्थापित हो। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से यह भी मांग की कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, क्योंकि उन्हें लगातार जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## सीआईडी बताकर युवक को कार में बैठाया, घंटों तक रखा बंधक


- महिला समेत छह लोगों पर मारपीट, खाते से पैसे निकलवाने और फिरौती मांगने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहेड़ी क्षेत्र में खुद को सीआईडी अधिकारी बताने वाले बदमाशों द्वारा एक युवक को दिनदहाड़े कार में बैठाकर ले जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला सहित छह लोगों ने युवक के साथ मारपीट की, उसके बैंक खाते से 75 हजार रुपये निकलवाए और छोड़ने के बदले 5 लाख रुपये की फिरौती मांगी। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

सिमरा गांव निवासी अशरफाक के मुताबिक वह अपने दोस्त जाहिर के साथ बिरिया फार्म गया था। लौटते समय लिंक रोड से नैनीताल रोड पर पहुंचते ही लखनऊ नंबर की एक कार ने उनका रास्ता रोक लिया। कार से उतरे एक महिला समेत कुछ लोगों ने खुद को सीआईडी का अधिकारी बताते हुए दोनों को जबरन गाड़ी में बैठा लिया। विरोध करने पर अशरफाक के साथ मारपीट की गई।

पीड़ित का कहना है कि कुछ दूर चलने के बाद आरोपियों ने जाहिर को जादौपुर के पास उतार दिया और अशरफाक को अपने साथ ले गए।




पूरे रास्ते उसे फर्जी मुठभेड़ और गंभीर मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती रही। नवाबगंज की ओर ले जाते समय आरोपियों ने उसे एक जनसेवा केंद्र पर ले जाकर उसके खाते से 75 हजार रुपये निकलवाए। इसके बाद फिरौती की मांग की गई। शाम को उसे नवाबगंज क्षेत्र में छोड़कर आरोपी फरार हो गए।

घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामला जनपद बरेली में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइड्रा मशीन सीज

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर 18 जून को ग्राम मगारसरा, तहसील सदर क्षेत्र में संचालित अवैध खनन की शिकायत पर खान अधिकारी द्वारा तत्काल मौके का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर दो ट्रैक्टर–ट्रॉली एवं एक हाइड्रा मशीन को थाना शाहबादनगर में सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त भमरौआ रोड, तहसील सदर क्षेत्र में खनिजों का ओवरलोड एवं बिना वैध प्रपत्रों के परिवहन करते पाए जाने पर दो डंपरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नब्बे हजार रुपये का अर्थदंड लगाकर संबंधित धनराशि जमा कराई गई।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिंग के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी–86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी–बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।




## जमीन विवाद में मासूम की मौत से गांव में कोहराम

### मारपीट के दौरान दादी की गोद से गिरा तीन माह का बच्चा, आरोपी हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने गुरुवार रात दर्दनाक रूप ले लिया। आरोप है कि शराब के नशे में दबंगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज और मारपीट की, जिसके दौरान दादी की गोद से तीन माह का मासूम जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल है। हरेली अलीपुर गांव निवासी मौजी लाल और उनके भाई रामकिशन का अपने चाचा वीरपाल से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार रात करीब नौ बजे वीरपाल गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आया। विरोध करने पर उसने अपने साथियों को बुला लिया और दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी।मारपीट के दौरान रामकिशन की मां विमला देवी तीन माह के मासूम रामलड़ैते को गोद में लेकर बीच-बचाव करने पहुंचीं। आरोप है कि धक्का-मुक्की में उन्हें जोर से धक्का दिया गया, जिससे बच्चा गोद से छिटककर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन बच्चे को तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौजी लाल की तहरीर पर वीरपाल समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हीरो की सुपर स्प्लेंडर मोटर बाइक की बरेली में हुई पहली लांचिंग

### मुंडिया नवी बख्श स्थित रस्तोगी ऑटोमोबाइल पर हुई लॉन्चिंग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** शुक्रवार को बरेली के मुड़िया नवी बख्श स्थित रस्तोगी ऑटोमोबाइल पर हीरो मोटरकॉर्प द्वारा नए फीचर के साथ लॉन्च की गई हीरो सुपर स्प्लेंडर Xtec 2.0 की लांचिंग भाजपा जिला उपाध्यक्ष स्वाति कुमार व कंपनी के अधिकारी मो. सकलैन के द्वारा की गई। हीरो मोटरकॉर्प कंपनी से आये मोहम्मद सकलैन ने बताया कि कंपनी द्वारा पहले से ही सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चल रही है। इस बार कंपनी ने नई फीचर्स के साथ इसे लॉन्च किया है जिसमें तमाम नई सुविधाएं दी गई है। इस मोटरसाइकिल में आधुनिक स्टाइलिंग और नई डिजाइन, बेहतर परफॉर्मेंस और सबसे बेहतरीन माइलेज, स्मार्ट टेक्नोलॉजी के साथ कनेक्टिविटी की सुविधा दी गई है। लोगों की सुविधाओं को देखते हुए मोटरसाईकिल की 82500 एक्स शोरूम रखी गई है। कार्यक्रम में रस्तोगी ऑटोमोबाइल्स के संचालक सचिन रस्तोगी ने बताया कि बरेली के देहात क्षेत्र में उनके शोरूम पर सबसे पहले इस बाइक को लांच किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले 5 ग्राहकों को मोटरसाइकिल के साथ उपहार भी गिफ्ट में के दिए जाएंगे। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोटरसाइकिल को कोई भी नगद या फाइनेंस पर खरीद सकता है। इस अवसर पर निशित कुमार, भाजपा निवर्तमान नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, जिला पंचायत सदस्य सूर्या कुर्मी, ग्राम प्रधान कपिल शर्मा सहित अन्य सभारंत लोग एवं एजेंसी का स्टाफ मौजूद रहा।

**कार्रवाई** पांच दुकानदारों पर जुर्माना, मौके पर ही वसूली ; भविष्य में उपयोग न करने के निर्देश

## श्यामगंज से मालियों की पुलिया तक चला सिंगल यूज़ प्लास्टिक विरोधी अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बरेली।** शुक्रवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर निगम बरेली की संयुक्त टीम ने श्यामगंज फल मंडी से मालियों की पुलिया तक विशेष अभियान चलाकर सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग पर सख्ती की। इस दौरान फल विक्रेताओं, दुकानदारों और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

जांच में सिंगल यूज़ पॉलीथीन का प्रयोग करते पाए जाने पर पांच दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। आदिल, आरिश, मुन्ना भाई और सुहैल अली पर एक- एक हजार तथा शहनाज पर 500 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। सभी से मौके पर ही जुर्माने की राशि वसूल की गई। अधिकारियों ने संबंधित दुकानदारों को भविष्य में सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने के सख्त निर्देश दिए और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की। अभियान में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लक्ष्मी नारायण, अंकुर अग्रवाल, शिवम गंगवार तथा नगर निगम से संजीव कुमार, निखिल कुमार, प्रवर्तन दल और स्वच्छ भारत मिशन की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रेम विवाह की रंजिश में युवती से अपहरण का प्रयास, मारपीट और अभद्रता का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रेम विवाह को लेकर उपजी पारिवारिक रंजिश के चलते सुभाष नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ कथित रूप से अपहरण के प्रयास, मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता के अनुसार, उसके भाई ने कुछ समय पूर्व प्रेम विवाह किया था। विवाह को लेकर पहले कानूनी विवाद भी हुआ, लेकिन न्यायालय में बयान दर्ज होने के बाद दंपती को पति-पत्नी के रूप में साथ रहने की अनुमति मिल गई। इसके बाद से ही कुछ रिश्तेदारों में नाराजगी बढ़ गई और वे परिवार से रंजिश रखने लगे।तहरीर में बताया गया है कि पीड़िता दिल्ली में निजी नौकरी करती है और परीक्षा देने के लिए बरेली आई थी। 17 जून की शाम जब वह रेलवे स्टेशन से पैदल घर लौट रही थी, तभी मदीनाथ मंदिर के पास कुछ लोगों ने उसे रोक लिया।

युवती का आरोप है कि आरोपियों ने उसे पकड़कर जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान महिलाओं समेत कुछ लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की, मारपीट की और कपड़े फाड़ दिए। साथ ही वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी गई। पीड़िता का कहना है कि उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके चलते आरोपी वहां से हट गए। यदि लोग समय पर न पहुंचते तो उसके साथ गंभीर घटना हो सकती थी। मारपीट में उसे चोटें आई हैं और वह घटना के बाद से मानसिक रूप से डरी हुई है। घटना के बाद युवती सुभाष नगर थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

# बगीचा आमना के 120 आवासों को प्रशासन ने कराया खाली

## प्रशासन ने सप्ताह भर पहले आवास खाली कराए जाने को कराई थी मुनादी, पूरे दिन जारी रही प्रकिया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बगीचा आमना के 120 आवासों को प्रशासन ने खाली कराकर कब्जा कर लिया है। आवासों को खाली कराए जाने के प्रक्रिया दिनभर जारी रही। पहाड़ी गेट स्थित बगीचा आमना कॉलोनी के सभी 120 मकानों में बिना आवंटन के लोग रह रहे थे। यहां बिजली कनेक्शन तक नहीं थे, फिर भी लोग बिजली का उपयोग कर रहे थे।

सप्ताह भर प्रशासन ने मुनादी कराकर दो दिन के भीतर मकान खाली करने के निर्देश दिए थे। शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम, डूडा विभाग के प्रभारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी, बिजली निगम के रेड एई विकार अहमद के नेतृत्व में टीम सुबह 10 बजे टीम पहुंची। जहां टीम को देख आवासों पर रह रहे लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। मालूम हो कि प्रशासन द्वारा कराई गई मुनादी के बाहर कुछ लोगों ने आवासों को खाली करने ताले डाल दिए थे। आवासों को खाली कराए जाने के दौरान थाना गंज पुलिस फोर्स मुस्तैद रही।


पहाड़ी गेट स्थित बगीचा आमना आवासों को खाली कराते सिटी मजिस्ट्रेट, ईओ।

### भाजपा नेता पर लगा पैसे लेकर चाभी देने का आरोप

पहाड़ी गेट स्थित बगीचा आमना के आवासों के मामले में एक मोड़ नया सामने आया है। भाजपा नेता शहाब खां पर 5 से 25 हजार रुपये लेकर लोगों को चाभी सौंपने का आरोप लगा है। इस मामले में पीड़ितों का दावा है कि उनके पैसे लेकर सरकारी आवास उपलब्ध कराए गए। इस बात की किसी ओर की जानकारी न देने की बात भी बोली।

### आवासों में जल रही थी चोरी की बिजली

पहाड़ी गेट स्थित बगीचा आमना के आवासों के लोग चोरी की बिजली जला रहे थे। जब–जब बिजली निगम की ओर से छापेमारी की गई। तब–तब इस बात का खुलासा हुआ। एई ने बताया कि बिजली निगम की ओर से प्रशासन को नोटिस भेजा था। जिसमें कहा कि इन आवासों पर चोरी हो रही है। इसलिए इन आवासों को खाली कराए जाने के लिए मुनादी कराई थी। कब्जा मुक्त कराए जाने के समय बिजली निगम के सहायक अभियंता विकार अहमद, अवर अभियंता अभिषेक सिंह, लाइनमैन और पेट्रोलमैन शामिल रहे।

## एक नजर

### मनीष लोधी बने ग्राम प्रधान संगठन के चमरौआ ब्लॉक अध्यक्ष

**रामपुर।** अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन द्वारा बकैनिया के प्रधान मनीष लोधी को चमरौआ ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह से स्वीकृति मिलने के बाद जिलाध्यक्ष काशिफ खां ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है। ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर प्रधानों ने उन्हें बधाई दी है। ब्लॉक अध्यक्ष ने भी प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव का आभार व्यक्त किया है।

# पत्नी को लेने पहुंचा दामाद, थार से घर में मारी टक्कर

- विरोध करने पर कर दी फायरिंग साला घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** नगर पंचायत नरपत नगर में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पत्नी को मायके से वापस न भेजे जाने से नाराज दामाद थार लेकर ससुराल पहुंच गया। आरोप है कि उसने घर में वाहन से टक्कर मारने के बाद रिवाल्वर से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में साला गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में परिजनों ने आरोपी को घेर कर उसकी पिटाई कर दी और रिवाल्वर छीन ली। हालांकि भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी मौके से फरार हो गया।लोगों का कहना है कि वह विधायक शफीक अहमद का पूर्व प्रतिनिधि रहे हैं।

नरपतनगर निवासी हाजी रईस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी का निकाह वसीम अहमद के साथ हुआ था। कुछ समय से बेटी की तबीयत खराब चल रही थी। जिसके चलते वह करीब दो माह पहले मायके आ गई थी। परिजन उसका इलाज करा रहे थे।

आरोप है कि वसीम लगातार पत्नी को वापस भेजने का दबाव बना रहा था, जबकि परिवार के लोग बातचीत के बाद उसे भेजने की तैयारी कर रहे थे।बताया कि शुक्रवार को वसीम थार कार लेकर ससुराल पहुंचा और गुस्से में घर के बाहर वाहन से टक्कर मार दी, जिससे वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद उसने थार से उतरकर रिवाल्वर से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग से परिवार में अफरा-तफरी मच गई।फायरिंग के दौरान हाजी रईस के पुत्र जीशान की जांघ में दो गोलियां लग गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने आरोपी को पकड़ लिया। उसकी रिवाल्वर छीनकर पिटाई कर दी।इसी बीच गोली चलने की आवाज सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी वहां से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी ली।

परिजनों ने फायरिंग में प्रयुक्त रिवाल्वर पुलिस को सौंप दी। घायल जिशान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


अस्पताल में उपचार कराता घायल युवक व क्षतिग्रस्त हुई कार। –जागरण मोर्चा

### तीन नामजद तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दी गई है तहरीर

पीड़ित पक्ष की ओर से तीन नामजद तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है। तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। लोगों का कहना है कि आरोपी स्वार विधायक शफीक अहमद का पूर्व प्रतिनिधि रह चुका है। विधायक शफीक अहमद ने बताया कि 6 जून को सभी प्रतिनिधियों को कार्य मुक्त किया जा चुका है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात महिला का शव

- क्योरार रेलवे फाटक पर शव मिलने पर पुलिस ने शुरू की जांच

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के गांव क्योरार स्थित रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार को एक अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

रेलवे फाटक पर तैनात गेटमैन ने ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतका की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है। शव की हालत अत्यंत खराब होने के कारण उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक कोशिशों के बावजूद महिला की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि महिला की मौत किसी चलती ट्रेन से गिरने अथवा ट्रेन की चपेट में आने से हुई हो सकती है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। कोतवाली पुलिस मृतका की पहचान कराने के लिए आसपास के गांवों और थानों में जानकारी जुटा रही है। साथ ही लापता महिलाओं के संबंध में भी जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शहर विधायक सहित तीन को नोटिस जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां की ओर से दो पैन कार्ड मामले में हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। कोर्ट ने अपील स्वीकार करते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना और पूर्व इंस्पेक्टर ऋषिपाल सिंह को नोटिस जारी करके तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का समय दिया है।

कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम की याचिका को आजम खां की याचिका के साथ लगाने के आदेश दिए है।बता दें कि दो पैन कार्ड मामले में अब्दुल्ला आजम खां को सात साल की सजा के साथ 50 हजार का जुर्माना लगाया था। जिसके खिलाफ याचिका दायर की गई है। जिसमें अब आजम खां की याचिका पर सुनवाई 15 जुलाई मुकर्रर है।वहीं दूसरी ओर गवाह को धमकाने के मामले में इंस्पेक्टर अमर पाल राठौड़ की गवाही पूरी हो गई है। अब नौ जुलाई को सुनवाई होगी। यह मामला सेशन कोर्ट में चल रहा है।जिसमें गुरुवार को इंस्पेक्टर अमर पाल राठौर कोर्ट पहुंचे। उसके बाद उन्होने बयान दर्ज कराए।

कोर्ट ने वारंट जारी कर रखे थे। सुनवाई के दौरान आजम खां वीसी से पेश हुए। इनके अलावा फरहान खां,सानी खां,कामरान खां,राजा खां,उजैर खां कोर्ट में पेश हुए। वहीं डूंगरपुर मामले में गुरुवार को बयान दर्ज नहीं हो सके। इन सभी मुकदमों में अजहर खां,ओमेंद्र चौहान, भाजपा नेता शावेज खां, फसाहत शानू मौजूद रहे। अब 25 जून को सुनवाई होगी। अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने बताया कि विधायक सहित चार लोगों को हाईकोर्ट से जारी हुए नोटिस में तीन सप्ताह के जवाब दाखिल करने के आदेश हुए है।

# जिला अस्पताल में मरीज को गलत चढ़ाया ब्लड ग्रुप, बिगड़ी हालत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में मरीज को बी पॉजिटिव के स्थान पर एबी ग्रुप चढ़ा दिया। जिससे मरीज की हालत बिगड़ गई। मरीज को आनन फानन में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करना कराया। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने स्टॉफ पर लगे आरोपों को एक सिरे से खारिज कर दिया है। शहर को मोहल्ला नालापार निवासी असलम मियां 70 वर्ष बुधवार दोपहर करीब तीन बजे जिला अस्पताल में भर्ती हुए थे। परिजनों के अनुसार, शाम साढ़े पांच बजे उन्हें बी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाया जाना था। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने उन्हें एबी ग्रुप का ब्लड चढ़ा दिया, जिसके तुरंत बाद उनकी तबीयत अचानक खराब होने लगी। हालत बिगड़ने पर असलम मियां को दूसरी मंजिल से तत्काल इमरजेंसी वार्ड के बेड नंबर-17 पर शिफ्ट किया गया। जहां उनका उपचार शुरू किया गया। असलम मियां के बेटे नूरन ने आरोप लगाया कि तीन दिन पहले भी उनके पिता को इसी अस्पताल में बी पॉजिटिव ब्लड चढ़ाया गया था, जिसके दस्तावेज अस्पताल के पास मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुराने रिकॉर्ड की जांच की जाती तो यह स्थिति नहीं आती। इस मामले में अस्पताल प्रशासन ने स्टाफ पर लगे आरोपों को एक सिरे से खारिज कर दिया है।


इमरजेंसी वार्ड में भर्ती रोगी।

> असलम मियां की खून की जांच हुई है वह बाहर की रिपोर्ट है ग्रुप को चेक करने के लिए दोबारा जांच कराई गई है जोकि रिपोर्ट शनिवार को आएगी। मरीज बिल्कुल सही है वह इमरजेंसी वार्ड में भर्ती है। – **बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

## सीसीटीवी में कैद हुई बैटरी चोरी की वारदात

**मसवासी।** नगर स्थित सुमन पेट्रोल पंप से अज्ञात चोर दो बैटरियां चोरी कर ले गए। पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी होने पर पेट्रोल पंप प्रबंधन में हड़कंप मच गया।पेट्रोल पंप के मैनेजर आकाश कुमार ने मामले की तहरीर मसवासी पुलिस चौकी में देकर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि चोर रात के समय पेट्रोल पंप परिसर में घुसे और वहां रखी दो बैटरियां चोरी कर फरार हो गए। सुबह कर्मचारियों को बैटरियां गायब मिलने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें चोरी की घटना स्पष्ट दिखाई दी।सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। चौकी इंचार्ज सोहन पाल सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 6 जून का पत्र 19 जून को हो रहा वायरल

**टांडा।** स्वार विधायक शफीक अहमद अंसारी ने विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त अपने सभी प्रतिनिधियों एवं सलाहकारों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त कर दिया है। यह पत्र 6 जून को जारी किया गया था। लेकिन पूर्व प्रतिनिधि द्वारा शुक्रवार को ससुराल वालों पर फायरिंग करने का मामला सामने आने पर एकदम से पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिससे मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधायक ने जारी पत्र में कहा है कि में 34 स्वार विधानसभा में मेरे द्वारा नियुक्त सभी विधायक प्रतिनिधियों एवं सलाहकारों को तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त क्रिया जाता है।भविष्य में यदि किसी व्यक्ति को विधायक प्रतिनिधि, सलाहकार अथवा अन्य किसी दायित्व के लिए नामित किया जाता है तो उसकी सूचना सार्वजनिक रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी की जाएगी।टांडा में शरीफ जमील विधायक प्रतिनिधि थे और इसी हैसियत से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। पत्र के जारी होने के बाद अब वह भी विधायक के प्रतिनिधि नहीं रहे।

**कार्यक्रम** किसानों को प्रशस्ति–पत्र एवं प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

# ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन परिसर में प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं सघन खेत बचाओ अभियान के तहत द्वितीय दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने की।

कार्यक्रम के दौरान अपने मोहन लाल सैनी ने किसानों से कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक एवं टिकाऊ खेती अपनाने का आह्वान किया। देश आज खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ निर्यातक राष्ट्र के रूप में भी स्थापित हुआ है, किंतु रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता एवं कार्बन की मात्रा प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को समय की आवश्यकता बताते हुए किसानों से इसे अपनाने का आग्रह किया। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने कृषि विभाग की उपलब्धियों एवं संचालित किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कराने तथा सभी गाटों को पोर्टल पर दर्ज कराने का आह्वान किया।बताया कि 1 से 30 जून तक जनपद में सघन खेत बचाओ अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भूमि की गुणवत्ता में सुधार तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना है।जिला कृषि अधिकारीकुलदीप सिंह राणा ने उर्वरक बुकिंग की डिजिटल व्यवस्था तथा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनुज बंसल ने प्राकृतिक खेती के अंतर्गत नीमास्त्र तैयार करने का लाइव प्रदर्शन किया तथा जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र एवं दशपर्णी अर्क के उपयोग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के स्थान पर प्राकृतिक विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान खेती-किसानी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों एवं प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को प्रशस्ति-पत्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उर्द एवं मूंग सहित विभिन्न फसलों के मिनीकिट निःशुल्क वितरित किए गए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक कृषि तकनीकों की जानकारी भी प्रदान की गई।


किसानों को प्रशास्ति पत्र देते मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा

### कार्यक्रम में इन्होंने किया प्रतिभाग

कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी हरीश चन्द्र, उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. मयंक राय, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अनुज बंसल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य प्रशांत गंगवार, जिला सूचना अधिकारी संध्या कुरील, रेशम विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष गंगवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया।

## सार संक्षेप

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर किया दूध अभिषेक

**मिलक।** कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय राजमार्ग मेहंदी नगर स्थित दया में अमर भैरव महाराज के मंदिर पहुंचे।लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर भगवान भैरव पर दूध अभिषेक एवं भैरव चालीसा पाठ कर उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी आयु की कामना की गई। जिला उपाध्यक्ष वेद राम सिंह यादव ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र का खुला गला घोट रही है क्योंकि जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को दबाव डर और सत्ता के बल पर तोड़ा जा रहा है। विपक्ष के सांसदों को खरीदने की कोशिश लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। जनता के जनादेश का सम्मान नहीं बल्कि सौदेबाजी की राजनीति की जा रही है। गोष्ठी में पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह गंगवार, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दामोदर सिंह गंगवार, राजीव आर्य, रोशन लाल गंगवार, देवकीनंदन गंगवार, बद्री प्रसाद मौर्य, मकसूद अंसारी, जगपाल गंगवार, रोशन लाल दिवाकर, शोएब मलिक आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते वक्ता।

### भीषण गर्मी में ग्रामीणों ने बांटा शरबत

**शाहबाद।** शुक्रवार को भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए तहसील क्षेत्र के चकरपुर भूड़ गांव में ग्रामीणों ने दो जगहों पर स्टाल लगाकर शरबत का वितरण किया। इस दौरान मार्ग से गुजर रहे राहगीरों और ग्रामीणों को ठंडा शरबत पिलाया गया। मसरूर खां, निसार अहमद, मोहब्बत खां, उबैस, कल्लू खां, मुमताज खान आदि रहे।

### पुरस्कार के लिए स्व-नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ

**रामपुर।** सभी पात्र प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया गया है।जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन स्व–नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इसके तहत जनपद के प्राइमरी, उच्च प्राथमिक, राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों, संस्कृत विद्यालयों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों, इंटर कॉलेजों, सीबीएसई, सीआईएससीई, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल तथा आदर्श एकलव्य विद्यालयों में कार्यरत पात्र एवं इच्छुक प्रधानाचार्य तथा शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन भारत सरकार के निर्धारित वेब पोर्टल पर ऑनलाइन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई 2026 तक अपना स्व–नामांकन कर सकते हैं। 13 जुलाई तक अपने आवेदन को अंतिम रूप देकर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के सभी पात्र शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे निर्धारित मानकों के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए समयबद्ध रूप से ऑनलाइन आवेदन करें। अपने उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों एवं नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त करें।जनपद के सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे इस संबंध में अधिक से अधिक शिक्षकों को जागरूक करें तथा पात्र शिक्षकों को आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

### भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक संपन्न


**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक शुक्रवार को अंबे हार्डवेयर के सामने स्थित संगठन कार्यालय मिलक में आयोजित की गई।बैठक का मुख्य उद्देश्य 23 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के दूसरी बार मिलक आगमन को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करना तथा उसे सफल बनाने की रणनीति तैयार करना रहा। इस अवसर पर निर्णय लिया,कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत एवं जनसमस्याओं को लेकर एक विशेष कार्यक्रम नवदिया चौराहे स्थित संगठन कार्यालय पर आयोजित किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लाला राम गंगवार ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।बैठक में संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सानू खान को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया।इस अवसर पर सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि 23 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों एवं आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को सौंपा जाएगा।बैठक में युवा जिला अध्यक्ष राजेंद्र यदुवंशी, साजिद अंसारी, विनोद पटेल, मेहंदी हसन, जमील अहमद, मतलूब जमाली, शादाब खान, मनोज शर्मा, वसीम अंसारी, गुलवेज, फहीम खान, शेर मोहम्मद, बाबू खान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पत्नी के साथ विवाद के दौरान हुआ हंगामा

**मसवासी।** थाना क्षेत्र के मझरा खुशहालपुर गांव में पत्नी के साथ मुकदमा दर्ज कराने को लेकर हुए विवाद के दौरान हंगामा करने पर पुलिस ने एक युवक का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक सोहनपाल सिंह गश्त एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान गांव मझरा खुशहालपुर पहुंचे। वहां सलमान पुत्र मोहम्मद इरफान निवासी मझरा खुशहालपुर अपनी पत्नी सिम्मी के साथ किसी मामले में मुकदमा दर्ज कराने को लेकर विवाद कर रहा था। पुलिस ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना और अधिक उत्तेजित होकर झगड़े पर आमादा हो गया।पुलिस का कहना है कि स्थिति को देखते हुए संज्ञेय अपराध होने की आशंका थी। इसके बाद सलमान को हिरासत में लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई की गई। बाद में उसका चालान कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने न्यायालय से आरोपी को मुचलकों पर पाबंद किए जाने की संस्तुति की है।

### योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है: डॉ.पुष्कर

**रामपुर।** रज़ा पुस्तकालय में द्वितीय योगोत्सव के अंतर्गत योग पर एक वैश्विक आन्दोलन विषय पर एक संगोष्ठी तथा योग यात्रा, शास्त्र, साधना एवं संस्कार विषयक विशेष प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसी के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। अध्यक्षता डॉ. पुष्कर मिश्र, निदेशक, रामपुर रज़ा पुस्तकालय एवं संग्रहालय द्वारा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 श्रीमद्जगद्गुरु श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम रहे। उद्बोधन में पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने आज सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और आध्यात्मिक उन्नयन का मार्ग प्रदान किया है। भारतीय ज्ञान परम्परा, संस्कृति एवं विरासत के संरक्षण और प्रसार के लिए निरन्तर कार्य कर रहा है तथा योग इसी ज्ञान परम्परा का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने आचार्य प्रमोद कृष्णम के आगमन पर और उनके परिणाश्रुत भाषण के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्यप्रकाश पाल, भारत भूषण गुप्ता, स्वामी हरमनोज दास, स्वामी विट्ठलानन्द महाराज, योगेन्द्र त्यागी, नितिन त्यागी, शिवम त्यागी, रमेश कुमार जैन, डॉ. मेहंदी हसन, डॉ. सैयद अनवरुल हसन, अनीता वैश्य, अंतरा यादव, डॉ. जहीर अली सिद्दीकी, डॉ. किश्वर सुल्ताना सहित विद्वान, शोधार्थी एवं योग प्रेमी उपस्थित रहे।



संगोष्ठी में बोलते निदेशक डॉ.पुष्कर मिश्र।

# मिलक में शराब की दुकान खोलने को लेकर गर्माया माहौल, धरना

## गांव परतापुर का है मामला, ग्रामीणों की पुलिस से हुई तीखी नोकझोंक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मिलक में शराब की दुकान खोले जाने को लेकर माहौल गरमाया। ग्रामीण दुकान खुले जाने के लेकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने विभागीय अफसरों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस की भी ग्रामीणों से तीखी झड़प भी हुई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शराब की दुकान खुलने नहीं दी जाएगी। इससे युवाओं और सामाजिक वातावरण पर नकारात्मक असर पड़ेगा। मौके पर पहुंची पुलिस से भी ग्रामीणों की नोकझोंक भी हुई। मिलक क्षेत्र के परता पुर गांव में शुक्रवार को नई शराब की दुकान की स्वीकृति के विरोध में ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया। मौके पर स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा, लेकिन विरोध इतना तेज रहा कि दुकान शुरू नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में शराब की दुकान खुलने नहीं दी जाएगी।



गांव परतापुर में दुकान खुले जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**शहर में भी शिफ्टिंग को लेकर सिख समाज ने जताई थी आपत्ति**

शहर में राधा रोड स्थित शराब की दुकान के स्थानांतरण को लेकर सिख समाज भी विरोध जता चुके है। समाज के लोगों ने इस मामले में आपत्ति जताई। आबकारी विभाग द्वारा दुकान को ऐसी जगह शिफ्ट कराया जा रहा है जहां पर कुछ ही दूरी पर बालिकाओं का विद्यालय और शहर के प्रमुख गुरुद्वारा है। आरोप है विभागीय अधिकारियों की सहमति से दुकान को मूल आवंटित स्थल से हटाकर नई जगह शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। अगर दुकान का संचालन नई जगह पर शुरू किया जाता है तो सामाजिक, धार्मिक वातावरण प्रभावित हो सकता है।

"दुकान का पूरे नियमानुसार और सारे मापदंडों का पालन करके संचालन किया गया है। दुकान को राजस्व की दृष्टि से खोला गया है। इस बात का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। -अरविन्द कुमार मिश्रा, आबकारी निरीक्षक मिलक।

**शराब की पेटियां लेकर पहुंचने की गांव में फैली खबर**

ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे तीन लोग कार से शराब की पेटियां लेकर गांव पहुंचे। उन्होंने निर्धारित स्थान पर दुकान शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी। इसकी जानकारी गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। कुछ ही देर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।



# 'बच्चों तुम खेलने के बहाने आना, हमारी लाशों पर मिट्टी डालना'

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** दूसरी मोहर्रम उल हराम के अशरे की मजलिस ख्वानवादा ए मरहूम मोहम्मद मुजतबा आबदी साहब की ओर से इमाम बाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग वक्फ मोहल्ला लाल कबर में हुई। जिसको नोगवां सादात ने मौलाना जेगम ने खिताब फरमाया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन ने जब कर्बला की जमीन पर क़दम रखना चाहा तो आपकी सवारी ने जमीन ए कर्बला पर कदम रखने से इंकार कर दिया तो आपने उस बस्ती के लोगों को बुलाया और पूछा कि इस जगह का क्या नाम है। किसी ने कहा कि इस जगह को कर्बला कहते हैं।

तब इमाम ए हुसैन ने इस जमीन कर्बला को 60,000 हज़ार दरहम कीमत अदा कर 4 मुरब्बा मील जमीन को खरीदा। कहा कि खेमे यहीं लगा दो अब हमारी मंजिल यही कर्बला है। तब इमाम हुसैन ने बस्ती के लोगों को बताया मैं तुम्हारे नबी का नवासा हूं जिसका तुम कलमा पढ़ते हो। जवानों से कहा मैं अली अकबर का बाप और अब्बास का भाई हूं। औरतों से कहा कि मैं तुम्हारे नबी की बेटी फातिमा और अली का बेटा हूं। क्योंकि जालिम हमारी लाशों को दफन भी नहीं होने देंगे। जो भी जायरीन हमारी कब्र पर आएगा वो तीन दिन हमारा मेहमान बनकर रहेगा और आज यही होता है।

## सार संक्षेप

### पुजारी ने कराया योगा



योगा कराते पंडित विश्वनाथ मिश्रा।

**रामपुर।** पुजारी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने शक्ति दरबार में शामिल साधकों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि इस माह 21 जून 2026 दिन रविवार को राष्ट्रीय स्तर पर विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर सभी भक्तों को स्वस्थ रखने में सहायक योगासन योग साधना कराते हुए पुरोहित ने बताया कि यह अभ्यास है सभी को स्वस्थ रखने में सफल रहे। हर समय योग के द्वारा अपने परिवार को देश को सुखी बनाने में सहयोगी बने। इस भावना से प्रेरित किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नेता विपक्ष राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन

**शाहबाद।** शुक्रवार को देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन के मौके पर शाहबाद के कांग्रेसियों ने केक काटकर अपने नेता का जन्मदिन मनाया। साथ ही साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमारदारों को फल भी वितरित किए। राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनसेवा का संकल्प लेते हुए फल वितरण शरबत वितरण एवं केक काटने के कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यकर्ताओं ने 2029 के लोकसभा चुनावों को जीतकर राहुल को देश का प्रधानमंत्री बनाने का प्रण लिया। जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग ने राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की। जिला पंचायत सदस्य नुसरत बेग, हाजी शाहवेज खान, शाज़मान आर्यन, आसिफ सैफी, हसन मिर्जा, डॉक्टर अफाक, सलीम मियां, नासिर मियां, अमरपाल, राहुल राजपूत आदि रहे।

### राहगीरों को समिति के पदाधिकारियों ने बांटा शरबत



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

**रामपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल महिला प्रकोष्ठ की ओर से शाहाबाद गेट पर भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों, व्यापारियों एवं आमजन को शरबत वितरित किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नेहा रस्तोगी के नेतृत्व में किया ।इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शाइस्ता खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुचि जोगी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की मुख्य इकाई के जिला अध्यक्ष श्री मुकेश रस्तोगी, सदस्य यासर गांधी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सेवा भाव का परिचय दिया।

### सपा नेता रामबहादुर ने परिजनों को बंधाया ढांढस



शाहबाद के मंगोली में मृतक युवक के परिजनों का दुख बांटने पहुंचे रामबहादुर सागर।


**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला मंगोली गांव निवासी प्रेम सिंह के 25 वर्षीय पुत्र विशाल की पंजाब में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई। असमय मृत्यु से हर किसी को दुखी कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद जब विशाल का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, तो हर आंख नम थी ।पूरे गांव में मातम पसर गया। समाजवादी नेता रामबहादुर ने मंगोली गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। सपा नेता रामबहादुर ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए कहा विशाल अपने परिवार का बड़ा बेटा था, उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। न्याय और मदद की इस घड़ी में हम और हमारी पूरी पार्टी इस परिवार के साथ खड़ी है। परिवार को हर संभव मदद का पूरा आश्वासन दिया गया है ।परिजनों ने विशाल की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। समाजवादी नेता रामबहादुर ने भी प्रशासन से मांग की है कि पंजाब पुलिस से समन्वय बनाकर मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कराई जाए ताकि सच सामने आ सके और दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले।

### 23 जून को मिलक में लगेगा रोजगार मेला

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन योजना के तहत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 23 जून को प्रात: 10 :00 बजे तहसील मिलक स्थित डॉ. रामबहादुर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज परिसर में किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तीन प्रमुख कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनमें ग्रो फास्ट फर्टीलाइजर्स लिमिटेड, पुखराज हेल्थ केयर प्रा .लि. एवं फ्रीडम एम्प्लॉयमेंट एकेडमी प्रा .लि. शामिल हैं। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी जमीर हुसैन खां ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा ।अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे साक्षात्कार के समय अपना अद्यतन सीवी, पासपोर्ट साइज फोटो तथा समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की एक-एक छायाप्रति साथ लेकर अवश्य आएं ।रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का पंजीकरण अनिवार्य है। अत: इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार पोर्टल पर पंजीकरण कराकर मेले में प्रतिभाग करें तथा अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप किसी भी सहभागी कम्पनी में आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेला पूर्णत: नि:शुल्क है। यदि कोई कम्पनी अभ्यर्थियों से कॉल, एसएमएस अथवा किसी अन्य माध्यम से शुल्क या धनराशि की मांग करती है तो किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। मेले में प्रतिभाग हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### पुस्तकें भेंट कर नीलम ने बढ़ाया शिक्षकों का मान

**रामपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भोट, विकास खंड चमरौआ में कार्यरत कवित्री, लेखिका एवं अध्यापिका नीलम रानी सक्सैना ने रज़ा लाइब्रेरी को अपनी स्वरचित पुस्तकें भेंट की। ऐतिहासिक रज़ा लाइब्रेरी का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने रज़ा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र से शिष्टाचार भेंट की तथा अपनी स्वरचित एवं संपादित पुस्तकों का संग्रह पुस्तकालय को भेंट स्वरूप प्रदान किया।



डॉ. पुष्कर मिश्र को पुस्तक भेंट करती शिक्षिका।

स्वरचित पुस्तकें सजल कलश छलके एवं दोहे महके धरा गगन के साथ-साथ अपने संपादन एवं उपसंपादन में प्रकाशित पुस्तकें पनघट के पार, "महके सजल गुलाब", "बसंत की पंखुड़ियां-ज्ञान की सुवास, ख्वाबों की गलियां", "रूह की आवाज तथा "प्रज्ञा प्रवाहिनी" पुस्तकालय संग्रह के लिए प्रदान कीं। शिक्षिका की इस साहित्यिक उपलब्धि पर जनपद के शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी सहित शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने नीलम रानी सक्सेना को बधाई देते हुए उनके साहित्यिक योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ साहित्य सृजन के क्षेत्र में उनकी सक्रियता अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। जनपद के शिक्षकों ने इसके लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# समस्याओं को लेकर हुई चर्चा



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिमंडल के तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर जनता दरबार लगाया गया। जिसमें एक समस्या आई। इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि वार्ड संख्या 6 में 1 किलोमीटर दूर क्षेत्र का कूड़ा एकत्रित करके पीला तालाब व्यापारिक क्षेत्र में डाला जा रहा है जिससे समस्त जनता व आसपास व्यापारिक क्षेत्रीय व्यापारी परेशान हैं। पिछले 25 वर्षों से पीला तालाब क्षेत्र के नागरिक व्यापारी कूड़ा क्षेत्र कूड़ा सेंटर समाप्त कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक वह कूड़ा सेंटर समाप्त नहीं हुआ है जल्द से जल्द कूड़ा सेंटर को समाप्त कराया जाए। व्यापारी समाज का का व्यापार कार्य ज्यादा प्रभावित हो रहा है ।व्यापारी समाज कूड़े की दुर्गंध से परेशान है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, सामी खान, लालमन सैनी, विष्णु सैनी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का हुआ विदाई समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** चमरौआ के नौगवा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक के नवस्थापित परिसर में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देने के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।विदाई समारोह का सफल संचालन प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट टीम भावना, अनुशासन, समर्पण एवं संगठनात्मक कौशल का परिचय देते हुए इस अवसर को भावनाओं, कृतज्ञता और मधुर स्मृतियों से परिपूर्ण एक यादगार उत्सव में परिवर्तित कर दिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राज बहादुर सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करने से हुआ। प्राचार्य डॉ. राज बहादुर सिंह ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक सफलतापूर्वक पहुंचने पर बधाई दीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। जिनमें गीत, भाषण, मनोरंजक प्रस्तुतियाँ एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रम शामिल रहे। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया तथा समारोह को जीवंत, रंगारंग और उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी कुमार, चंद्रशेखर, कपिल गंगवार, चंदन विश्वकर्मा, अंजू, सतीश कुमार सिंह, फातिमा तथा जयपाल उपस्थित रहे ।विचार व्यक्त करते हुए संकाय सदस्यों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्वों एवं मानवीय संवेदनाओं का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, शुभकामनाओं एवं उज्ज्वल भविष्य की आशाओं के साथ हुआ।




छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

# योग के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के लिए आयुष विभाग द्वारा निकाली पदयात्रा

- पदयात्रा जिला पंचायत कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांधी समाधि स्थल पर संपन्न हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मनाये जा रहे योग सप्ताह के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी एवं अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मोहनलाल सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। पदयात्रा जिला पंचायत कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांधी समाधि स्थल पर संपन्न हुई।

पदयात्रा का उद्देश्य आमजन को योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर आयुष विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया ।मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का समापन योग दिवस के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।




पदयात्रा में शामिल लोग। -जागरण मोर्चा

# कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जननायक, नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों एवं जरूरतमंदों के बीच फल एवं भोजन वितरण किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व विधायक बिलासपुर संजय कपूर के कैंप कार्यालय/जिला कार्यालय पर केक काटकर जन्मदिन मनाया ।इस अवसर पर संजय कपूर कहा कि आज देश के वर्तमान हालात में राहुल गांधी ही सच्चे जननायक के रूप में सामने आए हैं ।जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि राहुल गांधी का जीवन संघर्ष, सच्चाई और समर्पण का प्रतीक है ।शहर अध्यक्ष बाकर अली खां ने कहा कि राहुल गांधी का नेतृत्व देश को एक नई दिशा देने में सक्षम है। उनके विचारों और सिद्धांतों पर चलते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान सभी कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमिल कुमार शर्मा बाकर अली खां, साहिर खां, मोमान मुमताज खां, मोहम्मद जकी, राजेश लोधी, अजीब सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, रामगोपाल कटारिया, रामकिशोर लोधी, फरीद खां, भूरा खां, अमीर, इमरान पाशा आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राहुल गांधी का जन्म दिन मनाते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

**सराहनीय** खुशी ई-संगिनी चैटबॉट देगा टीबी संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन

# टीबी मुक्त भारत ऐप से टीबी उन्मूलन अभियान को मिली डिजिटल ताकत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**रामपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत टीबी मरीजों को बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा सामुदायिक भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से टीबी मुक्त भारत ऐप की शुरुआत की गई है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म टीबी मरीजों, निःक्षय मित्रों, स्वयंसेवकों एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि ऐप के माध्यम से मरीजों तक आवश्यक सहयोग समय पर पहुंचाने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों की निगरानी भी अधिक व्यवस्थित ढंग से की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत ऐप लोगों को अभियान से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा तथा मरीजों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया को और सरल बनाएगा। इस ऐप के माध्यम से नागरिक, औद्योगिक संस्थान, स्वयंसेवी संगठन तथा टीबी मरीज अभियान में सक्रिय सहयोग कर सकेंगे। ऐप को इस प्रकार विकसित किया गया है कि टीबी से जुड़ी जानकारी, सहायता सेवाएं एवं जनसहभागिता एक ही मंच पर उपलब्ध हो सके। इसमें खुशी-आपकी ई-संगिनी नामक एआई आधारित चैटबॉट भी शामिल है, जो उपयोगकर्ताओं को टीबी के लक्षण, उपचार, सावधानियों तथा उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करता है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि टीबी उन्मूलन की दिशा में तकनीक आधारित यह पहल अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से प्रभावी मुकाबला केवल स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सत्यप्रकाश ने बताया कि जनपद में खुशी चैटबॉट को प्ले स्टोर के माध्यम से टीबी मरीजों एवं आमजन द्वारा डाउनलोड कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत ऐप (खुशी चैटबॉट) के माध्यम से अब तक 256 स्वयंसेवक तथा 32 निःक्षय मित्र पंजीकृत किए जा चुके हैं। जनपद में कुल 6,298 टीबी मरीजों को ऐप के माध्यम से टीबी संबंधी जानकारी एवं सहायता सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ।उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के सभी डायग्नोस्टिक सेंटरों, नर्सिंग होम एवं क्लीनिकों को ऐप के माध्यम से निःक्षय मित्र बनाकर पोषण पोटली वितरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उद्योग जगत भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहा है। फेयर एक्सपोर्ट प्रा. लि. द्वारा आगामी दिनों में 500 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरण करने की सहमति प्रदान की गई है।

# भाकियू एकता शक्ति ने अव्यवस्थाओं को लेकर सीएमएस को दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के राष्ट्रीय सचिव डॉ. मतीन खान के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मिला। कहा कि भाकियू एकताशक्ति का ध्यान पिछले काफी समय से जिला अस्पताल रामपुर की बदहाल स्थिति की ओर खींचा जा रहा है। रामपुर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले गरीब किसान, मजदूर और आम नागरिक इस अस्पताल की घोर अव्यवस्थाओं के कारण प्रताड़ित हो रहे हैं ।लावारिस कुत्तों का जमावड़ा अस्पताल परिसर, मुख्य गलियारों, जनरल वार्डों और यहाँ तक कि इमरजेंसी वार्ड के भीतर भी कुत्ते खुलेआम घूम रहे हैं। यह न केवल नवजात बच्चों और गंभीर मरीजों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है, बल्कि इससे रैबीज और अन्य जानलेवा संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

मरीजों की देखभाल में घोर लापरवाही सामने आ रही है। मरीजों को घंटों तक स्ट्रेचर या डॉक्टरों के इंतजार में तड़पना पड़ता है। वार्डों में भर्ती मरीजों की सुध लेने के लिए डॉक्टर समय पर राउंड नहीं ले रहे हैं।



सीएमएस को ज्ञापन सौंपते संगठन के राष्ट्रीय सचिव व अन्य। -जागरण मोर्चा

## गगनदीप ने की सीए परीक्षा उत्तीर्ण, परिवार में खुशी



**चन्दौसी।** नगर के फड़याई बाजार में किराना व्यापारी धीरेंद्र कुमार के पुत्र गगनदीप वार्ष्णेय ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार का नाम शहर में रोशन किया। वह नगर के बरिष्ठ डा. नरेंद्र कुमार गुप्ता के भतीजे हैं। उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। परिवार के लोग मिठाई बांटकर बेटी की सफलता की खुशियां मना रहे है। वहीं मुहल्ले वालों के साथ रिश्तेदार व मिलने वाले भी उनके घर पर पहुंचकर बेटे की कामयाबी को लेकर परिवार के लोगों को बधाई दे रहे है। गगनदीप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया।

# यूपीसीए यू-23 क्रिकेट ट्रायल्स के लिए मुरादाबाद जोन की टीम घोषित, नगर की प्राची गौड़ ने बनाई जगह

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ट्रायल्स सत्र 2026-27 के लिए मुरादाबाद जोन से अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इस चयन सूची में नगर की प्रतिभावान महिला क्रिकेटर प्राची गौड़ ने अपनी जगह बनाकर नगर और पूरे संभल जिले का नाम रोशन किया है। प्राची के इस चयन से स्थानीय खेल प्रेमियों और नगर वासियों में भारी हर्ष का माहौल है।



महिला खिलाड़ियों को यू-23 यूपीसीए ट्रायल्स के लिए चुना गया है।

डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन मुरादाबाद के सचिव विजय गुप्ता द्वारा जारी सूची में पूरे मुरादाबाद जोन से कुल 8 सर्वश्रेष्ठ चयनित खिलाड़ियों नगर की प्राची गौड़, विदीशा, सानिया,प्रीति,शुभ चौधरी,गोल्डी,ईशा, अधि प्रजापति है। प्राची गौड़ के इस बड़े स्तर पर चयन होने की खबर मिलते ही उनके परिवार में बधाई देने वालों का तांता लग गया है। स्थानीय खेल संघों, कोचों और लोगों ने प्राची को इस शानदार उपलब्धि पर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि प्राची का यह चयन क्षेत्र की अन्य बालिकाओं को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

आगामी यूपीसीए ट्रायल्स में यह सभी खिलाड़ी मुरादाबाद जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्तर प्रदेश की मुख्य टीम में जगह बनाने के लिए मैदान पर उतरेंगी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर रम्पुरा में आयोजित हुई जनपद स्तरीय चौपाल

## प्रशासन गांव-गांव पहुंच सुन रहा ग्रामीणों की समस्याएं, स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को जनपद की सभी विकास खंडों की दो-दो न्याय पंचायतों में रात्रि चौपालों का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय रात्रि चौपाल विकासखंड बहजोई के ग्राम रम्पुरा स्थित काली मंदिर प्रांगण में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामि हुईं।

चौपाल में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी तथा पश्चिम क्षेत्रीय संयोजक भुवनेश राघव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने गए। जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।





गांव रम्पुरा में रात्रि चौपाल में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

मुख्य अतिथि मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार किसानों और आमजन के द्वार तक पहुंच रही है। प्रशासन गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को सुन रहा है और उनका समाधान कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया गया है तथा पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का आह्वान करते हुए उन्हें देश का भविष्य बताया।

भाजपा नेता ओमवीर सिंह खड़गवंशी ने कहा कि सरकार सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण, शिक्षा, सड़क, तीर्थ स्थलों के विकास तथा युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वहीं क्षेत्रीय संयोजक भुवनेश राघव ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, परिवहन अधिकारी अभिताभ चतुर्वेदी, चन्द्रसेन दिवाकर, विजय यादव, विभिन्न विभागों के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

रात्रि चौपाल में यूपीनेडा के प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रामानुज ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने बताया कि गांव के लिए उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक ने टीकाकरण, डायबिटीज व हाईपरटेंशन जांच, किशोरियों के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव संबंधी टीकाकरण तथा टीबी रोगियों के लिए पोषण पोटली योजना सहित स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बताया कि जिले की प्रत्येक विकास खंड की दो-दो न्याय पंचायतों में आयोजित रात्रि चौपालों का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

# घोड़े के अचानक सामने आने से बाइक हादसा, चार लोग घायल

- प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल संभल किया गया रेफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम गढ़ा जा रहे चार लोग सड़क हादसे में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार प्रियंका (16) पुत्री छोटे लाल, चंद्रप्रकाश (14) पुत्र छोटे लाल, छोटे लाल (50) पुत्र अमर सिंह निवासी त्रिलोकपुर थाना रामघाट जनपद बुलंदशहर तथा श्रीओम 35 वर्ष पुत्र नौबत सिंह निवासी मुजफ्फरा थाना गोधा जनपद अलीगढ़ एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर इस्लामनगर से अपने रिश्तेदारों के यहां ग्राम गढ़ा थाना धनारी जा रहे थे।

शाम करीब 6:45 बजे शुभमंगलम होटल के पास अचानक सामने से एक घोड़ा भागता हुआ आ गया, जिससे घोड़ा मोटरसाइकिल से टकरा गया और बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई लाया गया।



सीएचसी उपचार को पहुंचा घायल।

सीएचसी बहजोई में चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। हादसे के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# हत्या के मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

- कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में गुरुवार की रात हुई थी घटना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में गुरुवार की रात महिला व उसकी दो पुत्रियों को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना में महिला की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पति की ओर से चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मई में मल्लू पुत्र सुलेमान के परिवार से जकिया उर्फ जकी मोहम्मद का परिवार रंजिश मानता है। गुरुवार की रात गांव मई निवासी मल्लू की पुत्री मंतशा घर से अपने प्लाट में कूड़ा डालकर घर लौट रही थी। रास्ते में अपने दरवाजे के बाहर खड़ी रुखसार पुत्री जकिया उसे देखकर गाली-गलौज करने लगी। मना करने पर मंतशा के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवती की चीख-पुकार सुनकर मंतशा की मां चमन व बहन अजरा बचाने पहुंती तो जकिया उर्फ जकी मोहम्मद, रजिया उर्फ रियाज मुहम्मद व फूल वालो ने तीनों पर जान से मारने की नीयत से पथराव सिलवटना से हमला कर दिया। जिसमें चमन व उसकी दोनों पुत्रियों गंभीर रूप से घायल हो गई।



घटनास्थल पर पुलिस से जानकारी करते एसपी व मृतका चमन का फाइल फोटो।

जबकि घटनास्थल पर चमन बेहोश होकर गिर पड़ी। घटना की सूचना पुलिस को दी। मल्लू व उसका भाई जब्बार खां चमन को गंभीर हालत में लेकर बहजोई के सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही चमन को मृत घोषित कर दिया।

घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जकिया उर्फ जकी मुहम्मद, रजिया उर्फ रियाज मुहम्मद, फूलवानो, रुखसार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बाइक व ऑटो की टक्कर में युवक की मौत

- शाहबाद थाना क्षेत्र के मंगोली के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चंदौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मुड़िया के निवासी युवक की थाना शाहबाद जाते समय रास्ते में सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।



गांव मुड़ियाखेड़ा निवासी गौरव 23 वर्ष पुत्र लल्लू गुरुवार को परिवार के साथ भात लेकर अपनी बहन के घर गांव आल्हादपुर करार थाना शाहबाद जनपद रामपुर गए थे। रात 9.30 बजे किसी कार्य से वह बाइक से शाहबाद जा रहा था। उसके साथ चचेरा भाई सोमवीर पुत्र नन्हे भी बाइक पर था। बाइक सवार शाहबाद क्षेत्र के गांव मंगोली पहुंचे तो शाहबाद की तरफ से आ रहे आटो व बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए शाहबाद लाया गया। जहां चिकित्सक ने गौरव को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि सोमवीर की हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल को उपचार के लिए दिल्ली ले गए। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

## आग लगाकर युवक ने की आत्महत्या की कोशिश

जागरण मोर्चा, संवाददाता

**बहजोई/संभल।** थाना धनारी क्षेत्र के गांव ढेर निवासी एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मोरध्वज 38 वर्ष पुत्र भूरे सिंह निवासी गांव ढेर, थाना धनारी गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में पाए गए। सूचना मिलने पर थाना धनारी पुलिस उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई लेकर पहुंची। सीएचसी बहजोई में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार घायल को शाम करीब 6:55 बजे सीएचसी बहजोई लाया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा परिजनों से पूछताछ कर घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**आयोजन** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत लोक कल्याण मेले का हुआ आयोजन

# लोन चुकाने वालों को पालिकाध्यक्ष व ईओ ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर पालिका परिषद की ओर से अस्थाई कार्यालय गांधी पार्क में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व ईओ सतेंद्र प्रकाश द्वारा किया गया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत एक से 30 जून तक सभी नगरीय निकायों में लोक कल्याण मेला (स्वनिधि महोत्सव) आयोजित किया जा रहे हैं। पालिका द्वारा नगर क्षेत्र के स्थानीय रहरी पटरी व्यवसासियों (स्ट्रीट वेंडर्स) को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया हैं। मेले का मुख्य उद्देश्य छोटे दुकानदारों और पटरी व्यवसासियों को आसान ऋण सहायता उपलब्ध कराना।





लाभार्थियों को सम्मानित करतीं पालिकाध्यक्ष व ईओ। -जागरण मोर्चा

जिन लाभार्थियों ने इस योजना के अंतर्गत दूसरी किशत भी बैंक को चुका दी है। उनके लिए सरकार द्वारा निर्देशित क्रेडिट कार्ड जारी करना साथ ही उन्हें डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरुक करना और अन्य सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। प्रधानमंत्री मोदी कायही लक्ष्य था कि यह योजना केवल एक लोन स्कीम नहीं है, बल्कि यह रेहड़ी-पटरी वालों को समाज में गरिमा और सम्मान के साथ जीने का अवसर देती हैं। कोराना के दौरान जब छोटे कारोबारियों का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ था। तब इस योजना ने उन्हें नई पूंजी देकर सहारा दिया। समय पर लोन चुकाने वाले लाभार्थियों को पालिकाध्यक्ष व ईओ ने सम्मानित किया। इस दौरान लोकेश मौर्य, रोहित दिवाकर, निशांत शर्मा, दलवीर यादव, अनीता, सुनील कुमार, सचिन सक्सेना, प्रमोद कुमार, मुकुल शर्मा, आशीष गुप्ता, लवित वार्ष्णेय, अंकित सक्सेना, वर्षा, रजनी आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### जूनियर में निवेदिता एवं सीनियर में प्रीति प्रथम

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम स्थित सबरंग ज्योति आर्ट अकादमी द्वारा लगातार पिछले 14 दिनों से चलाएं जा रहे समर कैंप में हर दिन बच्चों से रंग भरों प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। शुक्रवार को भी एक प्रतियोगिता कराई गई।



चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी।

जिसमें लगभग 81 बच्चों ने भाग लिया। सबरंग अन्नी द्वारा जूनियर बच्चों को कप प्लेट व सीनियर बच्चों को सीनरी का रंगो द्वारा चित्रण कराया गया। सभी बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों का पारुल वैष्णवी शर्मा व प्रियंका दीप निर्णायक मंडल के द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय का चयन किया गया। जिसमें जूनियर में निवेदिता ने प्रथम, अनामिका द्वितीय तथा स्पर्श ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में सीनियर में प्रीति प्रथम, ओदय द्वितीय और आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा. राजीव लोचन शर्मा ने कहा बच्चों यदि आपको मेहनत करने के बाद भी नो मिलता है तो याद रखें नो का अर्थ है नेक्स्ट, इसलिए प्रयास करते रहो सफलता कभी ना कभी तुम्हारे कदम चूमेगी। मनोज कुमार छुट्टन, कमल कुमार पटिया वालों की तरफ से सभी बच्चों को गिफ्ट बांटे गए। इस दौरान मास्टर सबरंग अन्नी, हीरालाल ज्योति, ज्ञान प्रकाश चिंटू, प्रफुल्ल अग्रवाल, राजू, पारुल, वैष्णवी शर्मा, बीना गुप्ता, योगेंद्र कुमार, मनोज कुमार छुट्टन, कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, इंद्रपाल वार्ष्णेय, प्रियांशी आदि का सहयोग रहा।

### बाइक चोरी में दोषी को ढाई वर्ष का कारावास

**चन्दौसी।** अपर एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने बाइक चोरी के मामले में दोष सिद्ध होने पर दोषी को ढाई वर्ष के कारावास से दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया कि थाना गुन्नौर क्षेत्र में वर्ष 2023 में बाइक चोरी हुई थी। चोरी के आरोप में असलम निवासी लालपुर गौंसा, हरदोई के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मुकदमें की सुनवाई अपर एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ता को सुना। जिसमें न्यायालय ने असलम को दोषी पाया और दोषी को ढाई वर्ष के कारावास से दंडित किया है।

### खेत पर कार्य कर रही महिला के साथ मारपीट

**चन्दौसी।** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में खेत पर कार्य कर रही महिला के साथ दबंगों ने मारपीट की। महिला ने दबंगों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। गांव पैगारफातपुर निवासी गोला देवी पत्नी कमल सिंह का आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर 12 बजे अपने खेत पर कवार कटवा रही थी। तभी गांव के कुछ लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला की चीख-पुकार सुन पति व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो दबंग चले गए। महिला ने आरोप है कि दबंग उसके खेत पर कब्जा करना चाहते हैं। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

### खेत से लौट रही महिला के साथ छेड़छाड़

**चंदौसी।** कोतवाली क्षेत्र एक गांव में खेत से घर आ रही महिला के साथ गांव के व्यक्ति ने छेड़छाड़ की। महिला की ओर से आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी गई है। महिला ने बताया कि गुरुवार की शाम 5 बजे वह खेत से बाजरा लेने गई थी। घर लौटते समय रास्ते में एक युवक आ गया। उसने महिला के साथ दराती छीनकर फेंक दी और छेड़छाड़ करने लगे। महिला ने विरोध कर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस युवक फरार हो गया। महिला ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

### सत्यम ने पास की सीए की परीक्षा



**बहजोई।** नगर के युवा सत्यम गुप्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है और रिश्तेदार व परिचितों को घर आना लगा हुआ है। सत्यम गुप्ता के घर में माता सुनीता देवी, पिता गजेंद्र गुप्ता व दादा हरीबाबू सहित परिजनों में प्रसन्नता है और सभी लोग खुशी में मिठाइयों का वितरण कर रहे हैं। सत्यम गुप्ता अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, दादा व गुरुजनों को देते हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और एकाग्रता के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। सत्यम गुप्ता को बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

### योग हमारी शक्ति,एकाग्रता और कार्य क्षमता को बढ़ाता मन को करता शांत

**चन्दौसी।** नगर के विनायक गार्डन में जायंट्स ग्रुप आफ़ वीमेन पावर, वीमेन प्राइड एवं वीमेन एरा द्वारा आयोजित योग शिविर नौवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को प्रशिक्षिका अनुपम ने सनातन धर्म का प्रचार करते हुए मंत्रोच्चारण किया तथा बहुत ही मनमोहक भजन सुनाया। जिससे वहां उपस्थित सभी महिलाएं गद् गद् हो गई। तत्पश्चात उन्होंने बताया कि योग हमारी शक्ति,एकाग्रता और कार्य क्षमता को बढ़ाता है तथा मन को शांत करता है। योग से शरीर स्वस्थ और मन शांत होता है। उसके पश्चात सभी उपस्थित महिलाओं ने शिक्षिका के साथ प्राणायाम के प्रकार- अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, कपालभाति, भ्रामरी, उज्जायी,शीतली के साथ-साथ बालासन,भुजंगासन व वज्रासन का अभ्यास किया। इस दौरान सुधा चौधरी, क्षमा अग्रवाल, अनु रस्तोगी, शुभा अग्रवाल, अलका मंगलम, नीतू, सोनी,प्रीति, अंजलि, अदिति, सुनीता,निधि, कल्पना, सानिया, मिनाली, शिल्पी, शिप्रा, मीनाक्षी,रिशु, तान्या, वंदना, सारिका ,हिना, रानी, मधु ,ज्योति आदि ने योग का लाभ उठाया।



योग शिविर में योगा करतीं पदाधिकारी।

### बीमारियों को योगाभ्यास द्वारा ठीक किया जा सकता

चन्दौसी। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में चल रहे एक महीने के योग कैंप के तीसवें दिन योगाचार्य एवं वैध ने आज बेरीकौन बोनस के बारे में जानकारी दी और बताया इस बीमारी से पैरों में नसों के गुच्छे बन जाते हैं, जो बहुत दर्द करते हैं। इस बीमारी को योगाभ्यास द्वारा कैसे ठीक किया जा सकता है तथा डाइट के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैसे अमला पाउडर, ब्रह्मी पाउडर,अश्वगंधा पाउडर, दालचीनी ,अलसी के बीज आदि हमें किस समय कितनी मात्रा में कब और किस लिए लेने चाहिए। तथा यह चीजें किस-किस बीमारी में फायदा करती है। इसके साथ प्याज ,लहसुन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी कि लोग प्याज और लहसुन को क्यों नहीं खाते हैं और क्यों खाना चाहिए तथा इसके खाने से क्या-क्या फायदे हैं। प्याज और लहसुन को धरती पर अमृत बताया प्याज और लहसुन को हमें किस प्रकार खाना चाहिए विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, चीफ प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर अनु रस्तोगी, अंजू अग्रवाल ,प्रतिभा अग्रवाल, रीता अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।



योग शिविर में योगा करतीं ग्रुप की सदस्य। -जागरण मोर्चा

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

## कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** नगर के बाईपास मार्ग पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, दोनों ही परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। देर रात तक सीएचसी में भारी भीड़ जमा रही। नगर के कनेटा रोड निवासी शादिक पुत्र आबिद ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था,गुरुवार की देर रात्रि शादिक ई रिक्शा लेकर अपने घर को जा रहा था जैसे ही वह कनेटा रोड चौराहे के निकट पहुंचा तो सामने से आ रही पिकअप गाड़ी से उसकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई, हादसे के बाद चालक पिकअप गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। वही शादिक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को उपचार के लिए परिजन सीएचसी लेकर आए,जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृतक घोषित कर दिया गया। मृतक दो भाई एवं दो बहनों में सबसे छोटा था, मृतक की मां आशना का रो रो कर बुरा हाल था। वही दूसरा हादसा झकडी चौराहे के निकट हुआ, नगर के मोहल्ला लालबाग ऊंचा निवासी सलीम



मृतक सलीम व मृतक शादिक का फाइल फोटो।

पुत्र जहीर बाइक से अपने घर को जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक झकडी चौराहे पर पहुंची तो सामने से आ रहे हैं कैंटर से उसकी भिड़ंत हो गई, घायल सलीम को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे भी मृतक घोषित कर दिया गया। मृतक गाड़ी चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था, मृतक की पत्नी तमन्ना एवं उसके दो छोटे बेटों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा कैंटर गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि बीती रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत हुई है,दोनों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



घायल का उपचार करते चिकित्सक ।



मृतक के परिजनों से जानकारी करती पुलिस।

## बिजली का तार ठीक करते समय दीवार से गिरकर टेंट कारोबारी घायल उपचार के दौरान मेरठ में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में बिजली का तार ठीक करते समय दीवार से गिरकर टेंट कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। कारोबारी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर निवासी राजेश पुत्र गजराम 35 वर्षीय बुधवार की शाम को अपने घर के मेन गेट के आगे पड़े स्लैब पर चढ़कर बिजली का तार ठीक कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक पैर फिसलने से जमीन पर आ गिरा। जमीन पर गिरने से टेंट कारोबारी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजनों के द्वारा घायल को नगर के नीचे चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां गुरुवार की सुबह नाजुक हालत में चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। जहां मेरठ के अस्पताल में शुक्रवार सुबह उपचार के दौरान राजेश की मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी तो घर में कोहराम मच गया।मृतक अपने पीछे पत्नी अनीता और दो बेटों को रोते-बिलखते छोड़ गया है। मृतक राजेश टेंट का कारोबार कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।मृतक राजेश ने अपने पीछे पत्नी अनीता, पुत्र विवेक एवं लविश को रोते हुए छोड़ा है।परिजनों बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मृतक के शव की अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं।



# अमिता जैन ने गुजरात न्यायिक सेवा परीक्षा में हासिल की छठी रैंक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरा दाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़ की झोली में एक बड़ी उपलब्धि आई है। लॉ कॉलेज की एल्युमिना सुश्री अमिता जैन ने गुजरात न्यायिक सेवा परीक्षा में सिविल जज बनकर टीएमयू का नाम गौरवान्वित किया है। गुजरात हाईकोर्ट की ओर से जारी सूची में अमिता जैन ने पूरे सूबे में 06वीं रैंक हासिल की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से लॉ कॉलेज के संग-संग यूनिवर्सिटी कैंपस में गर्व का माहौल है। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की कोतमा तहसील निवासी







अमिता जैन 2017 से 2022 तक टीएमयू के लॉ कॉलेज से बीबीए एलएलबी-ऑनर्स की स्टुडेंट्स रही हैं।

टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने एल्युमिना अमिता जैन को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उम्मीद जताई।

# सीएचसी में योग ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन, स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में चिकित्सालय के समस्त स्टाफ, आशा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र ने सत्र को संबोधित करते हुए बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव और शारीरिक बीमारियों से बचने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को निरोगी रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी स्वास्थ्य सुधार के लिए योग और प्राणायाम करने की सलाह दी जा रही है।इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित लोगों को विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान लगाने के सही तरीके





सीएचसी में योग करते हुए ।

सिखाए गए। अंत में डॉ. धुर्वेंद्र ने सभी से प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग करने का संकल्प लेने की अपील की।

## अग्रवाल सभा की मासिक बैठक का आयोजन

**हसनपुर ।** नगर के एक रेस्टोरेंट के सभागार में अग्रवाल सभा हसनपुर समृद्ध अग्रोहा धाम की मासिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य संगठन नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल का स्वागत भी किया गया। नगर के सरकारी अस्पताल स्थित एक रेस्टोरेंट के सभागार में गुरुवार की रात्रि अग्रवाल सभा समृद्ध अग्रोहा धाम की मासिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र के सम्मुख अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं महामंत्री मुकेश गोयल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं आरती करके किया गया। इसके बाद महामंत्री मुकेश गोयल द्वारा बैठक के मुख्य बिंदुओं को बताया गया जिस पर बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी द्वारा अपनी राय दी गई।

# कुत्तों ने मंदबुद्धि किशोर को नोचा, हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर की अब्दुल्ला कॉलोनी में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की देर रात्रि आवारा कुत्तों के झुंड ने एक मंदबुद्धि किशोर पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। किशोर को गंभीर हालत में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हायर सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, शब्बू का 6 वर्षीय बेटा हमजा अली कॉलोनी के पास मौजूद था। इसी बीच आवारा कुत्तों के झुंड ने उसे चारों तरफ से घेर लिया और बुरी तरह नोचना शुरू कर दिया। हमजा की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग लाठी-डंडे लेकर मौके पर दौड़े और बमुश्किल कुत्तों को भगाकर उसकी जान



घायल मासूम।

बचाई। परिजन आनन-फानन में लहूलुहान हमजा को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की समस्या लगातार विकराल होती जा रही है। इससे पहले भी ये कुत्ते हमसरी 45, तसलीम 50, नूरबी 8, साहयबा 16, और अलफेज 10 को अपना शिकार बना चुके हैं। डर के मारे महिलाओं और बच्चों ने अकेले बाहर निकलना बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। मामले में एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए जल्द ही विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## गंगा एक्सप्रेस वे पर कुत्ते से टकराने के बाद डिवाइडर से टकराई अनियंत्रित कार

**हसनपुर ।** गंगा एक्सप्रेस वे पर कुत्ते से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त कोई हताहत नहीं। कोतवाली क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेस वे पर गुरुवार की देर रात लखनऊ की दिशा से नोएडा जा रही एक कार गंगा एक्सप्रेस वे पर पॉइंट नंबर 974 के निकट घूम रहे कुत्ते से टकरा गई। जहां कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। कुत्ते से टकराने के बाद अनियंत्रित कार गंगा एक्सप्रेसवे के डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंचे गंगा एक्सप्रेसवे कर्मियों के द्वारा कार को टोल प्लाजा के निकट खड़ा किया गया। जबकि कार सवार युवकों को अन्य वाहन से नोएडा भेज दिया गया।



क्षतिग्रस्त कार।

# आबकारी टीम ने छापामार कर 25 लीटर कच्ची शराब बरामद



आबकारी विभाग ने पकड़ी कच्ची शराब ।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव में आबकारी टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की।

जानकारी के अनुसार आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने बौना वाली डगरौली गांव में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके से लगभग 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसके साथ ही शराब बनाने के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया करीब 500 किलोग्राम लहन भी बरामद हुआ, जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। आबकारी टीम में आबकारी निरीक्षक राम कुमार यादव, राज कुमार, अनिस अहमद, अनिल कुमार और राजेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## रेलवे ट्रेक के किनारे घायल मिला पुजारी

**गजरौला।** रेलवे ट्रेक के किनारे एक पुजारी घायलावस्था में मिला। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। आरपीएफ ने भी पहुंचकर मामले की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार नौगांव थाना क्षेत्र के गांव सियाली जांगिड़ निवासी सोनू पुत्र काली तिगरी गंगा धाम में पुरोहित है। वह बीती रात गुरुवार रात 9 :00 बजे तिगरी गंगा धाम से गजरौला आया था। अमरोहा के लिए ट्रेन न मिलने के कारण व अपनी रिश्तेदारी में चला गया था। शुक्रवार को सुबह के शाम वह दरियापुर गांव में रेलवे ट्रेक के पास घायलावस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सोनू को तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां से उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

आक्रोश

कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की उठाई मांग

# सांसद चंद्रशेखर पर अभद्र टिप्पणी करने पर कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर दिया धरना, कई थानों की फौर्स तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के युवक द्वारा सोशल मीडिया पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बहुजन समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से आक्रोश फैल गया।

शुक्रवार को भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला अध्यक्ष अजब सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में नगर के ब्लॉक तिराहे से कोतवाली तक जोरदार पैदल मार्च निकाला।इसके बाद गुस्साए कार्यकर्ता कोतवाली परिसर में जमीन पर ही धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी



प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए। -जागरण मोर्चा



जुलूस निकाला ते कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

की। कार्यकर्ता यतेंद्र निवासी चंदनपुर का कहना था कि वह सोशल मीडिया देख रहा था, तभी आरोपी युवक ने फेसबुक लाइव आकर गंदी-गंदी टिप्पणियां व जाति सूचक शब्द कहे, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं।इसी से नाराज होकर युवाओं ने कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं को तीन दिन का समय दिया है। तीन दिन के अंदर आरोपी पुलिस की पकड़ में होगा और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हसनपुर सहित तीन थानों आदमपुर, सैदनगली एवं रहरा पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद रही। कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद पदाधिकारियों ने गाड़ी पर खड़े होकर सभी कार्यकर्ताओं को समझाया, जिसके बाद शांत होकर कार्यकर्ता अपने घर लौटे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में राजू खैवान, पूर्व जिला अध्यक्ष अजब सिंह एडवोकेट, प्रवेश कुमार, कुलदीप सम्राट, यतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### लघु उद्योग भारती ने आगरा में आयोजित प्रथम बीआरआईसीएस , एमएसएमई ने फोरम में लिया भाग

**मुरादाबाद ।** लघु उद्योग भारती ने शुक्रवार आगरा में आयोजित प्रथम बीआरआईसीएस , एमएसएमई फोरम एवं तीसरी एसएमई वर्किंग ग्रुप बैठक में भाग लिया। यह कार्यक्रम बीआरआईसीएस भारतीय 2026 के अंतर्गत "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण" थीम पर आयोजित किया गया। लघु उद्योग भारती, बीआरआईसीएससदस्य देशों और भारतीय एमएसएमईएस के बीच द्विपक्षीय व्यापार की संभावनाएं बनाने के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त करती है। जो इस क्षेत्र के वैश्विक एकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। बैठक में एलयूबी प्रतिनिधिमंडल : लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ सदस्यों राकेश गर्ग, अमित अग्रवाल जी, दीपक गोयल जी, गौरव मित्तल जी, महेश गुप्ता जी ने किया। लघु उद्योग भारती का मानना है कि यह पहल मुरादाबाद के पीतल, हस्तशिल्प और निर्यात उद्योगों को वैश्विक विस्तार एवं सहयोग के नए अवसर प्रदान करेगी। इस मौके पर रचित अग्रवाल अध्यक्ष , अमित कपूर महासचिव, मौजूद रहे।





### कई महीने से सड़क पर जल भराव ग्रामीण निकालने को मजबूर

**हसनपुर ।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में मुख्य मार्ग पर जल भराव व गंदगी को लेकर ग्रामीण काफी परेशान है,शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह उप जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंगरौली में अलीगढ़ मार्ग से हथिया खेड़ा जाने वाले लिंक मार्ग पर मंगरौली गांव में लगभग छः माह से जल भराव है।ग्रामीणों का कहना है कि जल भराव की समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत भी की जा चुकी है। लेकिन ग्राम प्रधान इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है,अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण एकत्र होकर उप जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे शिकायत करने वालों में शराफत अली, मुश्ताक ,नरेंद्र, सचिन, सलीम, हसरत, धरमवीर आदि मौजूद रहे।



गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव ।।

### छप्पर उठाते समय सिर पर लकड़ी लगने से युवक गंभीर घायल, मेरठ रेफर

**हसनपुर ।** रहरा थाना क्षेत्र के गंगानगर टी-पॉइंट के पास स्थित गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ छप्पर उठाते समय सिर पर भारी लकड़ी गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेरठ रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार रहरा थाना क्षेत्र के गांव महमूदाबाद निवासी सतवीर शुक्रवार की सुबह अन्य ग्रामीणों व परिजनों के साथ मिलकर अपने घर का छप्पर उठा रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से छप्पर की एक भारी लकड़ी अचानक सतवीर के सिर पर आ गिरी। लकड़ी लगते ही सतवीर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया।हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से घायल को आनन-फानन में नजदीक के एक निजी चिकित्सक के यहाँ भर्ती कराया। जहाँ युवक की हालत में सुधार न होते देख चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया।

### मुस्तकीम अली बने लेखपाल संघ के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी, हर्ष की लहर

**हसनपुर ।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में तहसील हसनपुर के लेखपाल मुस्तकीम अली को सर्वसम्मति से प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी पश्चिमी जोन नियुक्त किया गया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष नीलेश रंजन राव परमार एवं प्रदेश महामंत्री राहुल पटेल द्वारा की गई। वर्ष 1962 में लेखपाल संघ की स्थापना के बाद से जनपद से प्रदेश कार्यकारिणी में जगह पाने वाले मुस्तकीम अली दूसरे लेखपाल हैं। उनके मनोनयन की सूचना मिलते ही स्थानीय लेखपालों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनियुक्त सह-मीडिया प्रभारी मुस्तकीम अली ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे संवर्ग की समस्याओं को प्रदेश स्तरीय मंच और मीडिया में पूरी ताकत से उठाएंगे। इस अवसर पर नौगांवा सादत तहसील अध्यक्ष परवेज आलम, हसनपुर अध्यक्ष दीपक चौधरी, अमरोहा अध्यक्ष दुष्यंत देवल, विवेक गुर्जर, पीताम्बर सिंह, सतीश चंद्र, मनोज कुमार, मोहित चौधरी, अनुज सैनी और संजय चाहल समेत अनेक लेखपाल मौजूद रहे।



मीडिया प्रभारी का स्वागत करते लेखपाल।

### परचून दुकान व घर से लाखों की नगदी चौरी

**हसनपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सब्दलपुर सुमाली में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर और किराना स्टोर को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी को घटना को अंजाम दिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी लोकेश पुत्र हरपाल गुरुवार रात परिवार सहित घर के बाहर खुले में में सो रहे थे। चोरों ने उनके किराना स्टोर का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दुकान से चावल, मसाले, काजू-बादाम समेटने के बाद चोर घर में दाखिल हुए। चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर 22 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी और 2 लाख रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित लोकेश का आरोप है कि चोरों ने उनके बेटे को कोई नशा सुंघा दिया, जिससे वह सोकर नहीं उठ सका।चोरी की यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद जाते-जाते चोर कैमरे भी तोड़ गए। सुबह जब लोकेश दुकान खोलने पहुंचे, तो शटर टूटा देख उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने तुरंत 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट लेकर जांच शुरू कर दी है। लोकेश ने प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी को तहरीर देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

### युवकों के दो गुटों में जमकर हुई मारपीट

**गजरौला।** नगर के डिग्री कॉलेज के समीप स्थित एक रेस्टोरेंट पर युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए, एक दूसरे के साथ मारपीट भी हुई। घटना के चलते काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही।


बता दें कि नगर के डिग्री कॉलेज के पास एक रेस्टोरेंट है। वहां पर शुक्रवार की अपरान्ह में युवकों के दो गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। एक दूसरे पर बेल्टें और लात घूंसे बरसाए गए। काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को देखकर युवक वहां से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा : प्रयागराज से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस पलटी, 20 यात्री घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज (बदायूं)।** गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में प्रयागराज से दिल्ली जा रही एक प्राइवेट डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा सुबह करीब 5 बजे वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम नौली हरनाथपुर के पास हुआ। इस दुर्घटना में लगभग 20 यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस तेज रफ्तार में थी और अचानक संतुलन बिगड़ने से पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में चीख-पुकार गूंज उठी। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) वजीरगंज लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पांच यात्रियों को जिला अस्पताल बदायूं रेफर कर दिया गया। सबसे दुखद पहलू यह रहा कि हादसे में एक 9 वर्षीय बच्चे समेत दो यात्रियों के पैर कट गए, जिससे उनकी हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई है।















### 90 से अधिक यात्री थे सवार

डबल डेकर बस में करीब 90 यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि बस चालक परिचालक ओवरलोड यात्रियों को लेकर तेज रफ्तार से गंगा एक्सप्रेसवे पर वाहन को दौड़ा रहा था। अचानक झपकी आते ही बस हाईवे पर पलट गई। देखते ही देखते चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची बिसौली व वजीरगंज पुलिस ने आनन फानन में घायलों को बस के अंदर से निकाल कर अस्पताल भेज दिया। वही क्रेन की मदद से बस को हाईवे से हटवाया गया है।

### गंभीर रूप से घायल यात्रियों में शामिल हैं:

समर (9 वर्ष) पुत्र प्रेमचंद्र, प्रयागराज – एक पैर कटा
ताजबर सिंह (30 वर्ष) पुत्र जगपाल, उत्तराखंड – एक पैर कटा
अली अहमद (35 वर्ष) पुत्र मोहम्मद उस्मान, प्रयागराज
अभिषेक (15 वर्ष) पुत्र मूलचंद, प्रयागराज
यश (13 वर्ष), प्रयागराज।

### अन्य घायलों में शामिल हैं:

जसविंदर सिंह (38), दिल्ली
ज्योति (44), हरियाणा
सुरेश (24), पौड़ी उत्तराखंड
अभिषेक (26), प्रयागराज
महेश यादव (50), भदोही
संदीप (10), बहादुरगढ़ हरियाणा
राजबाला (65), बहादुरगढ़ हरियाणा
आशा (40), बहादुरगढ़ हरियाणा
विशाल (23), बनारस
देश कुमार पांडे (40), बनारस
राजेश कुमार (46), दिल्ली
दिशा (46), दिल्ली
विराज (15), दिल्ली
आदेश शर्मा (30), मेरठ
सरोज वर्मा (27), आजमगढ़। डॉक्टरों के अनुसार कई घायलों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है।

### डबल डेकर बसों पर उठ रहे सवाल

इस हादसे के बाद एक बार फिर डबल डेकर बसों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि इन बसों में मानकों की अनदेखी की जा रही है और तेज गति से संचालन किया जा रहा है, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर जांच की जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसे में मानक विहीन बसें खुलेआम सड़कों पर दौड़ रही हैं और यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है।

### प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

हादसे के बाद क्षेत्रीय लोगों और पीड़ितों के परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि डबल डेकर बसों के संचालन पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## सार संक्षेप

### मेंथा फैक्ट्री से लौट रहे किसान की सर्पदंश से मौत



**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में सर्पदंश से एक अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ मेंथा फैक्ट्री से वापस घर लौट रहा था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थाना क्षेत्र के गांव अहरुईया निवासी नेमपाल (50) पुत्र रोशनलाल खेतीबाड़ी करते थे। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 1 बजे वह मेंथा फैक्ट्री से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक उनके पैर के नीचे सांप आकर दब गया। तभी सांप ने उनके पैर में डस लिया। किसी तरह किसान घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिवार वाले उनको लेकर आसपास के बैगियो व नीम हकीमों के पास गए, लेकिन उन्होंने इलाज करने से इंकार कर दिया। इसके बाद परिजन किसान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां देरशाम किसान ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### थाने में लगा स्वास्थ्य शिविर, पुलिसकर्मियों की हुई जांच



**आसफपुर।** पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना फैजगंज बेहटा परिसर में रोटरी क्लब चंदौसी के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थाना प्रभारी समेत थाने पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम ने पुलिसकर्मियों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर तथा नेत्र परीक्षण किया। जांच के दौरान कुछ पुलिसकर्मियों का रक्तचाप सामान्य से अधिक पाया गया, जबकि कुछ कर्मचारियों में शुगर का स्तर भी बढ़ा हुआ मिला। इसके अलावा कई कर्मियों की आंखों की रोशनी में कमी और अन्य नेत्र संबंधी समस्याएं भी सामने आईं। चिकित्सकों ने संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक परामर्श देते हुए खानपान एवं जीवनशैली में सुधार करने की सलाह दी।

### महिला से मारपीट में तीन पर प्राथमिकी

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता कोल्डस्टोरेज में मजदूरी करने मुड़िया धुरेकी गए थे। 17 जून की शाम वह 4 बजे अपने खेत पर गई थी। उसके पीछे गांव का अरुण खेत पर पहुंच गया और अभद्रता करने लगा। जब उसने विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। किसी तरह वह वहां से भाग निकली, तभी अरुण ने बुरी नियत से उसे पकड़कर जमीन पर गिरा लिया। वह भागकर घर पहुंची और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। जिस पर उसकी मां शिकायत करने अरुण के घर पर गई। इसके बाद अरुण की पत्नी पूजा व मां कुसुमलता ने उसकी मां को गाली गलौज और बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और मारपीट करने लगी। जिसमें उनको काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार, आला कत्ल बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** बनकोटा गांव के पास बुधवार की शाम ग्राम गरुईया के दिलीप की हत्या उसके ही पड़ोसी ज्ञान सिंह ने अपनी दोनाली बंदूक से की थी, इस हत्याकांड का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा करते हुए हत्यारोपी को बन्दूक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

ज्ञात हो कि वीते बुधवार की शाम ग्राम बनकोटा में गरुईया निवासी 62 वर्षीय दिलीप यादव की उस समय गोली मारकर हत्या जर दी गई थी जब वह अपने डनलप के टायर का पंचर जुड़वाकर वापस गांव जा रहे थे। इस घटना में पुलिस ने मृतक के पुत्र रायसिंह की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया था।

दिनदहाड़े हुई इस हत्या की सूचना पर एसएसपी अंकिता शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस को तुरंत हत्यारोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार ने पुलिस की अलग अलग टीमें बनाकर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए यही नही मुखविरों को भी काम पर लगा दिया, शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक को हत्यारोपी के गंगा एक्सप्रेस वे के पास ग्राम मेहरा के रास्ते पर होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी करते हुए ज्ञान सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त लाइसेंसी दोनाली बंदूक मय कारतूस तथा एक स्प्लेंडर बाइक भी बरामद की है।

इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी की मृतक दिलीप से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था जिसकी रंजिश मानते हुए आरोपी ने अपनी लाइसेंसी बन्दूक से दिलीप को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने अभियुक्त ज्ञानसिंह को अदालत के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

## विधवा महिला से मारपीट में तीन पर प्राथमिकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर निवासी राजवाला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति की पूर्व में मौत हो चुकी है।

17 जून को उसके पुत्र भूपेंद्र के ससुराल वाले अपनी बहन सीमा को उसके घर छोड़ने आए थे। तभी उसे देखकर दीपक, नीरज और चंद्रपाल निवासी गांव नवदिया थाना भमोरा जिला बरेली आग बबूला हो गए और गाली गलौज करने लगे।

नीरज व दीपक ने लात-घूसों से उसके साथ मारपीट की। शोरशराबा सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म 'सूचना प्रवाह' शुरू, अब यूट्यूब पर मिलेगी सरकार की योजनाओं की सटीक जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय





डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** प्रदेश सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक सरल और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने 'सूचना प्रवाह' नामक आधिकारिक यूट्यूब चैनल का शुभारंभ किया। यह शुभारंभ लखनऊ के लोक भवन में सूचना निदेशक विशाल सिंह और अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

यह चैनल सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, नीतिगत निर्णयों और उपलब्धियों से जुड़ी प्रमाणिक जानकारी का प्रमुख माध्यम बनेगा। इसके अलावा विभाग द्वारा तैयार किए गए वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरक वीडियो और विभिन्न सरकारी अभियानों का भी नियमित प्रसारण किया जाएगा।

सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि 'सूचना प्रवाह' चैनल के जरिए सरकार और जनता के बीच संवाद को और मजबूत किया जाएगा तथा नागरिकों को योजनाओं की सही जानकारी समय पर उपलब्ध होगी। अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि इस पहल से प्रदेश की विकास यात्रा और सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचेगी। इस मौके पर फिल्म निर्माता अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय समेत विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। यह चैनल जनहित की सूचनाओं के प्रसार में अहम भूमिका निभाएगा।


## प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56 वां जन्मदिन कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी सुशीला कोरी के नेतृत्व में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस मौके पर कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी सुशील कोरी ने राहुल गांधी को हर शोषित और वंचित की मजबूत आवाज बताया।

उन्होंने कहा कि अब देश की जनता राहुल गांधी की ओर आशा और उम्मीद से देख रही है, और 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व



वाली सरकार को चुनकर देश को खुशहाल बनाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जन्मदिन समारोह के अंत में मिष्ठान वितरित किया गया और पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

इस मौके पर कांग्रेस महासचिव अब्दुल रहमान, नगर अध्यक्ष आमिर हुसैन, अवनीश यादव, मुकर्रम खां, पूर्व सभासद शफीक अहमद फारूकी, वाशु आर्य, इसरार अहमद, तरुण आर्य, सोनू आर्य, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शनी के तीसरे दिन उमड़ी भीड़, सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदर्शनी में सेल्फी लेने की मची होड़। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में डायट परिसर में आयोजित चार दिवसीय प्रदर्शनी के तीसरे दिन भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

प्रदर्शनी में अध्यापिकाओं, स्कूली बच्चों, युवाओं व गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खास तौर पर सेल्फी प्वाइंट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा, जहां बच्चों व युवाओं ने तस्वीरें लेकर पलों को यादगार बनाया।

उल्लेखनीय है कि इस प्रदर्शनी का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार सक्सेना द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी 20 जून तक आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की स्टार्टअप, मुद्रा, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, जनधन, किसान सम्मान निधि व निःशुल्क खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। वहीं प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सामूहिक विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी जा रही है। आगंतुकों ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। साथ ही उन्होंने इन योजनाओं का लाभ लेने और दूसरों को जागरूक करने की बात कही। यह प्रदर्शनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही है।

## मां-बेटे से मारपीट में चार पर प्राथमिकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव संग्रामपुर निवासी नन्नू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जून को गांव के गुलफाम उसकी जमीन पर कच्ची नींव उखाड़कर पक्का निर्माण कर रहे थे।

सूचना पर वह मौके पर पहुंचा और विरोध किया। इसके बाद गुलफाम वहां से चला गया। थोड़ी देर बाद गुलफाम नवी, सुल्तान नवी, मुशाहिद नवी व शारिक नवी लाठी-डंडे लेकर आ गए और निर्माण करने लगे। सूचना पर वह अपनी मां बानो को लेकर निर्माण स्थल पर पहुंचा, तभी आरोपियों ने धारदार से दोनो पर हमला कर दिया।

जैसे-तैसे वह जान बचाकर वहां से भाग आया। कुछ देर बाद आरोपी उसके घर पर आ गए और मारपीट की। जिसमें उसे व मां को काफी चोटे आई हैं। पुलिस ने आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

बीमारियों का सटीक उपचार हमारी दायित्व
सुदामा हॉस्पिटल
जनरल फिजिशियन (मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल)
समय - प्रत्येक दिन
दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक
DR. K. VERMA
MBBS (MD)
वरिष्ठ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आगरा
Sr. Resident (Medicine) SGPGI, Saifai
7078173252
क्या आप इन लक्षणों/बीमारियों से परेशान हैं?
- सीने में दर्द आना, बार-बार दर्द सपने आना
- चेहरे पर कील, मुंहासे, पिंप्पल होने या पेट की तो गैस
- जोड़ों का, सिर का, पैरों का दर्द व जलन होना
- बारबार बुखार आना व न उतरना
- कमजोरी का लगना व भूख न लगना
- बारबार सर्दी आना/जुकाम होने आना
- भूख कम करना, कब्ज (पिताबट) खुमार, पुराना टायफाइड (हरपिट)
- पेट में दर्द, पेट फूलना, गैस बनना या जलन
- एलर्जी, खांसी, सांस सम्बन्धी तकलीफ का पुराना रोग
- छुटनों में दर्द, पीठ दर्द, सर्वाइकल, अस्थमा
- शुरिक एशिक (बाल), गाउट रोग व अन्य
- हाई या लो बी. पी.
- हाई या लो शुगर की बीमारी, थायरॉइड, उल्टी
- दस्त, पेट दर्द, भूख न लगना
- खून की कमी व विटामिन की कमी
- जोड़ों में दर्द व गठिया, गिल्टीया बुखार
- जॉब व खाने सम्बन्धी समस्याएँ
- जँद न आना, बेचैनी, तनाव रहना
- बिडबिड़ापन, काम करने की समस्या
- दिमाग में खुजली आना या बार-बार, बार बार
- पेशाब आना मक्की शिकायतें व अन्य
इमरजेन्सी सुविधा 24 घंटे उपलब्ध
सम्पर्क सूत्र – 9690593425, 7078173252
जिओं पेट्रोल पंप के सामने, अलापुर रोड, बदायूं

दुखद — उसहैत थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर की घटना, फोरेसिंक टीम ने साक्ष्य जुटाए

## छोटी बहन से विवाद के बाद छात्रा ने फंदे पर लटककर जान दी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय किशोरी ने छोटी बहन से कहासुनी के बाद घर के अंदर फंदे पर लटककर जान दे दी। किशोरी कक्षा 11 की छात्रा थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिंक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं, फोरेसिंक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर निवासी दिनेश की पुत्री रागिनी ने बृहस्पतिवार की शाम घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता दिनेश ने बताया कि रागिनी की बृहस्पतिवार शाम अपनी छोटी बहन मोहिनी से आपसी विवाद हो गया था। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि रागिनी ने कक्षा 10 की परीक्षा पास की थी। वह अब कक्षा 11 में आ गई थी। उसके दो बेटे रोहित व मोहित हैं। जबकि चार बेटियां हैं। रागिनी से बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। दो छोटी बहने मोहिनी व दुर्गा हैं। जैसे ही परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो परिवार में चीत्कार मच गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना पुलिस व फोरेसिंक टीम मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। फोरेसिंक टीम ने घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किशोरी की मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई है। एसओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों बहनों के बीच विवाद हुआ था। इसी बात से क्षुब्ध होकर बड़ी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी के आरोपी को ग्रामीणों ने बिजली के पोल से बांधकर पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- थाना कुंवरगांव के गांव दुगरैय्या की घटना
- घटना का वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस
- आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक को ग्रामीणों द्वारा बिजली के पोल से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट करने वालों की तलाश कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव दुगरैय्या निवासी सुभाष ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पंजाब में सब्जी बेंचने का काम करता है। दो महीने पहले उसके घर से एक लाख रुपये और मोबाइल चोरी हो गया था। उस समय ग्रामीणों ने समझाकर मामला रफा-दफा करा दिया था। जिससे उसने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। सुभाष ने बताया कि 18 जून को वह अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान राजेश पुत्र ताराचंद उसके घर से पीतल का थाल चुरा कर ले जा रहा था। आहट पाकर उसकी आंख खुल गई। शोर मचाने पर ग्रामीण ने राजेश को पकड़ लिया और बिजली के पोल से बांधकर उसकी पिटाई लगा दी। इसी बीच किसी ने घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी राजेश पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वायरल वीडियो की जागरण मोर्चा पुष्टि नहीं करता है। उधर, वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पिटाई करने वाले ग्रामीणों की तलाश शुरु कर दी है।

# सम्पादकीय

## सौ वर्षों से राष्ट्रसेवा में लीन आरएसएस का पंजीकरण प्रमाणपत्र मांग रहे कांग्रेस नेताओं से कुछ सवाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कांग्रेस और उसके वैचारिक सहयोगियों ने एक बार फिर वही पुराना शोर उठाया है कि संघ पंजीकृत क्यों नहीं है? कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे का पत्र और उसके बाद खड़ा किया गया राजनीतिक कोलाहल इस बात का प्रमाण है कि संघ विरोधियों के पास न तथ्य बचे हैं, न तर्क। वह केवल विवाद पैदा करना चाहते हैं, क्योंकि जिस संगठन को जनता का भरोसा और समाज का समर्थन हासिल हो, उसे बदनाम करने का सबसे आसान तरीका संदेह फैलाना होता है।

लेकिन इस बार संघ ने भी स्पष्ट और सीधा उत्तर दिया है। मोहन भागवत ने साफ कहा, हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। यह उस पूरी मानसिकता पर प्रहार है जो मानती है कि भारत की हर सांस्कृतिक चेतना को सरकारी मुहर से ही वैधता मिलेगी। भागवत ने कहा कि संघ 1925 में स्थापित हुआ था। क्या तब अंग्रेजों से जाकर पंजीकरण कराया जाता? साथ ही स्वतंत्रता के बाद भी भारत के संविधान ने कभी यह अनिवार्य नहीं किया कि हर स्वैच्छिक संगठन सरकारी रजिस्टर में दर्ज हो तभी वह अस्तित्व में रह सकता है। असल में कांग्रेस की समस्या संघ के पंजीकरण से नहीं, संघ के प्रभाव से है। जिस संगठन ने बिना सरकारी धन, बिना विदेशी सहायता और बिना सत्ता के सहारे सौ वर्षों तक राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उससे कांग्रेस की बेचैनी स्वाभाविक है। संघ ने चरित्र निर्माण किया, अनुशासन दिया, समाज को जोड़ा, सेवा का संस्कार दिया और राष्ट्रवाद को जीवन का व्यवहार बनाया। दूसरी ओर कांग्रेस का एक हिस्सा वर्षों तक विदेशी शक्तियों के सामने वैचारिक समर्पण करता रहा। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौते करने वाली राजनीति आज संघ से राष्ट्रभक्ति का प्रमाण मांग रही है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है? भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 नागरिकों को संगठन बनाने की स्वतंत्रता देता है। यह नागरिकों का मौलिक अधिकार है। संविधान कहीं नहीं कहता कि हर सामाजिक संगठन को पहले सरकार के सामने सिर झुकाकर अनुमति लेनी होगी। सोसाइटी कानून, न्यास कानून और अन्य व्यवस्थाएं केवल कानूनी सुविधाओं के लिए हैं, अस्तित्व के लिए नहीं। संघ के पंजीकरण प्रमाणपत्र को देखने की चाह रखने वाले प्रियांक खरगे, पवन खेड़ा और कांग्रेस के नेताओं को यह समझना होगा कि लोकतंत्र में मंत्री होना कानून से ऊपर होना नहीं होता। किसी मंत्री की व्यक्तिगत इच्छा कानून नहीं बन जाती। यदि कानून में अनिवार्यता नहीं है, तो केवल राजनीतिक नफरत के कारण किसी संगठन को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। यही विधि का शासन है, यही संविधान की आत्मा है। संघ को समझने के लिए उसकी मूल प्रकृति को समझना आवश्यक है। संघ कोई पारंपरिक कार्यालयी संस्था नहीं, बल्कि समाज आधारित आंदोलन है। डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने इसे सदस्यता कार्ड, शुल्क और कागजी ढांचे की बजाय शाखा, संस्कार और स्वयंसेवा के आधार पर खड़ा किया। आज भी कोई व्यक्ति शाखा में जाकर स्वयंसेवक बन सकता है। यही कारण है कि संघ समाज के बीच रहता है, किसी फाइल में बंद नहीं रहता। संघ अपने आरम्भकाल से ही सामाजिक और सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ता रहा है। संघ में औपचारिक सदस्यता और कठोर संस्थागत नियंत्रण नहीं होता। शाखाएं अपने संसाधनों से चलती हैं और संगठन का संचालन सामाजिक सहभागिता से होता है। इतिहास यह भी बताता है कि संघ को बार-बार राजनीतिक दमन का सामना करना पड़ा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद प्रतिबंध लगाया गया, आपातकाल में हजारों स्वयंसेवक जेल भेजे गए, बाबरी प्रकरण के बाद भी हमला हुआ। लेकिन हर बार संघ और अधिक मजबूत होकर निकला। इसका कारण यह था कि संघ की जड़ें सत्ता में नहीं, समाज में हैं। मोहन भागवत ने भी याद दिलाया कि सरकारें संघ पर प्रतिबंध लगाती रहीं, इसका अर्थ ही यह है कि सरकारें संघ के अस्तित्व और प्रभाव को मानती रही हैं। देखा जाये तो संघ विरोधी बार बार पारदर्शिता और कराधान का मुद्दा उठाते हैं। लेकिन वह जानबूझकर न्यायालयों के निर्णयों को नजरअंदाज करते हैं। गुरु दक्षिणा को लेकर न्यायालयों ने पारस्परिकता के सिद्धांत को स्वीकार किया था। पटना उच्च न्यायालय ने स्पष्ट माना कि स्वयंसेवकों का स्वैच्छिक योगदान करयोग्य आय नहीं माना जा सकता। संघ ने कभी कानून से छूट नहीं मांगी। उसने केवल वही स्वीकार किया जो कानून कहता है। कानून जहां लागू होता है, वहां संघ के सहयोगी संगठन विधिवत पंजीकृत हैं, लेखा परीक्षण कराते हैं और अपने प्रतिवेदन भी प्रकाशित करते हैं। यही वह बिंदु है जहां कांग्रेस का पाखंड खुलकर सामने आता है। दशकों तक सत्ता में रहने वाली पार्टी आज संघ से पारदर्शिता मांग रही है, जबकि स्वयं उसके इतिहास पर आपातकाल, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और विदेशी प्रभाव के आरोप लगे हुए हैं। जो दल लोकतंत्र को कुचलने के लिए आपातकाल थोप सकता है, वह आज लोकतांत्रिक मूल्यों का उपदेश दे रहा है। यह राजनीतिक हास्य से अधिक कुछ नहीं। मोहन भागवत ने बिल्कुल सही कहा कि संघ खुलकर काम करता है, किसी गुप्त संगठन की तरह नहीं। लाखों शाखाएं, हजारों सेवा प्रकल्प, शिक्षा, ग्राम विकास, आपदा राहत, सामाजिक समरसता, वनवासी कल्याण, गौ सेवा, पर्यावरण संरक्षण, संघ का हर कार्य समाज के सामने है। यदि संघ में कुछ छिपा होता तो वह सौ वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में इतने व्यापक रूप से स्वीकार नहीं किया जाता। दरअसल संघ की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि उसने राष्ट्रवाद को केवल नारों तक सीमित नहीं रखा। जब भी देश पर संकट आया, स्वयंसेवक सबसे पहले खड़े दिखाई दिए। विभाजन के समय राहत कार्य हो, प्राकृतिक आपदाएं हों, महामारी का दौर हो या सीमा पर सैनिकों के परिवारों की सहायता, संघ के कार्यकर्ता हर जगह सक्रिय रहे। यही कारण है कि भारत का सामान्य नागरिक संघ को कागजी संस्था नहीं, राष्ट्रीय चेतना का प्रहरी मानता है। संघ को लेकर सबसे अधिक भ्रम उन लोगों में है जो भारत को केवल सत्ता और चुनाव की नजर से देखते हैं। संघ सत्ता के लिए नहीं, समाज के लिए काम करता है। यही कारण है कि वह राजनीतिक उतार चढ़ाव से अप्रभावित रहता है। मोहन भागवत ने हाल में कहा था कि संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है, लेकिन सबसे अधिक गलत समझा जाने वाला संगठन भी है। यह कथन बिल्कुल सही है। जिन लोगों ने कभी शाखा देखी ही नहीं, वह संघ पर सबसे अधिक आरोप लगाते हैं। देखा जाये तो आज आवश्यकता इस बात की है कि संघ को राजनीतिक चश्मे से नहीं, उसके कार्यों से देखा जाए। यदि कोई संगठन बिना सरकारी सहायता के, बिना विदेशी धन के और बिना सत्ता के दबाव के सौ वर्षों तक राष्ट्रसेवा करता है, तो उसकी वैधता किसी सरकारी रजिस्टर से नहीं, जनता के विश्वास से तय होती है। कांग्रेस और संघ विरोधियों को यह समझ लेना चाहिए कि संघ को डराकर, बदनाम करके या कानूनी भ्रम फैलाकर कमजोर नहीं किया जा सकता। संघ की शक्ति कागजों से नहीं, करोड़ों स्वयंसेवकों के समर्पण से आती है। उसका अस्तित्व किसी मंत्री की कृपा पर नहीं, भारत की सांस्कृतिक आत्मा पर आधारित है। जो सौ वर्षों से राष्ट्र को सब कुछ दे रहा हो, उसे अपना परिचय देने की जरूरत नहीं पड़ती। राष्ट्र स्वयं उसका परिचय बन जाता है। साथ ही संघ को किसी वंशवादी राजनीति से चरित्र प्रमाणपत्र लेने की आवश्यकता नहीं है। जिस संगठन ने सौ वर्षों तक बिना सत्ता, बिना सरकारी संरक्षण और बिना विदेशी सहारे के राष्ट्रजीवन को दिशा दी हो, उसकी पहचान किसी सरकारी मुहर से नहीं होती। संघ का परिचय उसके करोड़ों स्वयंसेवकों की तपस्या है, उसकी शाखाओं का अनुशासन है, उसकी सेवा का विस्तार है और भारत माता के प्रति उसका अखंड समर्पण है।

# दलीय टूट-फूट के सवालों से मुठभेड़ जरूरी



■ उमेश चतुर्वेदी

डॉक्टर लोहिया ने कहा तो था समाजवादियों से, लेकिन लगता है कि उनकी बात आज के विपक्षी दलों ने ज्यादा शिद्दत से मान ली है। लोहिया ने कहा था, सुधरो या टूट जाओ। लोहिया की इस अपील को उनके समाजवादी चेलों ने तो माना ही, अब गैर समाजवादी अनुयायी भी स्वीकार कर चुके हैं। चार मई को पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद सबसे बड़ी टूट उस ममता की पार्टी में हुई, जिन्हें राजनीतिक मैदान का योद्धा माना जाता था। जो झुकना नहीं जानतीं। पहले उनके 80 में से 53 विधायक टूट गए और विधानसभा में उन्होंने अपना अलग गुट बना लिया। इसके बाद लोकसभा के उनके 29 में से बीस सांसद भी टूट गए। दिलचस्प यह है कि उन्होंने एक अनाम-सी पार्टी नेशनल सिटिजन्स पार्टी में अपना विलय कर लिया। ममता की राह पर उद्धव ठाकरे की शिवसेना के भी सांसद चल पड़े हैं और हो सकता है कि इन पंक्तियों के प्रकाशित होने तक उनके नौ में से छह लोकसभा सांसद पाला बदलकर एकनाथ शिंदे की शिवसेना के धनुष पर तीर चढ़ा रहे होंगे। सुगबुगाहट तमिलनाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम् के संसदीय दल में भी टूट-फूट की दिख रही है। इस बीच सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता ओमप्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव की अगुआई वाली समाजवादी पार्टी में भी टूट की भविष्यवाणी जता दी है।

भारतीय राजनीति में दल-बदल कोई नई बात नहीं है। अतीत में भी दल-बदल होते रहे हैं। हरियाणा में तो तकरीबन पूरा विधायक दल ही दूसरे दल में समा गया था। उसी के बाद से दलबदल के लिए भारतीय राजनीति में 'आयाराम गयाराम' का मुहावरा ही चल पड़ा था। लेकिन पश्चिम बंगाल के चुनावों के बाद जिस तरह दल-बदल या दलों में टूटफूट हो रहा है, वह अप्रत्याशित है। इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक दलों में भगदड़ पहले नहीं हुई थी। पहले किसी एक या दो दल में ऐसा होता था। ऐसा लग रहा है कि जैसे बीजेपी विरोधी दलों को दल-बदल या टूट-फूट वाली छूत की बीमारी लग गई है। इस प्रभावित दल इस टूट-फूट के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनका आरोप है कि बीजेपी टूटने वाले नेताओं को मोटी रकम का लालच दे रही है। उनका यह भी आरोप है कि संवैधानिक सुधारों के लिए चूंकि बीजेपी को संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत की जरूरत है, इसलिए वह धन और बाहुबल का लालच देकर दलों को तोड़ रही है।



एक बारगी मान भी लें कि बीजेपी की शह पर ये टूट-फूट हो रही है तो एक प्रश्न जरूर उठता है कि आखिर राजनीतिक दलों ने कैसे नेताओं को अपना सांसद या विधायक बनाने के लिए चुना है? क्या उनके चयन में कोई गलती रही? सवाल यह भी उठता है कि जो टूट रहे हैं, क्या सांसद या विधायक बनाने को लेकर जब उनका चयन किया जा रहा था, तो उनकी कौन की खासियत देखी गई थी? क्या दल के प्रति उनकी निष्ठा, उनके चरित्र आदि का ध्यान नहीं रखा गया। सवाल यह भी उठता है कि क्या बाहुबल या धन बल ही उनके चयन की बड़ी योग्यता मानी गई। इन सवालों का ईमानदारी से जवाब प्रभावित दल भले ही नहीं दे, लेकिन यह छुपी हुई बात नहीं है कि भारतीय राजनीति में संसद या विधानसभा में नुमाइंदगी के लिए दलीय निष्ठा की बजाय दूसरे कारकों का ज्यादा ध्यान रखा जा रहा है। इसमें चुनाव जीतने की क्षमता, चुनाव में खर्च करने की सामर्थ्य और जरूरत पड़ने पर पार्टी के लिए धन और बाहुबल के साथ खड़ा होने की शक्ति भी देखी जाती है। कई बार तो सिर्फ पैसे के दम पर ही टिकट हासिल कर लिए जाते हैं। यही वजह है कि मौका मिलते ही ये नेता अपनी निष्ठा बदलने में देर नहीं लगाते। निश्चित तौर पर राजनीतिक दलों के गठन की बुनियाद उनका राजनैतिक और सामाजिक विचार और सिद्धांत होता है। इसके बावजूद लगातार महंगी होती चुनाव प्रक्रिया ने विचारधारा की राजनीति को पीछे खिसका दिया है। विचारधारा की दुहाई तभी तक दी जाती है, जब तक उसकी राह में धन बल या बाहुबल नहीं आता, जब तक कि सत्ता उससे दूर रहती है। अगर विचारधारा से विचलन के बाद सत्ता आती दिखती है तो राजनीतिक दल और नेता भी अपनी उस विचारधारा को कुछ वक्त के लिए ताक पर रख देते हैं।

सिद्धांत और निष्ठाएं भी तब तक के लिए टाल दी जाती हैं। जब दलीय आधार पर ऐसा होता है तो निजी स्तर पर किसी सांसद और विधायक को आर्थिक या सत्ता में भागीदारी का मौका मिलेगा तो वह क्यों न टूटेगा। सवाल यह है कि जब दल और उसका अगुआ ही अपनी निष्ठा और विचारधारा को सत्ता के लिए किनारे रख देगा तो मौका मिलने पर उसका सांसद और विधायक ऐसा क्यों नहीं कर सकता। उद्धव ठाकरे के संसदीय दल में बिखराव की बड़ी वजह सत्ता के लिए पार्टी के सिद्धांतों से समझौता और कांग्रेस का साथ लेना रहा है। टूट रहे सांसदों को लेकर आरोप लगाने वाले दलों को भी सोचना होगा कि आखिर उन्होंने किस तरह के लोगों को चुना? सवाल यह है कि जब पैसे लेकर टिकट दिए जाएंगे, जब दल और विचारधारा की निष्ठा के बजाय चुनावी टिकट हासिल करने के अन्य कारण होंगे तो फिर इस प्रक्रिया से चुनकर आए सांसदों और विधायकों की ख़रीद-बिक्री पर सवाल कैसे उठाए जा सकते हैं? कैसे उन्हें दलीय निष्ठा के प्रति बांधे रखा जा सकता है।

दलीय टूट-फूट का अभी कोई बड़ा नुकसान भले ही नहीं दिख रहा हो, लेकिन आने वाले दिनों में इसका एक बड़ा हश्र लोक विश्वास के दरकने के रूप में दिख सकता है। आज का मतदाता बहुविध सूचनाओं के तमाम स्रोतों से लैस है। उसकी राजनीतिक समझ पहले के मीडिया क्रांति के दौर के पहले के मतदाताओं की तुलना में कहीं ज्यादा विकसित है। उसका सामान्य ज्ञान कमजोर भले ही हो सकता है, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और उसमें आ रहे निष्ठागत बदलावों की पृष्ठभूमि को वह समझ रहा है। ऐसे में उसका भरोसा मौजूदा राजनीतिक तंत्र से चूक सकता है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से उसका भरोसा टूटना लोकतंत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। दल बदलने वाले अपने प्रतिनिधि के बारे में वह सवाल उठा सकता है कि उसने जिस सोच के साथ उसे वोट दिया, उसका प्रतिनिधि उस सोच के साथ गद्दारी कर रहा है। कई बार स्थानीय कारणों के साथ ही अपनी वैचारिक निष्ठा के चलते भी अपना मत देता है। हो सकता है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसी दल विशेष को बड़ा समर्थन मिला हो, लेकिन उसी दल विशेष के किसी स्थानीय प्रतिनिधि को स्थानीय निष्ठाओं, जरूरतों और कारकों के साथ ही वैचारिक कारणों से मतदाताओं का समर्थन नहीं मिलता। मान लेते हैं कि राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर किसी दल विशेष को भारी समर्थन मिला है, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसके ठीक उलट किसी अन्य दल या उसके प्रतिनिधि को समर्थन मिला है। इसका मतलब यह है कि राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन हासिल करने वाले दल के कार्यक्रमों और योजनाओं की बजाय स्थानीय योजनाओं को लेकर स्थानीय लोगों की अपनी अलग दृष्टि है, या अपनी अलग चाहत है। स्थानीय मतदाताओं का भरोसा उसे इसी वजह से मिला है। लेकिन उसका प्रतिनिधि अपनी निष्ठा बदल लेता है कि स्थानीय मतदाता खुद को आहत और ठगा हुआ महसूस कर सकता है। चूंकि इन दिनों दलीय टूट-फूट व्यापक स्तर पर हो रही है, इसलिए मतदाताओं में इसका व्यापक असर पड़ सकता है। इसके चलते मतदाता आहत महसूस कर सकते हैं, विश्वासघात भी मान सकते हैं। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा कमजोर हो सकता है। मौजूदा राजनीतिक तंत्र को मतदाताओं के मनमिजाज को इस नजरिए से भी समझना होगा। भारतीय लोकतंत्र को भरोसेमंद बनाने की राह राजनीतिक दलों को ही खोजना होगा। क्योंकि लोहिया की टूटने की अपील के पीछे भी सुधार को खोजना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या राजनीतिक दल संपूर्णता में इस सवाल से मुठभेड़ करने को तैयार हैं?

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं)**

# अर्थव्यवस्था की गति और चुनौतियां



■ विक्रांत निर्मला सिंह

बीते सप्ताह भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी दो महत्वपूर्ण खबरें रहीं। पहला, जीडीपी के आंकड़े और दूसरा, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक। जीडीपी के आंकड़ों में जहां उत्साह था, वहीं आरबीआई ने अर्थव्यवस्था को लेकर कुछ महत्वपूर्ण चेतावनियां दीं। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की अनुमानित वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत आंकी गई। यह संख्या इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ समय से भारत की विकास क्षमता को लेकर विभिन्न प्रकार की शंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। कभी उपभोग में कमजोरी की बात कही गई, तो कभी निजी निवेश की गति पर प्रश्न उठाए गए। ऐसे माहौल में यह वृद्धि इस बात का संकेत देती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी संरचना वैश्विक सुस्ती में भी अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है।

विशेष रूप से जनवरी-मार्च तिमाही का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। इस तिमाही का अंतिम महीना (मार्च) ऐसे समय में था जब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक व्यापार, ऊर्जा बाजारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को लेकर नई चिंताएं पैदा कर दी थीं। इसके बावजूद इस तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि यह दर्शाती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को घरेलू मांग और आंतरिक आर्थिक गतिविधियों से मजबूत समर्थन मिल रहा है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि हाल के वर्षों में भारत ने बाहरी आर्थिक झटकों के प्रति अपनी सहनशीलता (रेजिलिएंस) को काफी मजबूत किया है। लेकिन इसी बिंदु पर आरबीआई का तत्कालीन आकलन ध्यान आकर्षित करता है। जीडीपी के उत्साहजनक आंकड़ों के बावजूद आरबीआई ने आगामी वित्त वर्ष के लिए विकास दर के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि महंगाई के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। यह भविष्य को लेकर केंद्रीय बैंक की बढ़ती चिंताओं का संकेत है। दरअसल, किसी भी अर्थव्यवस्था का आकलन दो आधारों पर किया जाता है- वह आज कहां खड़ी है और आने वाले समय में किस दिशा में बढ़ रही है। जीडीपी के हालिया आंकड़े हमें बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने बीते वर्ष वैश्विक अनिश्चितताओं और बाहरी दबावों के बावजूद उल्लेखनीय मजबूती दिखाई। वहीं संशोधित आकलन संकेत देता है कि आगे का आर्थिक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण हो गया है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा कीमतों में वृद्धि और बाहरी मांग में कमजोरी जैसे कारक भारतीय आर्थिकी को प्रभावित कर रहें हैं। इसलिए आज वास्तविक प्रश्न यह नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वर्ष कैसा प्रदर्शन किया, बल्कि यह है कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच वह अपनी विकास गति को किस प्रकार बनाए रखे।



### बढ़ानी होगी घरेलू मांग

किसी भी अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक मजबूती का आधार अंततः घरेलू मांग ही होती है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल घरेलू बाजार है, लेकिन इसकी क्षमता तभी साकार हो सकती है जब करोड़ों परिवारों की क्रय शक्ति मजबूत बनी रहे। ऊंची ऊर्जा कीमतें और खाद्य महंगाई यदि आय का बड़ा हिस्सा निगलने लगें, तो उपभोग और मांग दोनों पर दबाव बढ़ता है। मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में ऐसे जोखिम दिखाई भी दे रहे हैं। इसलिए सरकार को समय रहते ऐसे कदमों पर विचार करना होगा जो मांग को सहारा दें। हालांकि यह भी ध्यान रखना होगा कि आज की स्थिति कोविड जैसी नहीं है, इसलिए समाधान भी उसी प्रकार के व्यापक राहत पैकेज नहीं, बल्कि अधिक 'लक्षित' होने चाहिए। यहीं भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना एक नई संभावना प्रस्तुत करती है। जनधन, आधार और यूपीआई के रूप में देश ने ऐसा ढांचा विकसित कर लिया है जो सरकार को न्यूनतम लीकेज के साथ लक्षित सहायता पहुंचाने की क्षमता देता है। भविष्य में यदि मांग कमजोर पड़ती है, तो डिजिटल रुपया (सीबीडीसी) आधारित 'टार्गेटेड कंजम्पशन सपोर्ट' पर विचार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, सरकार सीमित अवधि के लिए निम्न आय वर्ग के परिवारों को 'डिजिटल ट्रैवल कूपन' उपलब्ध करा सकती है, जिन्हें केवल रेलवे टिकट, होटल, पर्यटन सेवाओं या अन्य निर्धारित क्षेत्रों में ही खर्च किया जा सके। चूंकि यह डिजिटल रुपया प्रोग्रामेबल होगा, इसलिए इसका उपयोग केवल अधिकृत सेवाओं और तय उद्देश्यों तक सीमित रहेगा, जिससे लीकेज और दुरुपयोग की संभावना लगभग शून्य होगी।

ऐसी योजना का लाभ केवल सहायता प्राप्त करने वाले परिवारों तक सीमित नहीं रहेगा। जब लाखों परिवार यात्रा करेंगे, स्थानीय सेवाओं का उपयोग करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में खर्च बढ़ेगा, तो पर्यटन, आतिथ्य, परिवहन और छोटे व्यवसायों में नई मांग पैदा होगी। इससे आय, रोजगार और उत्पादन को भी बल मिलेगा। अर्थशास्त्र की भाषा में यह एक 'मल्टीप्लायर इफेक्ट' होगा, जिसमें सरकार द्वारा खर्च किया गया सीमित संसाधन व्यापक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। राजकोषीय दृष्टि से भी इसे 'फ्रीबी' नहीं कहा जा सकता। इस तरह की लक्षित सहायता के माध्यम से मांग, उत्पादन और रोजगार को सहारा मिलेगा। इसलिए सरकार को छोटी अवधि में मांग को बल देने के इए ऐसे आर्थिक मॉडल का प्रयोग करना चाहिए।

### निवेश और रोजगार का चक्र टूटने न पाए

घरेलू मांग को मजबूत बनाए रखने के साथ यह भी आवश्यक है कि अर्थव्यवस्था में निवेश की गति कमजोर न पड़े। पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार ने लगभग 44 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है, जिसने भारत की विकास दर को महत्वपूर्ण सहारा दिया है। सड़क, रेलवे, बंदरगाह, ऊर्जा और शहरी अवसंरचना पर होने वाला यह खर्च केवल रोजगार सृजित नहीं करता, बल्कि एक आर्थिक वृद्धि के लिए एक इकोसिस्टम तैयार करता है। नतीजतन आर्थिकी में उत्पादकता बढ़ती है, लॉजिस्टिक्स लागत घटती है और निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलता है। अर्थशास्त्र की भाषा में इसे 'क्राउडिंग इन' प्रभाव कहते है, जब सरकारी निवेश निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करता है। हालांकि केवल पूंजीगत खर्च की रणनीति प्रयाप्त नहीं होगी। विकास की वास्तविक मजबूती छोटे और लघु उद्योग क्षेत्र से आती है, जो रोजगार और आय का सबसे बड़ा आधार है। लेकिन बाहरी झटकों का पहला असर भी इसी क्षेत्र पर पड़ता है। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, परिवहन लागत में बढ़ोतरी और वैश्विक मांग में कमी का पहला प्रभाव छोटी और मझोली इकाइयों पर ही पड़ता है। ऐसे समय में एमएसएमई को दो चीजों की सबसे अधिक आवश्यकता होती है- पूंजी और बाजार। सस्ती कार्यशील पूंजी और बेहतर ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, जबकि बाजार उपलब्ध कराना नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। यदि नागरिक स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्यमों को प्राथमिकता दें, तो यह क्षेत्र कठिन परिस्थितियों में भी टिक सकता है। हमें समझना होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब तक वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी मजबूती दिखाने में सफल रही है। लेकिन वास्तविक चुनौती अब शुरू होती है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण ऊर्जा कीमतों पर दबाव बना हुआ है, जबकि अल नीनो का खतरा खाद्य महंगाई को बढ़ा सकता है। ऐसे में आने वाला वित्त वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था की सहनशीलता की नई परीक्षा होगा। इसलिए सरकार को समय रहते ऐसे लक्षित उपायों पर काम करना होगा जो मांग, उपभोग और निवेश के चक्र को सक्रिय बनाए रख सकें।

**(लेखक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राऊरकेला के शोधार्थी हैं।)**

# हरित पुनरुद्धार की ओर बढ़ते भारत के कदम



■ महेन्द्र तिवारी

भारत ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौती से निपटने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। देश ने अपने अथक प्रयासों से 21.76 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब हो चुकी भूमि को फिर से हरा भरा तथा उपजाऊ बना दिया है। इस विशाल भूभाग का क्षेत्रफल लगभग पूरे यूनाइटेड किंगडम के कुल क्षेत्रफल के बराबर है। इतनी बड़ी उपलब्धि यह दर्शाती है कि सामूहिक इच्छाशक्ति और सही नीतियों के माध्यम से प्रकृति को उसका पुराना स्वरूप वापस लौटाया जा सकता है। यह सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि यह करोड़ों लोगों के जीवन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ी हुई है।

इस ऐतिहासिक सफलता की नींव वैश्विक स्तर पर वर्ष 2011 में रखी गई थी जब जर्मनी की सरकार और अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने मिलकर एक व्यापक वैश्विक मुहिम की शुरुआत की थी। इस मुहिम को बॉन चुनौती के नाम से जाना जाता है जिसका प्राथमिक उद्देश्य वर्ष 2020 तक दुनिया भर में 150 मिलियन हेक्टेयर खराब हो चुकी भूमि का पुनरुद्धार करना था। भारत इस मुहिम का एक सक्रिय हिस्सा बना और उसने अपनी घरेलू प्राथमिकताओं को इस वैश्विक लक्ष्य के साथ जोड़कर देखना शुरू किया।

इतने विशाल पैमाने पर बंजर भूमि को वापस जीवंत और उपजाऊ बनाना किसी एक योजना या रातोंरात किए गए प्रयास का परिणाम नहीं है। इसके लिए भारत ने बहुआयामी रणनीतियों को अपनाया जिसमें सबसे प्रमुख कार्य व्यापक स्तर पर वनरोपण का रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में खाली पड़ी जमीनों, बंजर पहाड़ों और खनन कार्य के बाद छोड़ दी गई अनुपयोगी जमीनों पर बड़े पैमाने पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपे गए। इसके साथ ही जलसंभर प्रबंधन तकनीक ने इस अभियान में प्राण फूंकने का काम किया। पर्वतीय और ढलानी क्षेत्रों में छोटे छोटे सुरक्षा बांध बनाए गए जिससे वर्षा के पानी को बहने से रोका जा सका। इस तकनीक से मिट्टी का कटाव तो रुका ही, साथ ही भूमिगत जल स्तर में भी भारी सुधार हुआ जिसके कारण सूखी और सूनी पड़ चुकी जमीन फिर से हरी भरी होने लगी।

इस अभियान को खेती और किसानों से जोड़ने के लिए कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया गया। इसके अंतर्गत किसानों को केवल पारंपरिक फसलें उगाने के स्थान पर अपने खेतों की मेड़ों पर और फसलों के बीच में आर्थिक रूप से उपयोगी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस व्यवस्था ने न केवल हरित आवरण को बढ़ाया बल्कि किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन भी सृजित किए। इस पूरी यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका स्थानीय समुदायों की भागीदारी की रही है। संयुक्त वन प्रबंधन व्यवस्था के माध्यम से स्थानीय ग्रामीण और आदिवासी समाजों को वनों की सुरक्षा और नए वृक्षारोपण की जिम्मेदारी सौंपी गई। जब लोगों को यह समझ में आया कि वनों का संरक्षण उनके अपने विकास के लिए आवश्यक है, तो यह सरकारी कार्यक्रम एक जन आंदोलन में बदल गया और इसके परिणाम अत्यंत तीव्र तथा स्थायी सिद्ध हुए।

इस अभूतपूर्व सफलता के देश और दुनिया को तीन बहुत बड़े लाभ मिल रहे हैं। पहला लाभ यह है कि यह पुनर्जीवित भूमि अब एक विशाल प्राकृतिक कार्बन अवशोषक के रूप में कार्य कर रही है। नए पेड़ और वनस्पतियां वातावरण से लाखों टन हानिकारक गैसों को सोख रही हैं जिससे वैश्विक तापन के प्रभाव को कम करने में सहायता मिल रही है। दूसरा बड़ा लाभ जैव विविधता की बहाली के रूप में सामने आया है। जो क्षेत्र पूरी तरह बंजर और निर्जीव हो चुके थे, वहां अब पेड़ पौधों के उगने से पशु पक्षियों को उनका प्राकृतिक आवास वापस मिल रहा है। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण पक्ष ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण है। भूमि के उपजाऊ होने से कृषि उत्पादन बढ़ा है और वनों से प्राप्त होने वाले लघु उत्पादों जैसे फल, शहद तथा जड़ी बूटियों ने स्थानीय लोगों की आजीविका को एक नया संबल प्रदान किया है। भारत यहीं पर रुकने वाला नहीं है। वर्ष 2019 में देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम सम्मेलन के 14वें सत्र में भारत ने अपने भविष्य के लक्ष्यों को और अधिक व्यावहारिक तथा महत्वाकांक्षी बना दिया था। इस सम्मेलन में भारत ने संकल्प लिया कि वह वर्ष 2030 तक कुल 26 मिलियन हेक्टेयर बंजर और खराब भूमि को पूरी तरह से पुनर्जीवित करेगा।

**(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं)**

# उत्तर प्रदेश में अभी एक सप्ताह रहेगा लू का असर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश में अगले एक सप्ताह तक लू का असर जाती रहेगा। अभी फिलहाल मानसून की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक सप्ताह तक रहेगा लू का प्रभाव रहेगा। ज्यादातर जिलों में एक से दो डिग्री हुई तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई । शनिवार को भी तापमान में आंशिक वृद्धि के आसार हैं। बारिश की संभावना एक सप्ताह तक नहीं है।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी एक सप्ताह के दौरान सीमित छिटपुट मौसम गतिविधियों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के पूर्वी मध्यवर्ती एवं दक्षिणी भाग में उष्ण लहर (लू) चलने की संभावना है। दो दिन में एक से दो डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है जिससे गर्मी का असर बढ़ेगा। प्रदेश में कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी के आसार भी हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को प्रदेश में सबसे गर्म जिला बांदा रहा जहां तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं प्रयागराज में तापमान 43.6 डिग्री और वाराणसी में 43 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में भी तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई जो एक दिन में 40.4 डिग्री से बढ़कर 41.3 डिग्री पहुंच गया।




शनिवार को भी प्रदेश भर के सभी जिलों में तापमान में आंशिक बढ़ोतरी के आसार हैं। लगातार तीसरे दिन राजधानी में तापमान में बढ़ोतरी का क्रम जारी रहा। तेज धूप, गर्मी और उमस ने आमजन को बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में बढ़ोतरी का यह सिलसिला शनिवार को भी जारी रहने के आसार हैं। राजधानी में शुक्रवार को तापमान में वृद्धि का असर आम जनजीवन पर भी देखने को मिला। बिना जरूरी काम के लोगों ने घर से बाहर निकलने से भी गुरेज किया। शहर के मुख्य मार्गों को छोड़कर बाकी जगह दोपहर के समय अपेक्षाकृत कम वाहन और भीड़भाड़ देखने को मिली। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार से लखनऊ में भी लू का असर देखने को मिलेगा। तापमान में अभी थोड़ी और वृद्धि हो सकती है। फिलहाल एक सप्ताह तक बारिश के भी आसार नजर नहीं आ रहे हैं। लखनऊ में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41.3 डिग्री और न्यूनतम 29.8 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री और बुधवार को 39.6 डिग्री रहा। इस तरह दो दिन में राजधानी के तापमान में 1.7 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## सार संक्षेप

### तार लगाते समय लगा करंट, महिला की मौत, गर्भ में पल रहा था आठ माह का शिशु

**बदायूं।** बिजली के बोर्ड में तार लगाते समय एक महिला की मौत हो गई। उसकी शादी एक साल पहले ही हुई थी तथा उसके गर्भ में आठ माह का शिशु भी था। मामला अलापुर क्षेत्र के गांव खरखोली बुजुर्ग का है। यहां रहने वाले बलवीर सिंह की बेटी मोहिनी की शादी करियामई निवासी राज के साथ करीब एक साल पहले हुई थी। मोहिनी इस समय आठ माह की गर्भवती थी। गर्भवती होने के कारण इस समय वह मायके में थी। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह बिजली का तार बोर्ड में लगा रही थी कि इसी दौरान उसे करंट लग गया। झटका लगने के साथ वह दूर जा गिरी और बेहोश हो गई। उसकी चीख सुनकर परिवार वाले कमरे में आए और उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### समाजोत्थान ट्रस्ट ने बांटा मीठा जल एवं प्रसाद



समाजोत्थान ट्रस्ट उत्तराखंड द्वारा छबील लगाकर मीठा जल एवं प्रसाद वितरण करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** समाजोत्थान ट्रस्ट उत्तराखंड द्वारा गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर सेवा, धर्म और जन कल्याण की भावना से छबील लगाकर मीठा जल एवं प्रसाद वितरण किया गया। वहीं राहगीरों तथा स्थानीय लोगों ने इस भीषण गर्मी में मीठा जल और प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने संगठन द्वारा किए जा रहे इस तरह के कार्यों की सराहना की। साथ ही इस आयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने भी उपस्थित होकर सेवा कार्य में हिस्सा लिया। इसके साथ ही उन्होंने ईश्वर से सभी के सुख, स्मृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री रंजीत सिंह नामधारी, नवीन बोरा, सुधीर बंसल, कमल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### खटीमा– मझोला मार्ग निर्माण कार्य ठप धूल फांकने को मजबूर राहगीर और स्थानीय लोग

**खटीमा।** मझोला से खटीमा को जोड़ने वाला हाईवे मार्ग पिछले कई महीनों से निर्माण कार्य ठप होने के कारण बदहाली की मार झेल रहा है। लगभग 2 किलोमीटर का यह हिस्सा पूरी तरह से उपेक्षित पड़ा है, जिसके चलते यहाँ हर समय धूल का गुबार छाया रहता है। सड़क पर उड़ती धूल और बिखरी गिट्टियां न केवल स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं, बल्कि यहाँ आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। सड़क निर्माण अधूरा छोड़े जाने के कारण क्षेत्र में हर वक्त धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वाहनों के गुजरते ही धूल का गुबार इतना घना हो जाता है कि सामने देखना भी मुश्किल हो जाता है। इससे न केवल राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं, बल्कि लोगों को सांस संबंधी बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलने वाले लोगों का इस मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य के बीच में ही रुक जाने से सड़क पर गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं, जो दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। आए दिन वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आ रही हैं। लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण राहगीर और स्थानीय लोगो के परेशानी का शबब बन चुका है। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाला यह सत्रह किलोमीटर मार्ग का निर्माण लंबे समय से चल रहा है।

# सीएम बोले: अखिलेश की भक्ति राम के प्रति नहीं, वह बाबर को पूजने वाले लोग हैं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रुदौली के मां कामाख्या धाम में जनसमूह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर बरसे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्होंने अब तक राम मंदिर के दर्शन नहीं किए और अपने विधायकों को भी अयोध्या आने से रोका। उनकी भक्ति राम के प्रति नहीं है, वह बाबर की पूजा करने वाले लोग हैं।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री मनोज पांडेय ने जब बतौर सपा विधायक प्रस्ताव रखा कि अयोध्या में सभी विधायकों को दर्शन करने जाना चाहिए तो हमने इसे स्वीकार किया, लेकिन अखिलेश यादव ने मना कर दिया। कहा कि कोई दर्शन करने नहीं जाएगा। राम का स्मरण करने पर सपा ने मनोज पांडेय को अपमानित कर बाहर कर दिया। सीएम ने कहा कि रामभक्तों पर गोली चलाने, राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करने,




न्यायालय में अधिवक्ता खड़ा करके राममंदिर निर्माण में रोड़े अटकाने, रामभक्तों को अपमानित करने और माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले उपदेश देना बंद करें।

सीएम ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिन्हें कब्रिस्तान की बाउंड्रीवॉल से फुर्सत नहीं थी, वे झलकारी बाई की प्रतिमा कैसे लगाते। सीएम ने सपा व कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए कहा कि भगवान राम का मंदिर न बनने पाए, इसके लिए कांग्रेस ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। उच्चतम न्यायालय में शपथ पत्र दिया था कि राम तो हुए ही नहीं। कारसेवकों पर गोली चलाने और जय श्रीराम बोलने पर लाठियां भांजने वाली सपा रामभक्तों के अपमान की बात कह रही है, उपदेश दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का भव्य स्वरूप सपा व कांग्रेस को अच्छा नहीं लगता। सीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत कामाख्या धाम अब नगर पंचायत बन गया है। गरीबों के मांगलिक-सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए विवाह मंडपम बन गया। यहां फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं हैं। कहा कि डबल इंजन सरकार सरयू व गोमती नदी के बीच के पवित्र स्थल को भी विकसित करेगी।

सीएम ने मां कामाख्या धाम के स्वरूप को और बेहतर करने के लिए विधायक रामचंद्र यादव से प्रस्ताव भी मांगा। इस अवसर पर विधायक अमित सिंह चौहान, चंद्रभानु पासवान, अभय सिंह, विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी 'खब्बू', गोरखनाथ बाबा, भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या को बदनाम और रामजन्मभूमि मंदिर को अपमानित करने वालों के बहकावे में न आएं। जिन लोगों ने अयोध्या को बिजली नहीं दी और संकरी गलियों में बांधकर रखा, वे लोग आज दुष्प्रचार कर सप्तपुरियों में प्रथम अयोध्या को अपमानित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। कहा कि एसआईटी की रिपोर्ट आने तक कतई बयानबाजी न करें, यह जांच को प्रभावित करती है। जांच के बाद किसी भी पक्ष को बात कहनी है तो एसआईटी तैयार रहेगी, लेकिन चरित्र हनन व अयोध्या को बदनाम करने का कुत्सित प्रयास न करें।



उपजिलाधिकारी तुषार सैनी एवं तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण ने एसआईआर कार्य समय से पूर्ण करने पर टीम को किया सम्मानित। –जागरण मोर्चा

# एसआईआर कार्य समय से पूर्ण करने पर एसडीएम ने टीम को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत मतदेय स्थल संख्या-15, राजकीय बालिका आदर्श प्राथमिक विद्यालय, अमाऊ-1 की टीम द्वारा निर्धारित समय सीमा में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किए जाने पर टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। गुरुवार को उपजिलाधिकारी तुषार सैनी एवं तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह सजवाण ने टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए बीएलओ सुपरवाइजर नवीन चन्द्र उपाध्याय, बीएलओ दीपा पाण्डेय, पदाभिहीत अधिकारी नीलम तथा आईटी हेल्पिंग स्टाफ रश्मि सिंह को सम्मानित कर बधाई दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य को समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक संपन्न करना लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने टीम के सदस्यों के समर्पण, परिश्रम और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए तथा भविष्य में भी इसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि जनपद में एसआईआर प्रक्रिया सर्वप्रथम पूर्ण करने वाली 25 टीमों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वहीं उपजिलाधिकारी ने प्रथम वरीयता प्राप्त नौ बीएलओ को भी सम्मानित किए जाने की घोषणा की है।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सिसैया में 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सीमावर्ती क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 57वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाइब्रेंट गांव सिसैया में 15 दिवसीय व्यवसायिक सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को 57वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में बी समवाय मेलघाट के अंतर्गत आने वाले वाइब्रेंट गांव सिसैया में सहायक कमांडेंट दिनेश यादव ने किया। प्रशिक्षण में गांव की 20 महिलाओं को सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का संचालन महिला जनजाति सेवा समिति,




महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 57वीं वाहिनी एसएसबी द्वारा 15 दिवसीय व्यवसायिक सिलाई प्रशिक्षण सिखाया। –जागरण मोर्चा

खटीमा द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना भी है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली प्रत्येक महिला को सिलाई टूल किट तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शीतल पासवान, क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन, वार्ड सदस्य रेनू, महिला जनजाति सेवा समिति की गंगा राणा, सुरेश सिंह मौर्य एवं प्रशिक्षक प्रीति राणा सहित एसएसबी के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, उप निरीक्षक विकास कुमार, सहायक उप निरीक्षक सुंदर सिंह, सानिया देसाई तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत, दो रिश्तेदार घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुजरिया।** बिल्सी-मुजरिया मार्ग पर शुक्रवार दोपहर मुजरिया थाने के पीछे हुए सड़क हादसे में डंपर की टक्कर से बाइक सवार 14 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो रिश्तेदार घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक के अनुसार शुक्रवार करीब 12 बजे सूचना मिली कि मुजरिया थाने के पीछे डंपर और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि बाइक संख्या यूपी-16 ईजे-4341 पर सवार तीन लोग बिल्सी से मुजरिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डंपर संख्या एचआर-58 सी-1902 की चपेट में आने से हादसा हो गया।

हादसे में ग्राम अगई थाना वजीरगंज निवासी 14 वर्षीय शिव पुत्र विनोद की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर बीच में बैठे अमृतपाल पुत्र रामपाल (45) निवासी व्योली, थाना वजीरगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी दाहिनी टांग में गंभीर चोट आई है। बाइक चला रहे शिवम पुत्र विनोद निवासी अगई को मामूली चोटें आई हैं। तीनों वाल्मीकि समाज से हैं और आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद आसपास के दुकानदारों ने घायलों को डंपर के नीचे से निकालकर बाहर निकाला। करीब 20 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# खड़ी ट्राली में घुसी तेज रफ्तार बाइक ममेरे-फुफेरे भाई की मौत, एक घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उसहैत थाना क्षेत्र में कादरचौक रोड पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक ट्राली में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सगे ममेरे-फुफेरे भाई की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि एक अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल भिजवाया है ,जिसका उपचार चल रहा है। जबकि पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

फर्रुखाबाद जिले के थाना कायमगंज के गांव बझेड़ा निवासी मुनीश (22) पुत्र महीपाल उसहैत से शादी का सामान लेकर अपने ममेरे भाई पुरुषोत्तम (18) पुत्र



मृतक मुनीश।



मृतक पुरुषोत्तम।

ऋषिपाल व श्याम सिंह (18) पुत्र बहादुर निवासीगढ़ गांव गढ़िया हरदोपट्टी थाना उसहैत के साथ बाइक से वापस लौट रहा था। तभी उसहैत से निकलते ही कादरचौक रोड पर स्थित हनुमान मंदिर के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्राली से जा टकराई। जिसमें मुनीश व पुरुषोत्तम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि श्याम सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। बताया जाता है कि पुरुषोत्तम की बहन की शनिवार को बारात आनी थी। शादी में शामिल होने के लिए मुनीश परिवार के साथ अपनी ननिहाल आया था। वह अपने ममेरे भाई पुरुषोत्तम व गांव के श्याम सिंह के साथ शादी का सामान लेने उसहैत गया था। तीनों लोग सामान लेकर वापस गढ़िया हरदोपट्टी लौट रहे थे। रास्ते में यह हादसा हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही शादी के घर में मातम पसर गया। चारों ओर चीत्कार मच गई।

पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ उसहैत देवेंद्र सिंह ने बताया कि बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी ट्राली से जा टकराए। जिसमें दो की मौत हो गई और एक घायल हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने हर्षोल्लास से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को विधायक कार्यालय भूड़ महोलिया वार्ड-11, नगरपालिका खटीमा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सादगीपूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर उनका जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम का आयोजन नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर राहुल गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की तथा उनके सामाजिक न्याय, समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के प्रति उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में विधानसभा खटीमा के प्रभारी रमेश रौतेला ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सदैव जनहित, सत्य और




केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाते कांग्रेसी।

सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती प्रदान की है। उनकी निडर सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता देश के युवाओं और आमजन के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और राहुल गांधी के उज्ज्वल भविष्य तथा निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर वहां गौरव सिंह राणा, सूरज राणा, विवरण राणा, दीपक, विवेक राणा आदि मौजूद थें।

# एसएसजे विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में केआईटीएम के पांच विद्यार्थियों ने जीते स्वर्ण पदक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में खटीमा स्थित केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के पांच विद्यार्थियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में विभिन्न सत्रों के लगभग 20 हजार विद्यार्थियों में से 121 मेधावी छात्रों को अपने-अपने पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति गुरमीत सिंह तथा कुलपति सतपाल सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के जिन विद्यार्थियों



कुलपति सतपाल सिंह बिष्ट के साथ केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थी पायल चन्द, सुमित सिंह सामंत व अमन पांडे। –जागरण मोर्चा

को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ, उनमें सपना जोशी (बीएससी आईटी, 2020 बैच, बिगराबाग), राहुल मुंडेला (सीटीएचएम, 2020 बैच), अमन पांडेय (सीटीएचएम, 2021 बैच, अमरकला), पायल चंद (बीएससी आईटी, 2022 बैच, नौगवांनाथ) तथा सुमित सामंत (सीटीएचएम, 2022 बैच, बनबसा) शामिल हैं। इस उपलब्धि पर संस्थान के प्रबंधन निदेशक कमल सिंह बिष्ट ने सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि केआईटीएम के विद्यार्थी शिक्षा, कौशल और रोजगार के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान के छात्र-छात्राएं आईटी, होटल मैनेजमेंट, बैंकिंग तथा मास कम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं और शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में पांच विद्यार्थियों का स्वर्ण पदक प्राप्त करना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का परिणाम है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी तथा उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी संस्थान के विद्यार्थी प्रदेश और देश का नाम रोशन करते रहेंगे।

# सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर तोशी अग्रवाल बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मई 2026 में आयोजित सीए फाइनल परीक्षा का परिणाम बृहस्पतिवार को घोषित किया गया, जिसमें खटीमा की होनहार छात्रा तोशी अग्रवाल ने सफलता प्राप्त कर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। तोशी अग्रवाल शहर के वरिष्ठ उद्यमी घनश्याम अग्रवाल एवं इंदु अग्रवाल की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के मार्गदर्शन, भाई रिदम अग्रवाल तथा भाभी संस्कृति अग्रवाल के प्रेरणादायक सहयोग को दिया है। तोशी ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन अध्ययन सामग्री की सहायता से तैयारी की और प्रतिदिन लगभग 11 से 12 घंटे स्व अध्ययन कर इस कठिन परीक्षा में सफलता हासिल की। शैक्षिक पृष्ठभूमि की बात करें तो



तोशी अग्रवाल। –जागरण मोर्चा

उन्होंने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की शिक्षा सराफ पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद बी.कॉम और एम.कॉम की डिग्री मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से हासिल की। वहीं एमबीए की पढ़ाई मुंबई के नारसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से पूर्ण की। तोशी ने कहा कि यह सफलता वर्षों के कठिन परिश्रम, त्याग, धैर्य और निरंतर संघर्ष का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी ।

## 50 हजार का इनामी लुटेरा एसटीएफ व पुलिस के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जहानाबाद।** सेवानिवृत्त शिक्षक से हुई लूट के मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी आरोपी को एसटीएफ और जनपदीय पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अतीउल्ला पुत्र मोबीन निवासी अहरौली, थाना कसया, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को चार बदमाशों ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक को कार में बैठाकर उनसे 23 हजार लूट लिए थे। मामले में पहले तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी, जबकि अतीउल्ला फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 18 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ और जहानाबाद पुलिस ने संयुक्त


पचास हज़ार का इनामी लुटेरा पुलिस ने पकड़ लिया। –जागरण मोर्चा

कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेएमबी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को गांधी सभागार में जिलास्तरीय पीस कमेटी एवं ताजियादारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने की।

बैठक में धर्मगुरुओं, ताजियादारों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से आपसी भाईचारे के साथ मोहर्रम मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने अफवाहों से दूर रहने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करने का आग्रह किया।



आगामी मोहर्रम के मद्देनज़र पीस कमेटी की बैठक। –जागरण मोर्चा

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ढोल, ताशा और डीजे का प्रयोग केवल परंपरागत स्थानों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप कम ध्वनि स्तर पर ही किया जाएगा। किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

ताजियों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं होगी तथा उन्हें केवल निर्धारित कर्बला या ईदगाह स्थलों पर ही दफनाया जाएगा। सभी जुलूसों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी और यातायात व्यवस्था बाधित नहीं होने दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों को नियमित फ्लैग मार्च कर कानून-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

## सार संक्षेप

### जनकापुर में चल रहे विष्णु महायज्ञ में उमड़ी भीड़


कथा में मौजूद श्रोतागण। –जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** विष्णु महायज्ञ में यज्ञ आचार्य ने यजमानों से विश्व कल्याण के लिए आहुतियां डलवाईं। बड़ी संख्या में लोग यज्ञ की परिक्रमा करने पहुंच रहे है। झांकियां देखने के लिए लोग उमड़ रहे हैं। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव जनकापुर के मंदिर पर पंच कुंडीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। गांव के मुख्य यजमान के अलावा अन्य लोगों से यज्ञ में वैदिक रीति रिवाज के साथ यज्ञाचार्य संजीव दीक्षित ने यज्ञ में आहुतियां डलवाकर विश्व कल्याण की कामना की गई। इस दौरान मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्ति में हो गया। शुक्रवार को गांव के अलावा आस पडोस के गांवों से बडी संख्या में लोग व महिलाएं यज्ञ की परिक्रमा करने के लिए पहुंची। यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर चढ़ावा चढ़ाकर विश्व कल्याण की कामना की। कथा वाचक कस्तूरी चेतन्य महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है। कथा का रसपान कराते हुए उन्होंने कहा की कथा सुनने से वातावरण भक्ति में रहता है। इसलिए हर मनुष्य को कथा सुननी चाहिए। उन्होंने कथा के महत्व के बारे में भी वताया। कथा को जिसको सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। इस दौरान रात्रि में आकर्षक झांकियां भी सजाई जा रही है। जिनको देखकर श्रोता भाव विभोर हो रहे हैं। आयोजकों ने बताया पूर्ण आहुति के साथ कार्यक्रम का समापन 21 जून को किया जाएगा। 22 जून को विशाल भंडारा होगा।

### रात्रि चौपाल में मंत्री ने सुनीं जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश


रात्रि चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री संजय गंगवार। –जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र के मोहल्ला थान सिंह काला मंदिर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में मंत्री ने नगरवासियों से संवाद कर राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सड़क निर्माण, दिव्यांग पेंशन तथा अन्य समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए एक महिला द्वारा बीमारी के कारण बिजली बिल जमा न कर पाने से कनेक्शन कटने की शिकायत पर मंत्री ने विद्युत विभाग को तत्काल कनेक्शन जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर की गलियों और शेष सड़कों को विकास योजनाओं में शामिल कर निर्माण कराने को भी कहा। मंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही चौपाल का उद्देश्य है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**जहानाबाद।** पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी चेतराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी चेतराम निवासी ग्राम शाही, थाना जहानाबाद का रहने वाला है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार 2 जून 2026 को ओमपाल निवासी ग्राम शाही ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी को चेतराम ने लगातार प्रताड़ित किया, जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हो गई। 31 मई 2026 को महिला की शाही रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने 18 जून को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज निर्माण का विरोध तेज

## नगर में व्यापारियों ने जताई गंभीर आपत्ति

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के रेलवे क्रॉसिंग संख्या 179 पर प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। निर्माण योजना के विरोध में स्थानीय व्यापारियों ने खुलकर आपत्ति दर्ज कराई है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि यह ओवरब्रिज बनाया गया तो उनके व्यापार पर गंभीर असर पड़ेगा और ग्राहकों की आवाजाही बाधित हो जाएगी। व्यापारियों का कहना है कि ओवरब्रिज निर्माण के दौरान लंबे समय तक सड़क मार्ग बाधित रहेगा, जिससे दुकानदारी पूरी तरह प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा निर्माण के बाद भी कई दुकानों तक सीधा पहुंच मार्ग बंद होने की आशंका जताई जा रही है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि यदि उचित एंट्री और एग्जिट पॉइंट नहीं बनाए गए तो उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो सकता है। जाम से राहत की उम्मीद, लेकिन असंतोष भी स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग 179 पर लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। ऐसे में ओवरब्रिज निर्माण से यातायात व्यवस्था में सुधार और जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि, व्यापारिक वर्ग इस विकास कार्य से अपने हितों को नुकसान पहुंचने की आशंका जता रहा है। प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस परियोजना को लागू करने से पहले प्रभावित दुकानदारों से बातचीत की जाए और उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जाए। साथ ही निर्माण डिजाइन में बदलाव कर व्यापारिक क्षेत्र को न्यूनतम नुकसान पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। स्थानीय स्तर पर विरोध बढ़ने के चलते माहौल में तनाव की स्थिति बनती दिख रही है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।फिलहाल प्रशासन की ओर से इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। क्षेत्र में लोगों की नजर अब प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# पाइपलाइन सड़क मरम्मत में घटिया निर्माण का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रसादपुर में पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत में अनियमितताओं के आरोप सामने आए है। पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को मानकों के अनुरूप पुनर्निर्मित नहीं किया गया।

भाकियू अराजनैतिक के एक पदाधिकारी ने प्रसादपुर गांव में पाइपलाइन डालने के लिए जैसीबी से खोदी गई सडको की मरम्मत का काम चल रहा है। आरोप है कि मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया तथा गुणवत्ता संबंधी मानकों की अनदेखी की गई। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। खासकर बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। अगर अनियमितताओं के तहत सडक बनवाई गई तो सडक शीघ्र ही टूट कर गड्ढो में तब्दील हो जाएगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत केवल औपचारिकता बनकर रह गई है और कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी और यदि अनियमितता पाई गई तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खुटार हाईवे पर घोड़े से टकराई बाइक, युवक की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

- मामा के घर से लौटते समय हुआ हादसा, मचा कोहराम

**पूरनपुर।** खुटार हाईवे पर गढ़बाखेड़ा चौकी के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक अपने मामा के घर से वापस लौट रहा था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव सिमरा महिपत निवासी शिवा शुक्ला की पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास में ननिहाल है। गुरुबार को वह अपने मामा के घर आया हुआ था। शुक्रवार को सुवह वह बाइक से अपने मामा के घर से वापस अपने लौट रहा था। सुबह के समय खुटार हाईवे पर गढ़बाखेड़ा चौकी के निकट पहुंचने पर उसकी बाइक अचानक सड़क पर आए घोड़े से टकरा गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक सडक पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने घायल युवक को संभाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने युवक को बचाने का प्रयास किया। लेकिन गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बच सकी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोग अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया सड़क हादसे में घोड़े से वाइक टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हुई है। सूचना परिजनों को दी गई है। हादसे को लेकर परिवार में चीत्कार मची हुई है। मृतक अपनी तीन बहनो में इकलौता भाई था। परिजनों का कहना है कि वह पूरी तरह स्वस्थ था और मामा के घर से खुशी-खुशी वापस लौट रहा था,लेकिन रास्ते में हुए हादसे ने सब कुछ बदल दिया। गांव में शोक का माहौल है और लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। हादसे से परिवार और बहनों का रो रो कर बुराहाल है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि खुटार हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी लगातार हादसों का कारण बन रही है। दिन और रात के समय अक्सर मवेशी एवं घोड़े सड़क पर घूमते दिखाई देते हैं, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

## चारपाई पर सो रही महिला को दबोचा, चार पर केस दर्ज

**पूरनपुर।** पति की गैरमौजूदगी में युवक ने महिला को चारपाई पर दबोच लिया। छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश की, विरोध करने पर घर में घुसकर मारा पीटा। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि 16 जून को उसका पति किसी काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। वह घर पर अकेली थी। रात्रि करीब दो बजे गांव निवासी एक युवक उसके घर में घुस आया। इसके बाद कमरे में चारपाई पर सो रही महिला को युवक ने गलत नीयत से दबोच लिया,छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने की कोशिश की,विरोध पर गाली गलौज की, शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। इसके बाद युवक अपने तीन अन्य साथियों के साथ लाठी डंडे लेकर महिला के घर में घुस आया और उसको मारा पीटा। चीखने चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोग आ गए। जिस पर युवक पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की जानकारी महिला ने अपने पति को दी।इसके बाद महिला ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाल पवन पांडे ने बताया मामले में चार के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# भीषण गर्मी के बीच हो रही बिजली कटौती, लोग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भीषण गर्मी के बीच हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ रही हैं। गर्मी में बिजली कटौती से लोगों को परेशानी हो रही है तो लो वोल्टेज भी परेशान कर रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक बिजली की समस्या बनी हुई है। इन दिनों फसलों को भी पानी की सबसे ज्यादा जरुरत है लेकिन पर्याप्त बिजली न मिलने की वजह से किसान परेशान हैं।

गर्मी में बिजली कटौती भी परेशानी का सबब बन रही है। दिन तो जैसे-तैसे बीत जाता है,मगर रात को हर आधे से एक घंटे के बीच हो रही कटौती लोगों को परेशान कर रही है। शरीर का पसीना सूख नहीं पाता और बिजली कट जाती है। घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे रहे हैं। पूरी रात लोग जागने को मजबूर हैं,उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली निगम बिल जमा कराने के लिए सख्ती तो बरत रहा है, लेकिन सुविधाओं का जरा भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। बिजली की वजह से पूरनपुर, घुंघचाई, हरिपुर, माधोटांडा, सबलपुर और शेरपुरकला बिजली उपकेंद्र


फाल्ट सही करता बिजली कर्मचारी।

के गांवों में बिजली की समस्या है। लोगों को शेड्यूल के अनुसार आपूर्ति नहीं मिल रही है। शहर में कटौती की जा रही है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। शिकायत के वावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा है। अधिशासी अभियंता ने कहा कि ओवरलोड की वजह से कटौती की जा रही है। गर्मी में लोड ज्यादा हो जाता है। ऐसे में ट्रांसफार्मर खराब रहने का डर रहता है। इसे सामान्य रखने के लिए कटौती की जाती है। हालांकि बिजली अब सामान्य मिल रही है।

## मिलेट्स एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ, किसानों को दी नई तकनीकों की जानकारी

**पीलीभीत।** गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्रीव श्री बलदेव सिंह औलख ने किया।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया तथा लगभग 650 प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया। मंत्री ने किसानों से मिलेट्स एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील करते हुए इसके स्वास्थ्य एवं आर्थिक लाभ बताए। इस दौरान लाभार्थियों को पुष्टाहार का वितरण भी किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने श्रीअन्न की खेती, पोषण महत्व तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों को दी।

## मिलेट्स एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का शुभारंभ, किसानों को दी नई तकनीकों की जानकारी

**पीलीभीत।** गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स एवं प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया तथा लगभग 650 प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया। मंत्री ने किसानों से मिलेट्स एवं प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील करते हुए इसके स्वास्थ्य एवं आर्थिक लाभ बताए। इस दौरान लाभार्थियों को पुष्टाहार का वितरण भी किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने श्रीअन्न की खेती, पोषण महत्व तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों को दी।




आ | विधायक सहित कई लोगों ने पहुंच कर टेका माथा

# बाबा केसर सिंह की बरसी पर हुआ गुरमत समागम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** हरसिंहपुर गुरुद्वारा साहिब में परम श्रद्धेय संत बाबा केसर सिंह जी की 39वीं बरसी के पावन अवसर पर विशाल गुरमत समागम का आयोजन किया गया। विधायक वावूराम पासबान ने गुरुद्वारा साहिब में पहुँच कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाने, मत्था टेकने तथा समस्त मानवता के कल्याण, देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि और सर्वत्र के भले की अरदास करने का अवसर मिला। गुरु घर की पावन वाणी, कीर्तन और गुरमत विचारों से परिपूर्ण इस दिव्य वातावरण ने मन को अद्भुत शांति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

परम श्रद्धेय संत बाबा केसर सिंह जी ने अपने संपूर्ण जीवन को गुरु घर की सेवा,संगत की भलाई और गुरमत प्रचार-प्रसार


कार्यक्रम में मौजूद रागी जत्थे। –जागरण मोर्चा

के लिए समर्पित किया। उनकी तपस्या, त्याग, सेवा और सादगी आज भी लाखों श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी 39वीं बरसी के अवसर पर आयोजित इस गुरमत समागम में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगत ने पहुँचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समागम में उमड़ी अपार संगत के दर्शन कर मन अत्यंत प्रसन्न और भाव-विभोर हो गया। गुरु घर के प्रति श्रद्धा, प्रेम और समर्पण का जो अद्भुत दृश्य यहाँ देखने को मिला, वह वास्तव में अविस्मरणीय रहा।

संगत द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य, लंगर व्यवस्था और गुरु चरणों में समर्पित भाव से की जा रही भक्ति ने सभी के हृदय को स्पर्श किया। इस विशेष गुरमत समागम में पंजाब से पधारे अनेक श्रद्धेय संत-महापुरुषों का पावन आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्रद्धेय बाबा वचन सिंह जी, बाबा महेंद्र सिंह जी, बाबा सुरेंद्र सिंह जी, बाबा गुरजंट सिंह जी, बाबा रवींद्र सिंह जी, बाबा नक्षत्र सिंह जी तथा बाबा अजमेर सिंह छीना जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया वृद्धाश्रम में बांटे फल-मिष्ठान


वृद्धा आश्रम में फल बांट कर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** शहर कांग्रेस कमेटी ने शहर अध्यक्ष कृष्ण गंगवार की अध्यक्षता में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन धूमधाम एवं सादगी के साथ मनाया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं।

इसके बाद कार्यकर्ता वृद्ध सेवा संस्थान (वृद्धाश्रम) पहुंचे, जहां बुजुर्गों को फल एवं मिष्ठान वितरित किए गए। शहर अध्यक्ष कृष्ण गंगवार ने कहा कि राहुल गांधी देश में आमजन, शोषितों और वंचित वर्गों की सशक्त आवाज बनकर उभरे हैं तथा उनके विचार कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में पं. राकेश मिश्रा, हरीशंकर कश्यप, राजीव राठौर, कमल कुमार गौड़, पुष्पेंद्र मोहन शुक्ला, संजीव राठौर, लेखराज राठौर, ब्रजेश द्विवेदी, कामरान और गौरव शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दुष्कर्म आरोपी को कठोर दंड दिलाने की मांग, बार एसोसिएशनों को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय हनुमान दल ने जनपद में 8 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म की घटना के आरोपी को कठोरतम दंड दिलाने की मांग को लेकर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन, जिला सेंट्रल बार एसोसिएशन और जिला सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्षों को ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने अधिवक्ताओं से आरोपी की पैरवी न करने तथा अभियोजन पक्ष को सहयोग देकर पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की अपील की। ज्ञापन में कहा गया कि इस जघन्य घटना से पूरे समाज में आक्रोश है और दोषी को त्वरित सुनवाई के माध्यम से सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। संगठन ने बार एसोसिएशनों से मानवता और न्याय के पक्ष में खड़े होकर पीड़ित परिवार का समर्थन करने का अनुरोध किया। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता 'अधिवक्ता', स्वतंत्र देवल, जगदीश सक्सेना, हरिपाल यादव, रामानुज अवस्थी और आदित्य ओझा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।



दुष्कर्म आरोपी को कठोर सजा को ज्ञापन सौंपते हनुमान दल के लोग। -जागरण मोर्चा

# पुराने मुकदमें में फैसला नहीं करने पर दो गुटों में खूनी संघर्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

- सदर कोतवाली इलाके के पुरानी चुंगी के पास हुई घटना

**बदायूं।** कोतवाली क्षेत्र के पुरानी चुंगी इलाके में पुराने मुकदमें में फैसला करने से इंकार करने पर बृहस्पतिवार को दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। हमलावरों ने कार सवारों को खींचकर उनसे जमकर मारपीट की और कार में तोड़फोड़ की। पुलिस ने घायलों की तहरीर पर आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। जबकि दूसरे गुट का आरोप है कि पुलिस ने उनकी न तो रिपोर्ट दर्ज की न ही मेडीकल परीक्षण कराया।

मामला थाना बिनावर थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर पस्तौर से जुड़ा है। गांव निवासी अमीर व दूसरे गुट के सारिम के बीच मुकदमें को लेकर रंजिश चली आ रही है। बृहस्पतिवार को अमीर अहमद,मुशीर अहमद आदि लोग मामले की शिकायत करने एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे। उनका आरोप था कि गांव के सारिम,हुमायूं व मोनिस आदि लोग मुकदमें में फैसले का दबाव बना रहे हैं। इसी को लेकर आरोपी 16 जून की रात उनके घर के पास घूमते रहे।

उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले विरोधियों ने मुशीर पर हमला भी किया था। जिसका मुकदमा बिनावर थाने पर दर्ज है। एसएसपी से शिकायत कर लौटते समय विरोधियों ने उन्हें घेर लिया और डंडो से मारपीट की। उनकी कार को भी तोड़ दिया। घायलों की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

वहीं, दूसरे गुट का कहना है कि घटना के बाद वह लोग थाने पहुंचे, लेकिन एक सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि के इशारे पर उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही उनका मेडीकल कराया गया। दूसरा गुट मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने की बात कह रहा है। इंस्पेक्टर क्राइम अशोक कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने दिए जरूरी निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गांधी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर सुधारात्मक कार्यवाही, ब्लैक स्पॉट्स के सुधारीकरण, लिंक रोडों पर स्पीड ब्रेकर एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अमरिया और जहानाबाद बाईपास की खराब लाइट व्यवस्था को शीघ्र दुरुस्त कराने को कहा गया। वहीं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा ने मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया।




सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम। -जागरण मोर्चा

# पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं पर डीएम ने की समीक्षा



समीक्षा बैठक में मौजूद डीएम होटल आदि के संचालक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पूरनपुर व कलीनगर क्षेत्र के होटल, रिसॉर्ट, बारातघर और होम-स्टे संचालकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पर्यटकों की सुरक्षा, बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने होम-स्टे संचालकों को निर्धारित मानकों का पालन करने, किराया सूची प्रदर्शित करने और विदेशी पर्यटकों के ठहरने पर फॉर्म-सी की रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थानीय रोजगार और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा सभी संबंधित पक्षों को समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए।

## प्रदेश के नौ विद्यालयों ने राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया मान

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यालयों की सूची में प्रदेश के 7 परिषदीय विद्यालयों तथा 2 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों ने स्थान बनाया है।

इन विद्यालयों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय पहचान हासिल की है। चयनित विद्यालय संभल, पीलीभीत, चित्रकूट, बरेली, रायबरेली, बदायूं, सहारनपुर, श्रावस्ती और जालौन जनपदों से हैं। विद्यालयों की इस उपलब्धि से प्रदेश का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। शिक्षा विभाग ने इसे स्वच्छ एवं हरित विद्यालय अभियान की बड़ी सफलता बताया है।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में नई नियुक्तियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई पूरनपुर में संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने नीतीश अग्रवाल (अग्रवाल ज्वैलर्स) को नगर अध्यक्ष तथा विकास गुप्ता (श्रद्धा ज्वेलर्स) को नगर महामंत्री मनोनीत किया है। संगठन पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा व्यापारी हितों की रक्षा के साथ संगठन का विस्तार भी होगा। जिला अध्यक्ष ने शीघ्र नगर कार्यकारिणी का गठन कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

# महिला अपराध और मादक पदार्थ तस्करी पर सख्ती के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में अभियोजन कार्यों एवं एन-कार्ड की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में पॉक्सो, एससी-एसटी एक्ट, गैंगस्टर, बलात्कार तथा महिला एवं बच्चों से जुड़े अपराधों के मुकदमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इनके त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एन-कार्ड की समीक्षा के दौरान अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने, सूचना तंत्र मजबूत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंदिरों के रास्ते में दलदल! एक साल से जलभराव की मार, जिम्मेदार बेखबर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के समीप खेड़ा बुजुर्ग में प्रशासनिक दावों की पोल खोलती एक तस्वीर सामने आई है। साईं मंदिर रोड पर पिछले करीब एक वर्ष से जलभराव और गंदगी की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग के पास फायर ब्रिगेड कार्यालय और नवादा चौकी स्थित है, वहीं इसी रास्ते से श्रद्धालु साईं मंदिर और शीतला माता मंदिर तक पहुंचते हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर जमा गंदा पानी और कीचड़ राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। बरसात हो या सामान्य दिन, सड़क पर जलभराव के चलते लोगों को मजबूरन गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार प्रधान से शिकायत की गई। शिकायत के बाद केवल नाली की सफाई करवा दी गई, जिससे एक-दो दिन के लिए पानी निकल गया, लेकिन कुछ ही समय बाद हालात फिर पहले जैसे हो गए। लोगों का आरोप है कि समस्या की जड़ को खत्म करने के बजाय केवल खानापूर्ति की जा रही है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब फायर ब्रिगेड और पुलिस चौकी जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान इसी क्षेत्र में मौजूद हैं, तो आखिर एक साल से चली आ रही इस गंभीर समस्या पर जिम्मेदार अधिकारियों की नजर क्यों नहीं पड़ रही?



# एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, 7350 रुपये और कई कार्ड बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** थाना वजीरगंज पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नकदी व कई एटीएम/डेबिट कार्ड बरामद किए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी मारूफ खान पुत्र महबूब खां निवासी कस्बा सैदपुर, थाना वजीरगंज ने 31 मई 2026 को तहरीर दी थी कि सैदपुर स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से पैसे निकालते समय तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। इस संबंध में थाना वजीरगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल अभियुक्तों की पहचान अतुल यादव, सौरभ ठाकुर एवं सौरभ सिंह परिहार के रूप में की। इनमें से अतुल यादव को पूर्व में थाना बिसौली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सौरभ सिंह परिहार पुत्र गजराज सिंह निवासी ग्राम बेलमपुरी थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद (हाल निवासी खेरिया सिकमी) को बनकोटा हाईवे से 200 मीटर पहले वजीरगंज की ओर से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 7350 रुपये नकद, चार एटीएम/डेबिट कार्ड तथा एक आधार कार्ड बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना वजीरगंज व बिसौली में धोखाधड़ी एवं आईटी एक्ट से संबंधित मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध संजीव कुमार थाना वजीरगंज अपनी टीम के साथ शामिल रहे।



# नए स्वरूप में मिलेगा पुष्टाहार प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ




पुष्टाहार वितरित करते प्रभारी मंत्री। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में बाल विकास विभाग के तहत लाभार्थियों को अब अधिक पौष्टिक और स्वादिष्ट पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाएगा।

शुक्रवार को गांधी स्टेडियम में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने लाभार्थियों को नवीन पुष्टाहार वितरित कर योजना का शुभारंभ किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी ने बताया कि दाल, दलिया और तेल के स्थान पर अब विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को नई रेसिपी आधारित पौष्टिक खाद्य सामग्री दी जाएगी। कार्यक्रम में मंत्री ने गर्भवती, धात्री महिलाओं तथा बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से पुष्टाहार वितरित किया।

**कार्यक्रम** उत्कृष्ट शिक्षक और छात्रों को किया गया सम्मानित

# डायट परिसर में विकास प्रदर्शनी व शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सुशासन को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश में चल रहे समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को डायट परिसर ऑडिटोरियम में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी एवं शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि "भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा, इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे।" उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाए तो यह लक्ष्य दूर नहीं है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से समर्पण और लगन के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ी है। कोरोना काल से जरूरतमंदों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भयमुक्त बना है और कई योजनाओं में प्रदेश अग्रणी रहा है।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा तथा श्रेष्ठा योजना परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों एवं उन्हें मार्गदर्शन देने वाले 10 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सतेन्द्र सिंह (परियोजना निदेशक, डीआरडीए), गिरजेश चौधरी (प्राचार्य डायट), नवीन कुमार (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी), राकेश कुमार (वरिष्ठ प्रवक्ता डायट) सहित अनेक कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## सार संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट में पांच पर प्राथमिकी

**बदायूं।** थाना व कस्बा हजरतपुर निवासी बृजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जून को गांव के ही मंजेश,मीना,विवेक,शिल्पी व राज ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। विरोध करने पर सभी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने पांचों आरोपितों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

### चार लोगों पर महिला से मारपीट का आरोप, रिपोर्ट

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव जकूपुर निवासी रीना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के देवेंद्र,राजीव,विपिन व कीर्ति से उसकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपित उसके परिवार की घेराबंदी करते हैं। 18 जून की सुबह 8 बजे वह अपने घर पर थी। तभी सभी आरोपित लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आसपास के लोगों ने आकर उसे बचाया। जाते समय आरोपित जान से मारने की धमकी दे गए। मारपीट में उसके गहरी चोटे आई हैं। महिला ने चारों आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### मृतकों के आश्रितों को दो दो लाख के चेक दिए




**बिसौली।** भारतीय स्टेट बैंक एसीबी बिसौली द्वारा गोष्टी के उपरांत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। यह चेक सहाबर शाह पोस्ट निजामपुर निवासी सत्यवीर की पत्नी सत्यवती और कुवंर पाल के जीजा नरेंद्र को सौंपा गया। जिनका बीमारी के कारण निधन हो गया था। बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा ने बताया कि बैंक पासबुक की जांच के दौरान पता चला कि सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 436 रुपए की कटौती हुई थी। इसी आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र और नॉमिनी के केवाईसी दस्तावेजों को प्रमाणित कर एक माह के भीतर ही दावा का समाधान कर दिया गया। शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार शर्मा ने ग्राहकों को सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान चीफ मैनेजर प्रशांत कुमार शर्मा, राहुल सिंह, फील्ड ऑफिसर वसीम अकरम, फील्ड ऑफिसर शुभम, सर्विस मैनेजर अर्पित सिंह, प्रोबेशनरी ऑफिसर प्रखर तिवारी, सीनियर एसोसिएट शिखर गोयल, एसोसिएट विपिन, जूनियर एसोसिएट वाशु कौशिक आदि उपस्थित रहे।

### राशन कार्ड नहीं बना तो पूर्ति कार्यालय पहुंचा दिव्यांग

**बिसौली।** सिस्टम की मार से तंग आकर एक दिव्यांग पूर्ति कार्यालय पहुंचा। जहां दिव्यांग युवक ने पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार को बताया साहब दो तीन साल से उसका राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। जिसे सुनकर उनका पारा हाई हो गया। उन्होंने अधीनस्थों को जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। सैदपुर निवासी दिव्यांग मुश्ताक अली ने पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार को अपनी समस्या बताई। उसने बताया कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उसे राशन कार्ड की आवश्यकता है, लेकिन अभी तक उसका कार्ड नहीं बन पाया है। इस वजह से वह सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं ले पा रहा है। पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया की गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई के बाद मौके पर ही दिव्यांग युवक का राशन कार्ड जारी कर दिया गया। राशन कार्ड मिलने पर दिव्यांग युवक ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।


### राशन कार्ड नहीं बना तो पूर्ति कार्यालय पहुंचा दिव्यांग

**बिसौली।** सिस्टम की मार से तंग आकर एक दिव्यांग पूर्ति कार्यालय पहुंचा। जहां दिव्यांग युवक ने पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार को बताया साहब दो तीन साल से उसका राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। जिसे सुनकर उनका पारा हाई हो गया। उन्होंने अधीनस्थों को जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। सैदपुर निवासी दिव्यांग मुश्ताक अली ने पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार को अपनी समस्या बताई। उसने बताया कि कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उसे राशन कार्ड की आवश्यकता है, लेकिन अभी तक उसका कार्ड नहीं बन पाया है। इस वजह से वह सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं ले पा रहा है। पूर्ति निरीक्षक दिनेश कुमार ने बताया की गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई के बाद मौके पर ही दिव्यांग युवक का राशन कार्ड जारी कर दिया गया। राशन कार्ड मिलने पर दिव्यांग युवक ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक पीयूष गंगवार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।


### सदर विधायक ने की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई



**बदायूं।** डायट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उनके सुखद व सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है विभिन्न जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के सभी पात्रों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो हमारे पूर्वजों ने हमें संस्कार दिए हैं उसका हमें अनुसरण करना चाहिए और अपने रीति रिवाज को पूरे हर्ष के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कस्बे में हुआ मोहर्रम में मजलिसों का आयोजन

**बिसौली।** शहीदे आजम इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला की याद में मोहर्रम में मजलिसों का आयोजन कर गमे हुसैन मनाने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को छोटे छोटे बच्चों द्वारा इमामबाड़ा बनी हाशिम से जुलूस ए अल अतश को पूरे गम और अकीदत के साथ निकाला गया। जुलूस अपने परंपरागत रास्तों से होता हुआ जन्नतुल बकी तक पहुंचा। इस दौरान अकीदतमंद जुलूस में शामिल होकर नोहा खानी और मातम करते रहे। इस मौके पर हसन अहमद, मूसा रिज़वी, अली शनावर, मोहम्मद, कैफ, मो. ख़िज़्र, सैयदा, मुजतबा, इब्राहिम, बीबी रानी, ख़ुशी, हुसैन, ज़िकरा, मिनल, अलीज़ा, रूम्मान, अकबर, महवर, दावर, अली, नायल रिज़वी, अब्बास, ज़ैनुल, सरवर, ग़नी, हुसैन, ज़िकरा, सय्यदा, हमज़ा, अकबर, वफा अब्बास, महवर, दावर आदि बच्चें मौजूद रहे।

### विश्व योग दिवस पर गांधी स्टेडियम में होगा मुख्य कार्यक्रम

**पीलीभीत।** 21 जून को विश्व योग दिवस के अवसर पर गांधी स्टेडियम में प्रातः 6 बजे से जनपद स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा नगर के गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिलाधिकारी ने विभिन्न अधिकारियों को मजिस्ट्रेट एवं व्यवस्था संबंधी दायित्व सौंपे हैं।

### जूड बेलिंगहम और सब्स्टीट्यूट मार्कस रैशफोर्ड ने भी दागे गोल

# कप्तान हैरी केन के डबल धमाल से इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 4-2 से रौंदा

**डालस**

इंग्लैंड ने क्रोएशिया को फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप एल के रोमांचक मुकाबले में 4-2 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। कप्तान हैरी केन के दो गोलों के अलावा जूड बेलिंगहम और सब्स्टीट्यूट मार्कस रैशफोर्ड ने भी गोल दागे।

इंग्लैंड ने मैच की शुरुआत दमदार अंदाज में की जब 12वें मिनट में हैरी केन ने पेनल्टी पर गोल किया। उनका पहला शॉट क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने रोक लिया था, लेकिन रेफरी के आदेश पर पेनल्टी दोबारा ली गई और इस बार केन ने कोई गलती नहीं की। 42वें मिनट में डेक्लन राइस के कॉर्नर पर मिले मौके को हैडर से गोल में बदलकर उन्होंने अपना दूसरा गोल किया। क्रोएशिया ने भी जोरदार वापसी की। मार्टिन बातुरिना ने 36वें मिनट में शानदार शॉट से गोल किया, जबकि पेटार मूसा ने पहले हाफ के इंजरी टाइम (45+5) में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही जूड बेलिंगहम ने शानदार रन बनाकर सटीक फिनिश करते हुए इंग्लैंड को फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद इंग्लैंड ने मैच पर पूरी पकड़ बना ली। 85वें मिनट में मार्कस रैशफोर्ड ने बेहतरीन मूव के बाद चौथा गोल दागकर जीत पक्की कर दी।

क्रोएशिया की ओर से लुका मोड्रिच, डोमिनिक लिवाकोविच और योश्को ग्वार्दिओल ने प्रयास किए, लेकिन टीम इंग्लैंड की तेज आक्रामकता के सामने टिक नहीं सकी। इंग्लैंड के कोच थॉमस टुशेल ने कहा कि पहले हाफ में टीम नर्वस थी, लेकिन दूसरे हाफ में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रतिक्रिया दी। वहीं क्रोएशिया के कोच ज्लात्को डालिच ने रक्षात्मक गलतियों को हार की वजह बताया।



### आज के मैच

| | |
|---|---|
| यूएसए बनाम ऑस्ट्रेलिया | 00.30 बजे से (सीएटल ) |
| स्कॉटलैंड बनाम मोरक्को | 03.30 बजे से (बॉस्टन) |
| ब्राजील बनाम हैती | 06.00 बजे से (फिलाडेल्फिया) |
| तुर्की बनाम पराग्वे | 08.30 बजे से (सैन फ्रांसिस्को बे एरिया) |
| नीदरलैंड्स बनाम स्वीडन | 22.30 बजे से (ह्यूस्टन) |

### चेकिया-दक्षिण अफ्रीका के बीच 1-1 से ड्रॉ

**नई दिल्ली,** चेकिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप ए का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ हो गया। चेकिया ने मैच की शुरुआत तेज की और 6वें मिनट में मिशाल सादिलेक ने गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दूसरे हाफ में दक्षिण अफ्रीका के तेबोहो मोकोएना ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद कोई भी टीम निर्णायक गोल नहीं कर सकी और मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस परिणाम के बाद दोनों टीमों को ग्रुप ए में एक-एक अंक मिला।

**रोचक तथ्य** हैरी केन अब बिना पेनल्टी शूटआउट के वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा (5) पेनल्टी गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# आखिरी मिनट में गोल कर घाना ने मारी बाजी

**टोरंटो**



घाना ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप एल मुकाबले में पनामा को 1-0 से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल 95वें मिनट में कैलिब यिरेनक्वी ने किया। पूरा मुकाबला बेहद कड़ा और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें दोनों टीमों को मौके मिले लेकिन लंबे समय तक कोई भी गोल नहीं हो सका।

पनामा ने शुरुआत में बेहतर मौके बनाए। 18वें मिनट में अमीर मुरिल्लो के पास पर सेसिलियो वाटरमैन का शॉट घाना के गोलकीपर लॉरेंस अती-जग़ी ने शानदार डाइविंग सेव से रोक दिया। इसके बाद जियोवानी रामोस को भी एक अच्छा मौका मिला, लेकिन उनका शॉट लक्ष्य से बाहर चला गया। दूसरे हाफ में भी पनामा ने दबाव बनाए रखा। क्रिस्टियन मार्टिनेज का शॉट साइड नेटिंग पर लगा, जिससे टीम बढ़त नहीं बना सकी। घाना के कोच कार्लोस क्यूएरोज़ ने मैच में दो बदलाव किए, जिससे टीम को बढ़त मिली। ब्रैंडन थॉमस-असांते ने बाएं फ्लैंक से शानदार रन बनाते हुए गेंद को गोल के सामने पास किया, जहां कैलिब यिरेनक्वी ने आसान टैप-इन कर अपनी टीम को जीत दिलाई। यह यिरेनक्वी का पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था, जिसने घाना को महत्वपूर्ण तीन अंक दिलाए और पनामा को वर्ल्ड कप में पहले अंक से वंचित कर दिया।

**रोचक तथ्य...** कोच कार्लोस क्यूएरोज़ लगातार पांच वर्ल्ड कप में टीमों को कोचिंग देने वाले चुनिंदा कोचों में शामिल हो गए हैं।

# डायनामिक डियाज के जलवे से कोलंबिया ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से किया पराजित

**मेक्सिको सिटी**



कोलंबिया ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप के मुकाबले में डेब्यू कर रही टीम उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच के हीरो रहे लुईस डियाज़, जिन्होंने एक गोल किया और एक गोल में सहायता भी दी।

कोलंबिया की ओर से डैनियल मुन्योस ने 40वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि लुईस डियाज़ ने 65वें मिनट में बढ़त को मजबूत किया। इंजरी टाइम के 90+9वें मिनट में जर्मिंटन कैंपाज ने हेडर से तीसरा गोल कर जीत पक्की कर दी।

उज़्बेकिस्तान के लिए ऐतिहासिक पल तब आया जब अब्बोसबेक फयजुल्लायेव ने 60वें मिनट में टीम का पहला वर्ल्ड कप गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया, लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। मैच की शुरुआत से ही कोलंबिया ने दबदबा बनाए रखा। 17वें मिनट में जॉन एरियास का शॉट साइड नेटिंग पर लगा, जबकि 32वें मिनट में लुईस डियाज़ का बेहतरीन प्रयास पोस्ट से टकरा गया। 35वें मिनट के बाद डियाज़ की सटीक पास पर मुन्योस ने शानदार फिनिश कर टीम को बढ़त दिलाई। उज़्बेकिस्तान ने वापसी की कोशिश की और डोस्टोनबेक खामदामोव के प्रयास के बाद मिले मौके पर फयजुल्लायेव ने हेडर से गोल दागा। लेकिन कोलंबिया ने तुरंत जवाब दिया और डियाज़ के शॉट पर गोलकीपर उटकीर युसुपोव से टकराकर गेंद लाइन पार कर गई। इंजरी टाइम में कूचो हर्नान्डेज़ ने शानदार पास देकर कैंपाज़ को मौका दिया, जिन्होंने हेडर से गोल कर मैच समाप्त कर दिया। कोलंबिया के कोच और खिलाड़ियों ने इस जीत को टीम की मजबूत एकजुटता और आक्रामक खेल का नतीजा बताया।

**रोचक तथ्य...** कोलंबिया ने अपने पिछले 6 वर्ल्ड कप मैचों में से 4 में पहला मैच गंवाया था, लेकिन इस बार उन्होंने जीत के साथ अभियान की शुरुआत की।

**विवाद** श्रीलंकाई खिलाड़ी विशन हलमबागे को धक्का देने का मामला, रेफरी ने जुर्माने की सिफारिश की

# वैभव मामले में बीसीसीआई ने झाड़ा पल्ला, मैच रेफरी पर छोड़ा फैसला

**नई दिल्ली**

भारत ए के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी द्वारा श्रीलंका ए के खिलाड़ी विशन हलमबागे को धक्का देने के मामले में बीसीसीआई ने किसी भी तरह के हस्तक्षेप से इनकार किया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि इस घटना पर कार्रवाई का अधिकार मैच रेफरी के पास है और बोर्ड इसमें दखल नहीं देगा। सैकिया ने कहा कि ऐसी घटनाएं खेल में होती रहती हैं और इसके लिए पहले से तय प्रणाली मौजूद है।

उन्होंने कहा कि मैदान पर हुई किसी भी घटना पर निर्णय लेना मैच रेफरी और अंपायरों की जिम्मेदारी है, इसलिए बीसीसीआई का इसमें कोई रोल नहीं है। यह घटना 15 जून को दांबुला में भारत ए और श्रीलंका ए के बीच ट्राई सीरीज मुकाबले के दौरान हुई थी। मैच सुपर ओवर में गया था, जिसके बाद खिलाड़ियों के बीच बहस हो गई। इसी दौरान वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंकाई खिलाड़ी विशन हलमबागे को धक्का दे दिया था।



### श्रीलंकाई खिलाड़ी ने कहा था...

#### यह आईपीएल नहीं है, मैच खत्म, अब घर जाओ...

गौरतलब है कि श्रीलंकाई खिलाड़ी विशन हलमबागे ने कथित तौर पर वैभव सूर्यवंशी से कहा था कि यह आईपीएल नहीं है, मैच खत्म, अब घर जाओ। इसी टिप्पणी के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच विवाद बढ़ा और स्थिति धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। बाद में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

### वैभव-हलमबागे दोनों पर मैच फीस का 50-50 प्रतिशत जुर्माना

सूत्रों के मुताबिक, मैच रेफरी प्रदीप जयप्रकाशन ने इस घटना पर वैभव सूर्यवंशी और हलमबागे दोनों पर मैच फीस का 50-50 प्रतिशत जुर्माना लगाने की सिफारिश की है। इसके अलावा श्रीलंकाई विकेटकीपर निरोशन डिकवेला पर स्लेजिंग के लिए 20 प्रतिशत और भारतीय कप्तान तिलक वर्मा पर अंपायर से बहस के लिए 30 प्रतिशत जुर्माने की सिफारिश भी की गई है। हालांकि यह कोई आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं था, इसलिए रेफरी का फैसला सीधे लागू नहीं होता। नियमों के अनुसार, सिफारिशों पर अंतिम निर्णय संबंधित क्रिकेट बोर्डों को लेना होता है। इस स्थिति में अब फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड पर निर्भर है। यदि दोनों बोर्ड रेफरी की सिफारिशों को स्वीकार करते हैं, तो खिलाड़ियों पर जुर्माना लागू हो जाएगा।

### बॉक्सिंग वर्ल्ड कप (स्टेज 2)

# मीनाक्षी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



**गुइयांग**

चीन में चल रहे बॉक्सिंग वर्ल्ड कप (स्टेज 2) के चौथे दिन भारतीय बॉक्सर मीनाक्षी ने जीत हासिल की और अपनी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

महिलाओं की 51 किग्रा कैटेगरी में खेलते हुए, मीनाक्षी ने पोलैंड की नतालिया कुचेव्स्का के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की और प्रतियोगिता में आगे बढ़ीं। चौथे दिन के एक अन्य मुकाबले में, अविनाश जमवाल (65 किग्रा) किर्गिस्तान के मिर्जोखिद इमामनाजारोव से 0-5 से हारकर बाहर हो गए। टूर्नामेंट में अब तक पांच भारतीय बॉक्सर निखिल (55), दीपक (70), मीनाक्षी (51), प्राची (57) और सनेह (65) क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुके हैं। वहीं, ज्योति (48) और जुगनू (85) सेमीफाइनल में पहुंचकर देश के लिए मेडल पक्का कर चुके हैं।

### लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित, नेट साइवर-बंट कप्तान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेले जाने वाले ऐतिहासिक एकमात्र टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह पहला मौका होगा, जब इंग्लैंड महिला टीम लॉर्ड्स में टेस्ट मैच खेलेगी। स्टार ऑलराउंडर नेट साइवर-ब्रंट को टीम का कप्तान बनाया गया है। वह लॉर्ड्स में टेस्ट मैच में इंग्लैंड की पहली महिला कप्तान भी बनेंगी। टीम में अनुभव और युवा खिलाडियों का संतुलन देखने को मिला है। हीदर नाइट, एमी जोन्स और सोफी एक्लेस्टोन जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि एलिस कैप्सी, टिली कॉर्टीन-कोलमैन, मैडी विलियर्स, ग्रेस पॉट्स और ऐली थ्रेलकेल्ड जैसे युवा खिलाडियों को भी मौका दिया गया है। इंग्लैंड ने पिछली ऑस्ट्रेलिया टेस्ट टीम की तुलना में सात बदलाव किए हैं, जिससे नई पीढ़ी को मौका देने की रणनीति साफ नजर आती है। यह मुकाबला महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है, जहां पहली बार महिला टेस्ट खेला जाएगा।

# 2027 में 1 हफ्ता पहले शुरू होगा आईपीएल, प्रस्तावित विंडो 10 मार्च से 15 मई तक

### बीसीसीआई ने गर्मी और प्री-मानसून बारिश की वजह से लिया फैसला, लेकिन मैचों की संख्या नहीं बढ़ेगी...

**नई दिल्ली**

आईपीएल अगले साल करीब एक हफ्ता पहले शुरू हो सकता है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि बढ़ती गर्मी और प्री-मानसून बारिश को देखते हुए टूनार्मेंट की शुरूआत जल्दी करने पर विचार किया जा रहा है। प्रस्तावित विंडो 10 मार्च से 15 मई 2027 के बीच हो सकती है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर के कारण लीग में मैचों की संख्या नहीं बढ़ाई जाएगी। पहले 74 मैचों को बढ़ाकर 94 करने की योजना पर चर्चा थी, लेकिन अब इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आईपीएल आमतौर पर मार्च के अंतिम सप्ताह में शुरू होकर मई के अंत तक चलता है, लेकिन मई के दूसरे पखवाड़े में कई स्थानों पर अत्यधिक गर्मी और बारिश की संभावना रहती है, जिससे खिलाडियों और दर्शकों दोनों को परेशानी होती है। बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल इस बदलाव पर विचार कर रही है। बोर्ड ने गेम्स डेवलपमेंट महाप्रबंधक एबी कुरुविला को उपयुक्त विंडो तलाशने की जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही घरेलू क्रिकेट कैलेंडर में भी बदलाव की संभावना है। आईपीएल को मार्च में शुरू करने के लिए घरेलू सत्र को 10 मार्च तक समाप्त करने की योजना पर काम चल रहा है, ताकि उसके तुरंत बाद लीग शुरू की जा सके। गौरतलब है कि पिछले सीजन आईपीएल में बारिश ने कई मैचों को प्रभावित किया था। एक मुकाबला पूरी तरह रद्द करना पड़ा, जबकि दो मैचों के ओवर घटाने पड़े। इसके अलावा 4-5 अन्य मैचों में भी बारिश के कारण खेल बाधित हुआ था। 6 अप्रैल को कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला बारिश और गीले मैदान के कारण रद्द करना पड़ा था। 7 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस का मैच देरी से शुरू होकर 11-11 ओवर का किया गया था। वहीं 7 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला भी प्रभावित हुआ।












जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।